# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, गुरुवार 2 मई 2024


## जीएसटी कलेक्शन ने सारे रिकॉर्ड तोड़े अप्रैल में 2.10 लाख करोड़ रुपए पहुंचा

**नई दिल्ली।** देश में गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) कलेक्शन के आंकड़े ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं और यह अब तक के सर्वाधिक उच्च स्तर पर आ गया है। अप्रैल 2024 में जीएसटी कलेक्शन 2.10 लाख करोड़ रुपए पर आया है। जीएसटी कलेक्शन ने इस बार छप्परफाड़ राजस्व हासिल किया है और सरकार का खजाना भर दिया है।




पहली बार किसी महीने में जीएसटी राजस्व 2 लाख करोड़ रुपए के पार चला गया है। अप्रैल 2024 में जीएसटी संग्रह 2.10 लाख करोड़ रुपए रहा है जो ऐतिहासिक कलेक्शन है।






हाल में भाजपा नेता बने अक्षय कांति बम से 'हरिभूमि और आईएनएच' न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का 'चुनावी संवाद'

# 'बम' का कोई अपहरण नहीं हुआ, इंदौर रामराज्य व सनातन को आगे ले जाने को तैयार है, इसलिए मैंने यह कदम उठाया

## टीवी पर 'सबसे पहले' बम का धमाकेदार इंटरव्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र की आर्थिक राजधानी के रूप से पहचान रखने वाले शहर इंदौर से कांग्रेस पार्टी ने ऐसे प्रत्याशी को लोकसभा चुनाव में उतारा था, जो भाजपा के खिलाफ किसी बम से कम नहीं था। नाम वापसी के आखिरी दिन इंदौर में एक ऐसा विस्फोट हुआ और यह विस्फोट कांग्रेस के बतौर लोकसभा प्रत्याशी अक्षय कांति बम ने अपना फॉर्म वापस लेने के रूप में हुआ। इसके बाद वे भाजपा का हिस्सा भी बन गए। यह कांग्रेस पार्टी के लिए लोकसभा प्रत्याशी के रूप में दूसरा नुकसान हुआ है। इसमें पहला नाम इंडिया गठबंधन की सहयोगी पार्टी समाजवादी को दी गई खजुराहो सीट से मीरा यादव का था। उन्होंने फॉर्म ही त्रुटिपूर्ण भरा, जिससे वह निरस्त हो गया था। इसी कड़ी में दूसरा नाम इंदौर लोकसभा का जुड़ गया है। अक्षय बम मानते हैं कि 'बम' का कोई सीता हरण जैसा अपहरण नहीं हुआ, यह आरोप जीतू पटवारी का गलत है। वे 'हरिभूमि' और 'आईएनएच' न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से 'चुनावी संवाद' कार्यक्रम में अपनी बात रख रहे थे।

inh न्यूज विशेष



**ये भी बोले ?**

1 मैं गर्व के साथ कह सकता हूं कि आज अगर इंदौर शहर का विकास किसी ने किया तो उनका नाम कैलाश विजयवर्गीय है। उनसे मैं प्रभावित हुआ। उन्होंने मुझे यहां तक पहुंचाने में सहयोग किया है।

2 मैं कांग्रेस पार्टी में रहते हुए 6 घंटे काम करता था और आज मैं भाजपा में 18 घंटे तक काम कर रहा हूं, यह भाजपा और कांग्रेस में अंतर है।

### उनसे सीधी बात

**सवालः** कांग्रेस पार्टी ने सोचा था कि आप भाजपा के खिलाफ बम फोड़ेंगे, लेकिन वह बम कांग्रेस पर ही फूट गया, ऐसा क्या हुआ?

**जवाबः** मेरे पुराने कामकाज को देखते हुए पार्टी ने एक महीने पहले टिकट फाइनल कर दिया था। मैंने फॉर्म भी भरा था। मेरा ऐसा मानना है कि लोकसभा का चुनाव नेता के साथ-साथ पार्टी और संगठन चुनाव लड़ता है। इसमें बड़ी भूमिका कार्यकर्ता और पार्टी से जुड़ी संस्थाओं की होती है। सब जानते हैं कि इस समय अलग विषम परिस्थितियां हैं। फॉर्म भरने के बाद से लगातार मैं लोकसभा के 2600 बूथों में से अधिकांश बूथों पर गया, तो मैंने एक बात देखी कि लोग क्या चाहते हैं? आज लोग देश में रामराज्य चाहते हैं। सनातन को आगे ले जाना चाहते हैं। लोग अपनी आर्थिक तरक्की के साथ-साथ देश विश्वगुरू बने, यह देखना चाहते हैं। इसके लिए पीएम नरेंद्र मोदी काम कर रहे हैं। इंदौर भी उनके साथ जाने को तैयार है। इसलिए, मैंने यह कदम उठाया है।

**सवालः** आप किसको देखकर भाजपा में आए। जीतू पटवारी से नाराज होकर या कैलाश विजयवर्गीय के चमत्कार से आए?

**जवाबः** आज संपूर्ण देश में राम भगवान के मंदिर बनने की खुशी है। इससे लोगों को लगने लगा कि देश में जल्द रामराज्य आएगा और इसके लिए संकल्पित भाव से पीएम मोदी काम कर रहे हैं, तो स्वाभाविक है कि उनसे प्रभावित हुआ। पीएम मोदी लोगों को धर्म से जोड़ रहे हैं। मैं कॉलेज चलाता हूं तो मैंने देखा कि पहले बच्चों में भगवान के प्रति नकारात्मक भाव रहता था। उनमें कर्मवीर बनने की सोच होती थी, लेकिन आज वह कर्मवीर बनने के बजाए उनमें भगवान के प्रति झुकाव देखा जा रहा है। मैं गर्व के साथ कह सकता हूं कि आज अगर इंदौर शहर का विकास किसी ने किया तो उनका नाम कैलाश विजयवर्गीय है। उनसे मैं प्रभावित हुआ। उन्होंने मुझे यहां तक पहुंचाने में सहयोग किया है।

**सवालः** जीतू पटवारी से आपके अच्छे संबंध थे, लेकिन अब लोग उनसे पूछ रहे हैं कि आप पर अपना घर नहीं संभल रहा। अब आप पटवारी और बम का भविष्य क्या देख रहे हैं?

**जवाबः** जरूर, उनको मेरे इस कदम से कहीं न कही तकलीफ तो हुई होगी, लेकिन मैं हारता तो उन्हें ज्यादा तकलीफ होती। संबंध तो मेरे जीतू पटवारी से अच्छे थे और हमेशा रहेंगे। किसी से मेरी व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं है। मैं इंदौर के लोगों की आवाज बनना चाहता हूं, इसलिए भी यह कदम उठाया। राजनैतिक भविष्य का मतलब यह कभी नहीं होता कि चुनाव लड़ना, जीतना या फिर कोई पद पाना। महत्वपूर्ण यह होता है कि दुखी, शोषितों की आवाज उठाना। ⏩ शेष पेज 4 पर






inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


नप सकता है थाना : आठ साल की मासूम से हॉस्टल में दुष्कर्म, सब इंस्पेक्टर की भूमिका संदिग्ध, मिसरोद पुलिस पर आरोपियों को बचाने का आरोप

# एफआईआर दर्ज होने के 36 घंटे बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं मुख्यमंत्री के निर्देश पर एसआईटी बनी, पांच दिन में जांच रिपोर्ट मांगी

मां बोली- बच्ची को नहीं मिल रहा न्याय, बच्ची से आरोपी की कराएं पहचान तो हो जाएगा मामले का खुलासा

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित ज्ञान गंगा आर्किड द इंटरनेशनल स्कूल के हॉस्टल में यह वारदात



गुनहगारों पर शिकंजा कब?

### सब इंस्पेक्ट की भूमिका संदिग्ध होने पर उसे लाइन अटैच किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित ज्ञान गंगा आर्किड द इंटरनेशनल स्कूल के हॉस्टल में आठ साल की मासूम बच्ची से दुष्कर्म करने वाले आरोपी समेत तीन पर मिसरोद पुलिस ने मंगलवार रात एफआईआर कर ली। हालांकि, किसी भी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। पुलिस की दलील है कि मंगलवार रात तक सभी ⏩ शेष पेज 4 पर



सब इंस्पेक्टर प्रकाश राजपूत

मप्र बाल आयोग ने मांगी पांच दिन के अंदर रिपोर्ट

कोर्ट में बच्ची के 164 के बयान बयान अभी बंद लिफाफे में



करणी सेना ने स्कूल के सामने प्रदर्शन किया।



### बाल आयोग की टीम ने हॉस्टल के कर्मचारियों से पूछताछ की

इस गंभीर मामले में मप्र बाल संरक्षण आयोग ने संज्ञान ले लिया है। बाल आयोग ने कहा कि बच्ची पहचान छिपाकर कार्रवाई की जाए और पांच दिन के अंदर रिपोर्ट पेश की जाए। बाल आयोग की टीम बुधवार को हॉस्टल पहुंची थी। वहां कर्मचारियों से पूछताछ भी की गई।

**करणी सेना ने कहा**

#### हॉस्टल पर बुलडोजर चलाएं

करणी सेना ने स्कूल के सामने प्रदर्शन कर आरोपियों को फांसी देने की मांग की। इतना ही नहीं करणी सेना ने प्रशासन से स्कूल के हॉस्टल को बंद कर बुलडोजर चलाने की ⏩ शेष पेज 4 पर

#### दोषी पुलिसकर्मियों को नहीं छोड़ेंगे

मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन कर दिया गया है। सब इंस्पेक्टर प्रकाश राजपूत की भूमिका की जांच की जा रही है। इसके अलावा जो भी पुलिसकर्मी और अधिकारी की लापरवाही सामने आएगी उन पर कार्रवाई की जाएगी।

हरिनारायण चारी मिश्र, कमिश्नर ऑफ पुलिस

#### प्राइवेट पार्ट से छेड़छाड़ की पुष्टि

सोमवार को मां इंदौर से भोपाल पहुंची और बेटी को लेकर जिला जय प्रकाश अस्पताल गई थी। यहां बच्ची का चेकअप हुआ तो पता चला कि उसके प्राइवेट पार्ट से छेड़छाड़ हुई है। इसके बाद मां शिकायत लेकर थाने पहुंची थी। थाने में पुलिस ने दो घंटे बाद एफआईआर की और आरोपियों के नाम बताने के बाद भी आरोपियों के खिलाफ नामजद एफआईआर नहीं हुई। बल्कि अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बलात्कार और पाक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में एफआईआर की गई। बुधवार को कोर्ट में बच्ची के 164 के बयान हो गए है। बयान अभी बंद लिफाफे हैं।

#### मां बोली-आरोपियों को दिया जा रहा संरक्षण

बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना पर मां ने मिसरोद पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मां का कहना है कि बच्ची को न्याय नहीं मिला है। उनकी बच्ची के साथ हैवानियत हुई है और पुलिस आरोपियों को अब तक गिरफ्तार कर नहीं कर सकी है। उन्होंने पुलिस को आरोपियों की नामजद एफआईआर की थी। बावजूद इसके पुलिस ने किसी के नाम नहीं लिखे। पुलिस का कहना है कि महिला वार्डन समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। मोदी परिवार के लोगों के द्वारा स्कूल और हॉस्टल का संचालन किया जा रहा है। उनके नाम सामने नहीं आए हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि आठ साल की बच्ची मूलतः इंदौर की रहने वाली है। उसके पिता व्यवसायी हैं और मां गृहिणी हैं। मां ने मिसरोद थाने में शिकायत करते हुए बताया था कि रविवार को उन्होंने बेटी को कॉल किया था। इस दौरान वार्डन के मोबाइल पर बातचीत हुई तो बेटी ने बताया कि उसके प्राइवेट पार्ट में दर्द है। उसके साथ नींद में एक अंकल ने गंदी हरकत की है। जबकि दूसरे अंकल कुछ दूरी पर खड़े थे।

## खबर संक्षेप

### आज सागर लोकसभा के दौरे पर जेपी नड्डा

**सागर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 2 मई को मप्र के दौरे पर आएंगे। वे सागर संसदीय



लोकसभा सीट के अंतर्गत सिरोंज में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए योजना तैयार कर ली गई है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का सागर संसदीय सीट पर दौरा हो रहा है। दरअसल सागर संसदीय सीट में विदिशा जिले की तीन सीटें सिरोंज, शमशाबाद और कुरवाई शामिल हैं।

### प्रियंका आज मुरैना में सभा को संबोधित करेंगी

**मुरैना।** कांग्रेस की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी 2 मई को मुरैना में चुनावी सभा व रोड के लिए आ रही हैं। ग्वालियर में भी प्रियंका का



रोड शो कराने की तैयारी में है। प्रत्याशी व कार्यकारिणी के सदस्य प्रचार में जुटे हैं। कांग्रेस दोनों संभाग में खुद को मजबूत मानकर चल रही है, इसलिए अपने स्टार प्रचारकों को बुला रही है। इसके पहले यहां प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी करैरा क्षेत्र में सभा को संबोधित कर चुके हैं।

आचार्य गिरफ्तार और सेवादार फरार

## दंडी आश्रम में 19 बच्चों का यौन शोषण आचार्य और सेवादार पर एफआईआर



हरिभूमि न्यूज ⏭ उज्जैन

उज्जैन के दंडी आश्रम में पढ़ने वाले 19 बच्चों के साथ यौन शोषण किया गया। आश्रम के आचार्य और सेवादार पर बच्चों के साथ कुकर्म का आरोप लगा है। आश्रम में पढ़ने वाले 19 बच्चों की शिकायत पर महाकाल थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। आश्रम के संचालक ने पुलिस बुलाकर आरोपी ⏩ शेष पेज 4 पर

### बच्चों ने माता-पिता को बताया तो खुला राज

*आश्रम संचालक ने बताया कि कुछ समय पहले अभिभावकों ने आरोपी सेवादार अजय ठाकुर की शिकायत की थी। उसे बाहर निकाल दिया था। फिर एक के बाद एक बच्चों की शिकायत आने लगी। हमने सभी अभिभावकों के साथ मंगलवार को बैठक की। बैठक में 20 से अधिक बच्चों के अभिभावक आए थे। सभी ने आरोपी सेवादार अजय की शिकायत अपने माता-पिता से की थी। उनका गुस्सा भी आरोपी अजय ठाकुर पर ही था। बैठक में एक-एक कर बच्चों को बुलाकर आरोपी अजय के बारे में जानकारी ली, लेकिन इसी दौरान एक बच्चे ने रोते हुए आरोपी आचार्य राहुल शर्मा का नाम भी लिया। इसके बाद पुलिस से शिकायत की गई।*

राष्ट्रपति शाम करीब 4:00 बजे अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पहुंचीं

## राष्ट्रपति मुर्मू ने किए श्री रामलला के दर्शन सरयू का दुग्ध अभिषेक कर पूजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अयोध्या

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार को अयोध्या पहुंचीं और उन्होंने श्री रामलला के दर्शन किए। इससे पहले उन्होंने सरयू का दुग्ध अभिषेक कर उनका पूजन किया और 2100 बत्ती की आरती की। राष्ट्रपति शाम करीब 4:00 बजे महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर उतरीं। इसके बाद में सीधे हनुमानगढ़ी दर्शन करने पहुंचीं, यहां



रामलला का दर्शन पूजन करने के बाद वे कुबेर टीला पहुंचीं, जहां उन्होंने कुबेरेश्वर महादेव के दर्शन किए

गद्दीनशीन महंत प्रेमदास व पुजारी हेमंत दास के सहयोग से उन्होंने हनुमान जी महाराज का दर्शन पूजन कर आरती की और मंदिर की परिक्रमा कीं। हनुमानगढ़ी दर्शन पूजन के बाद राष्ट्रपति ने सरयू तट ⏩ शेष पेज 4 पर



अयोध्या में राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए बोले अनुराग ठाकुर

## आना तो हमेशा राम की शरण में ही है

अयोध्या पहुंचे केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने श्री रामलला के दर्शन किए और इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, राहुल और विपक्ष जितनी मर्जी उतनी चादर चढ़ा लें, लेकिन आना उन्हें राम की शरण में ही है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 500 साल के लंबे इंतजार के बाद अयोध्या में भव्य व ऐतिहासिक राम मंदिर का निर्माण हुआ है, लेकिन कुछ लोग अपनी ओछी राजनीति से बाज नहीं आ रहे हैं। इन लोगों को कभी अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण से तकलीफ ⏩ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### इंद्रपूरी ए सेक्टर में सड़क पर बह रहा सीवेज

**भोपाल।** इंद्रपुरी ए सेक्टर व आसपास के क्षेत्र में वर्ष 1976.77 में सीवेज लाइन बिछाई गई थी, वो अब कई जगह से लीकेज होने लगी है। पिछले कई दिनों से पूरे क्षेत्र में गंदगी सड़क पर बह रही है। इसको लेकर रहवासियों ने सड़क पर आकर प्रदर्शन किया। वहीं नगर निगम के जोन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में कहा गया है कि सीवेज लाइन की इस समय सबसे बदतर हालत है। पूरी इन्द्रपूरी ए सेक्टर में इस समय सभी सीवेज चेंम्वर ओवरफ्लो होने के कारण सड़क पर निरंतर बह रहे हैं। इस कारण रहवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मच्छबर, बदबू के कारण होने वाली बीमारियों का खतरा व चलने फिरने मे भी दिककत हो रही है।

### नॉन इंटरलांकिग कार्य के कारण कई ट्रेनें निरस्त



**भोपाल।** पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर मंडल के कटनी-बीना रेलखंड के असलाना स्टेशन पर तीसरी रेल लाइन पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किए जाने के कारण कुछ यात्री गाडियों को निरस्त किया गया है।
निरस्त होने वाली ट्रेनें: 01885 बीना-दमोह पैसेजर 10 से 20 मई तक एवं 01886 दमोह-बीना पैसेजर 11 से 21 मई तक निरस्त रहेगी। 06603 बीना-कटनी मुडवारा मेमू 10 से 20 मई तक एवं 06604 कटनी मुडवारा-बीना मेमू 10 से 20 मई तक निरस्त रहेगी। 11272 भोपाल-इटारसी विंध्याचल एक्सप्रेस 10 से 20 मई तक एवं 11271 इटारसी-भोपाल विंध्याचल एक्सप्रेस 10 से 20 मई तक निरस्त रहेगी। 22161 भोपाल-दमोह राज्यरानी एक्सप्रेस 10 से 20 मई तक एवं 22162 दमोह-भोपाल राज्यरानी एक्सप्रेस 11 से 21 मई तक निरस्त रहेगी। 18236 बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस 09 से 19 मई तक एवं 18235 भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस 11 से 21 मई तक निरस्त रहेगी।

### महेंद्रजीत अध्यक्ष तो चौरे बने सचिव

**भोपाल।** रेलवे इंस्टीटूट भोपाल में ऑल इंडिया रिटायर्ड रेलवे मेंस फेडरेशन की साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई, जिसमें फेडरेशन के जनरल सेक्रेटरी अतर सिंह की देख रेख में निर्वाचन प्रक्रिया हुई। निर्वाचन में महेंद्रजीत सिंह अध्यक्ष, टीआर चौरे सचिव, आनंद स्वरूप कोषाध्यक्ष और आरए भारती कार्यकारी अध्यक्ष, मुकेश अवस्थी प्रवक्ता सहित चार उपाध्यक्ष एवं चार सह सचिव चुने गए। इस अवसर पर गोविंद दमाडे, एनपी चारवे सहित सेवा निवृत्त रेलकर्मी उपस्थित थे।

### बीयू: गृह विज्ञान विषय की आरडीसी 14 मई को

**भोपाल।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने 2 मई 2024 को आयोजित होने वाली गृह विज्ञान विषय की आरडीसी (रिसर्च डिग्री कमेटी) की बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी है। विवि के कुलसचिव द्वारा जारी आदेश के अनुसार गृह विज्ञान विषय की बाह्य परीक्षक के पत्र के माध्यम से गृह विज्ञान विषय की आरडीसी की आगामी बैठक अब 14 मई 2024 को आयोजित की जाएगी। शेष सभी जानकारी यथावत रखी गई हैं।

## सिकल सेल पर काउंसलिंग, सेशन के जरिए बताए बचाव

# एम्स ने लगाया बालिका विद्यालय में शिविर, 458 लड़कियों के जांच में 2 बीमार और 62 में मिले सिकल सेल के जीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी एम्स की टीम सीहोर के बालिका स्कूल में एक खास शिविर का आयोजन किया, जिसमें सिकल सेल बीमारी पर काउंसलिंग सेशन आयोजित किया। साथ ही 458 लड़कियों की सिकल सेल बीमारी के लिए जांच की गई।

इसमें 2 लड़कियां बीमारी और 62 में इस बीमारी के जीन पाए गए। विशेषज्ञों के अनुसार यदि माता-पिता दोनों में सिकल सेल के जीन मौजूद होते हैं तो उनके बच्चों में यह बीमारी होने की संभावना अधिक होती है। ऐसे में काउंसलिंग के जरिए उन्हें इससे निपटने के उपाए बताए गए। एम्स के निदेशक डॉ. अजय सिंह के अनुसार एम्स लगातार ऐसे आयोजन करता रहेगा, जिससे दूर दराज के इलाकों और ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने व लोगों को जागरूक कर बीमारी के रोकथाम में मदद हो।

**सिकल सेल से यह समस्याएं**

- खून की कमी
- फेफड़ों, दिल, आंखों, हड्डियों और मस्तिष्क पर प्रभाव
- शरीर का पूरा विकास न होना
- छाती में इनफेक्शन
- जोड़ों में दर्द
- बुखार होना

**उपाय**

- हर दिन फॉलिक एसिड की गोली (5 मिली ग्राम) लेनी चाहिए
- मादक पदार्थों के सेवन से बचें
- संतुलित आहार लें
- उल्टी दस्त लगने पर डॉक्टर से संपर्क करें



**क्या है बीमारी?**

एम्स के डॉक्टरों के अनुसार हर व्यक्ति के खून में आरबीसी (लाल रक्त कोशिकाएं) मौजूद हैं। जो लोग लचीले और नर्म होते हैं। सिकल सेल बीमारी मे इनका आकार अंग्रेजी के सी अक्षर जैसा हो जाता है, जिससे यह धमनियों में खून के फ्लो बाधित होता है। इससे लाल रक्त कोशिकाएं कम होने लगती हैं। समस्या बढ़ने पर शरीर के अंग को पर्याप्त मात्रा में ऑक्सिजन नहीं मिलती है, जिससे उनकी कार्यक्षमता प्रभावित हो जाती है।

### मिलिट्री अस्पताल में हुई 557 महिलाओं की कैंसर जांच

भोपाल। सेना में सेवा दे रहे जवानों के परिजनों के लिए मिलिट्री अस्पताल में विशेष शिविर लगाया गया, जिसमें भोपाल मिलिट्री स्टेशन की 557 महिलाओं की कैंसर संबंधी जांचें की गई। इनमें 120 महिलाओं की मैमोग्राफी, 115 की पैप स्मियर, 97 की यूएसजी, पांच की कैलपोस्कॉपी और दो की सर्वाइकल बायोप्सी जांच शामिल है। यह जांच डॉ. श्वेता सिंह वास्कले, डॉ. शायली कुलकर्णी, डॉ. ज्योति प्रशिथ, डॉ. रिचा नारखेड़े, डॉ. अंजलि गुर्जर समेत सैन्य अस्पताल के स्टाफ मेंबर और डॉक्टर द्वारा की गई।

### एक स्वस्थ महिला परिवार की बेहतर देखभाल करने में समक्ष



एक महिला ही परिवार की धुरी होती है और वह यदि स्वस्थ होगी तो अपने परिवार की बेहतर तरीके से देखभाल करने में सक्षम होगी। यह बात बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने बीएमएचआरसी में स्वस्थ महिला एक समग्र द्रष्टिकोण विषय पर आयोजित परिचर्चा को संबोधित करते हुए कही। डॉ. मनीषा ने कहा कि आपके पोश्चर की एक बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है और प्रत्येक व्यक्ति को उसकी हाइट, वेट और हेल्थ के हिसाब से इस पर ध्यान देना चाहिए। देखने में ये चीजे बहुत छोटी है, लेकिन यदि इस पर ध्यान नहीं दिया तो खराब पोश्चर का जीवन में लंबे समय तक दुष्प्रभाव रहता है। यदि डॉक्टर ने जमीन पर बैठने या झुककर काम करने के लिए मना किया है तो उनकी सलाह माननी चाहिए, कहावत है कि हमारा स्वास्थ्य ही हमारा सबसे बड़ा धन है। अपनी दिनचर्या में फिटनेस मंत्र को अपनाते हुए स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें। यही आपकी चुस्ती-फुर्ती का आधार होगा, जो आपको फिट बनाए रखने में सहायक होगा। कार्यक्रम में डॉ. नेहल शाह ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी। फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. मनीष द्विवेदी और डॉ. सीमा रानी ने भी प्रेजेंटेशन में कार्य के दौरान की जाने वाली एक्सरसाइज की जानकारी देते हुए बताया कि यदि इन एक्सरसाइज को नियमित तौर पर किया जाए तो ये तनाव कम करने में सहायक है।

## किसी में कैमरे खराब तो किसी में महिलाओं की सुरक्षा के लिए लगाए गए बटन गायब

# राजधानी में चल रहीं 77 सीएनजी बसों को छोड़कर अन्य कोई भी अपडेट नहीं

आनंद सक्सेना ▶▶ भोपाल

हरिभूमि पड़ताल

राजधानी में चल रहीं बीसीएलएल की साढ़े तीन सौ बसों में से करीब 100 बसें वर्कशॉप में खड़ी हुई हैं, जबकि ढाई सौ बसों में से 77 सीएनजी बसों को छोड़कर अधिकतर बसों के कैमरे टूटे हुए हैं। किसी में पैनिक बटन गायब है तो किसी में निकला हुआ है। इस संबंध में कई बसों की जांच की गई तो वो कंट्रोल रूम से ऑनलाइन भी नहीं जुड़ी थीं, जिससे घटना दुर्घटना के अलावा चोरी आदि की जानकारी मिल सके।

इस संबंध में बीसीएलएल का कहना है कि पुराना टेंडर खत्म होने के कारण यह समस्या आई है। नया वेंडर जल्दी ही अपना कार्य शुरू कर देगा और बसों की जानकारी भी ऑनलाइन मिलने लगेगी। सीएनजी बसें 404, 406, 409, 4013 व टीआर 4 रूट पर संचालित हो रही हैं। इन बसों की ऑनलाइन चैकिंग के साथ ही कितनी गैस खर्च हो रही है और कितनी वसूली हो रही है के बारे में पूरी जानकारी हर पल मिल रही है। इन बसों में हो रही चोरी और यात्रियों के छूटे सामान की भी जानकारी आसानी से मिल रही है, जबकि जिन बसों के कैमरे खराब हैं, वो कंट्रोल रूम से ऑनलाइन नहीं जुड़ पा रही हैं। इन बसों के कंडेक्टर व ड्राइवर से इस बारे में जानकारी ली गई तो उनका कहना था कि सीएनजी बसों के ऑपरेटर स्वयं ही बसों का मेंटेनेंस देखते हैं। बाकी बसों के ऑपरेटर के पास यह अधिकार नहीं दिए गए। इनका मेंटेनेंस नगर निगम ही करता है। वहीं नगर निगम अधिकारियों के अनुसार ऑपरेटर ही मेंटेनेंस देखते हैं, उनसे काफी समय से बोला जा रहा है कि बसों को अपडेट रखें। चुनावों के बाद सभी बसों की जांच कर उनके बारे में जानकारी ली जाएगी।

» *ऑनलाइन टिकट लेने पर 10 प्रतिशत की छूट, इसके बाद भी कंडक्टर 20 की जगह 15 रुपए लेता है और 10 रुपए का टिकट दे रहा*

» *सीएनजी बसों में व्यवस्था देखने के लिए कंट्रोल रूम में स्क्रीन पर बैठे रहते हैं दो ऑपरेटर*



**जल्द सुधर जाएगी व्यवस्था**

पुराना टेंडर खत्म होने के बाद अब नए टेंडर जारी हो गए हैं। जल्दी ही सभी बसों का मेंटेनेंस व ऑनलाइन व्यवस्था एक ही प्लेटफार्म पर आ जाएंगी। इसके टेंडर जारी हो गए हैं। उक्त कार्य के लिए वेंडर को कार्यादेश जारी कर दिया गया है। जल्द ही एक ही एप पर बसों की लोकेशन आमजन को मिलेगी।

**संजय सोनी**, प्रवक्ता पीआरओ बीसीएलएल

**कई बसों की सीटें खराब**

कोलार से 303 रूट पर चल रही बसे में सफर करने वाले एसके पांडेय ने बताया कि वो रोजाना बिट्टन मार्केट जाते हैं, लेकिन पीछे की सीटें खराब होने से काफी परेशानी हो रही है। वहीं टीएस राघव के अनुसार कई सीट हिलती हैं, जिन पर बैठने में ही दिक्कत होती है।

**सवारियों के अनुसार**

अशोका गार्डन से एसआर 8 में सफर करने वाली सावित्री से पूछा कि कंडेक्टर ने टिकट दिया तो उसने बताया कि 20 रुपए की जगह उसने 15 रुपए लिए और टिकट 10 रुपए का देकर बोला कि आपको 5 रुपए का फायदा करा देते हैं। इसी प्रकार एसआर वन में सफर कर रहे महेंद्र काशिव ने कहा कि कंडेक्टर ने पैसे लेकर कहा कि टिकिट देते हैं, लेकिन अभी तक दिया नहीं है।

## आयुक्त एवं संचालक सेवानिवृत्ति समारोह में हुए शामिल

# जनसंपर्क विभाग के अधिकारी अतुल खरे को दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जनसम्पर्क विभाग के अतुल खरे को सेवानिवृत्ति पर जनसम्पर्क संचालनालय में भावभीनी विदाई दी गई। समारोह में आयुक्त जनसम्पर्क संदीप यादव और संचालक रौशन सिंह शामिल हुए।

खरे ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली है। उनके आवेदन पर राज्य सरकार ने निर्णय लेकर उनकी स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के आवेदन को मंजूरी प्रदान की है। विदाई समारोह में आयुक्त जनसम्पर्क यादव ने कहा कि सरकारी गतिविधियों के कारण शासकीय व्यक्ति अपनी व्यस्तता के चलते सामाजिक एवं रुचि की गतिविधियों में इच्छा होते हुए भी अनेकों बार शामिल नहीं हो पाता है। उन्होंने कहा कि खरे सेवानिवृत्ति के बाद सामाजिक गतिविधियों में शामिल होकर अपना योगदान देंगे। उन्होंने खरे और उनके परिवार के उज्जवल भविष्य की कामना की। विदाई समारोह में संचालक सिंह ने कहा कि खरे ने विभाग की अनेक शाखाओं में पदस्थापना के दौरान अपनी कार्य-कुशलता और संवेदनशीलता का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवक के जीवन में सेवानिवृत्ति का दिन भी महत्वपूर्ण होता है। व्यक्ति को इसे भी आनंद के रूप में लेना चाहिए। उन्होंने खरे के उज्जवल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री प्रेस प्रकोष्ठ में पदस्थ संयुक्त संचालक अशोक मनवानी और सहायक संचालक राजेश पाण्डेय ने अतुल खरे के साथ किए गए कार्य अनुभव को साझा किया। आभार प्रदर्शन अपर संचालक जीएस वाधवा ने किया।

# कर्मचारी मंच ने मनाया अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र कर्मचारी मंच के नेतृत्व में 138वे अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर स्थाई कर्मियों एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की।

मंच के प्रातांध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि 1 मई 1886 को अमेरिका के शिकागो शहर में आठ घंटे कार्य दिवस की मांग को लेकर हजारों मजदूरों ने लड़ते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया था। उसके परिणाम स्वरूप ही मजदूरों ने आठ घंटे कार्य दिवस की मांग हासिल करने में सफलता प्राप्त की थी। उसके बाद हुए अंतरराष्ट्रीय श्रम सम्मेलन में लिए गए निर्णय के अनुसार 1 मई को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया था। पांडे ने कहा कि मजदूर एकता जिंदाबाद, कर्मचारी एकता जिंदाबाद अधिकारों के लिए एक हो की आवाज बुलंद करके आज अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया गया। स्थाई कर्मियों एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी श्रमिकों ने मजदूर दिवस के अवसर पर एक दूसरे को बधाई देकर संघर्ष के लिए तैयार रहने की अपील की।



**मजदूर दिवस पर निकाली रैली**

**भोपाल।** मई दिवस समारोह समिति के आह्वान पर राजधानी के विभिन्न श्रमिक संगठनों -एटक, सीटू, एआईयूटीयूसी, बैंक, बीमा, केंद्र, राज्य, बीएसएनएल, मेडिकल रिप्रजेंटेटिव, पेंशनर्स एसोसिएशंस, हम्माल मजदूर सभा, आंगनबाड़ी, लेखक, संस्कृति कर्मी, रंगकर्मी, किसान, महिला, छात्र, नौजवान आदि से संबंधित सैकड़ों मजदूर, कामगार, कर्मचारी, अधिकारी बुधवार शाम 6 बजे नीलम पार्क जहांगीराबाद में एकत्रित हुए। उन्होंने शहीद वेदी पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि प्रदान की। मजदूरों ने दिवस एवं अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया। नीलम पार्क से रैली निकालकर सभा का आयोजन किया गया। सभा को विभिन्न श्रमिक संगठनों के पदाधिकारियों वीके शर्मा, एसएस मौर्या, प्रमोद प्रधान, ,यशवंत पुरोहित, पुषण भट्टाचार्य,जे पी दुबे, भगवान स्वरूप कुशवाह आदि उपस्थित थे।

## निगम आयुक्त ने सफाई के दिए निर्देश

# निगम बोट क्लब मार्ग पर श्यामला हिल्स से बहने वाले झरने के आसपास सौंदर्यीकरण करेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने शहर के विभिन्न स्थानों व नाला-नालियों की साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान बोट क्लब से वर्धमान पार्क तक पाथवे की बेहतर साफ-सफाई, पुराने पम्प हाउस का पुर्नउद्धार कर आकर्षक स्वरूप प्रदान करने तथा कचरा उदगम स्थल से ही पृथक्कीकरण की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही निगम आयुक्त हरेंद्र नारायण ने बुधवार को बोट क्लब मार्ग पर श्यामला हिल्स से बहने वाले झरने के पास के स्थल की बेहतर साफ-सफाई कराने के साथ सौंदर्यीकरण करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने पातरा नाला, यादगार-ए-शाहजहांनी पार्क आदि क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इसके साथ ही वीसी के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियां से चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

उन्होंने पातरा नाले का निरीक्षण करते हुए पातरा झरने के पास व सड़क के किनारे की बेहतर साफ-सफाई करने, नाले की सफाई के दौरान निकले कचरे, मलमे को तत्काल उठवाने के निर्देश दिए।

# हज यात्री 4 मई तक जमा करें आखिरी किस्त

**भोपाल।** प्रदेश सहित देशभर के हजारों ऐसे हज यात्रियों को इस रियायत से राहत मिल गई है, जो किसी वजह से अपनी आखिरी किस्त जमा नहीं कर पाए थे। हज कमेटी ने अब अंतिम रूप से अनिवार्यता लागू करते हुए 4 मई तक यह राशि जमा करने के लिए कहा है। इसके पहले 27 मई तक राशि जमा करने को कहा गया था।

हज कमेटी ऑफ इंडिया ने हज 2024 के चयनित आवेदकों को राहत दी है। इस बार प्रदेश के करीब 7 हजार हज यात्री शामिल होंगे। इस सफर के लिए तय राशि की दो किस्तें अब तक जमा की गई है। इसके बाद आखिरी किश्त 27 अप्रैल तक जमा करना थी, लेकिन बड़ी तादाद में आवेदक अब तक यह राशि जमा नहीं कर पाए हैं।

**सात साल में दोगुना हुआ खर्च**

वर्ष 2017 में एक हह यात्री को करीब 1 लाख 80 हजार रुपए खर्च करना पड़ा था। इस राशि से भी सऊदी अरब में उन्हें खर्च के लिए माकूल राशि मिली थी। अब सात साल बाद यह खर्च 4 लाख पार हो गया है। सऊदी सरकार द्वारा हज सफर को पर्यटन में शामिल कर लिए जाने की वजह से रिहाइश और लोकल ट्रैवल के महंगे होने से भी हज सफर महंगा हुआ है।

# आभा आईडी बनवाने अफसरों ने लगवाए चेंबर पर स्टिकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मरीजों को अपने चिकित्सकीय उपचार की जानकारी समग्र रूप से उपलब्ध करवाए जाने के लिए विशिष्ट स्वास्थ्य आईडी आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा) सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में प्रतिदिन बनाई जा रही हैं।

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत बनाई जा रही इस आईडी से मरीज को दिए गए उपचार के सभी विवरण प्राप्त होंगे। आभा आईडी शासकीय चिकित्सालयों में निःशुल्क बनाई जाती है। इसके लिए हितग्राही को अपना आधार कार्ड एवं आधार से लिंक मोबाइल नंबर लाना आवश्यक है। आभा आईडी बनवाने के लिए लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा अपने कक्षों के बाहर क्यूआर कोड के स्टीकर लगवाए गए हैं, जिससे कि इन कार्यालय में आने वाले लोग क्यूआर कोड स्कैन कर अपना आभा आईडी स्वयं बना सके। सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा) डिजिटल हेल्थ आईडी के माध्यम से मरीज को पूर्व में दिए गए उपचार की सभी जानकारियां मिल सकेंगी।

## भाजपा महिला मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष ने दतिया में की बैठक

# मोदी को तीसरी बार ऐतिहासिक बहुमत से प्रधानमंत्री बनाने हर बूथ 370 नए वोट पार्टी में जोड़ने का कार्य करें: वानती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा महिला मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष वानती श्रीनिवासन और प्रदेश अध्यक्ष माया नारोलिया ने गुरुवार को दतिया में महिला मोर्चा की कामकाजी बैठक की। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष वानती श्रीनिवासन ने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए कई कार्य किए हैं।

नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार ऐतिहासिक बहुमत से प्रधानमंत्री बनाने महिला मोर्चा कार्यकर्ता हर बूथ 370 नए वोट पार्टी में जोड़ने का कार्य करें। प्रधानमंत्री मोदी ने नारी शक्ति वंदन कानून बनाकन देश की संसद और देशभर की विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का कानून बना दिया है। यह महिला सशक्तिकरण के लिए नजीर साबित होगा।



**माता पीतांबरा के किए दर्शन**

भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वानती निवासन ने बैठक से पहले माता पीतांबरा पीठ पहुंचकर माता पीतांबरा के दर्शन किया और देशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशकाली की कामना की है। इस मौके पर बड़ी संख्या में महिला मोर्चा की पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

**महिलाओं को बताएं भाजपा के महिला सशक्तिकरण के कार्य**

महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष माया नारोलिया ने कहा कि भाजपा महिला मोर्चा की बहनें अब अपने-अपने बूथ पर छोटी-छोटी बैठकें कर महिलाओं को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की केन्द्र और मध्यप्रदेश की सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए किए गए कार्यों की जानकारी देकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील करें।

## एक लाख की बीयर और शराब जब्त

# आबकारी विभाग ने एमपी नगर के तीन बार समेत कई ठिकानों पर दी दबिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आचार संहिता के मद्देनजर आबकारी विभाग ने बुधवार रात को एमपी नगर सहित 3 बीयर बार पर दबिश दी। इनमें गड़बड़ी मिलने पर इसके संचालकों पर प्रकरण भी दर्ज किए गए हैं।

इससे पहले दोपहर को अवैध शराब की धरपकड़ के लिए कई ठिकानों पर छापे मारकर 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया। एक लाख रुपए से ज्यादा की बीयर और देशी शराब जब्त की गई है। जिला आबकारी कंट्रोलर आरजी भदौरिया ने बताया कि बुधवार रात सहाय हवेली एमपी नगर, विश्वास बार पिपलानी और सूर्या राजपूत के अलावा अन्य बारों पर कार्रवाई की जा रही है। इससे पहले दोपहर को आबकारी अमले ने बागरोदा पठार में प्रहलाद के पास से 13 लीटर अवैध बीयर और 7.2 लीटर देशी शराब जब्त की गई। वहीं, बैरागढ क्षेत्र में भगवान दास के अनुराग नागर ढाबे से 20 पाव देशी मदिरा, दीपक ठाकुर खजूरी से दो पेटी देशी शराब, 7 बोतल बीयर और16 बीयर केन जब्त की गई। आबकारी ने 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

भोपाल
गुरुवार, 2 मई 2024
वैशाख मास कृष्ण पक्ष-09
वर्ष : 11, अंक : 38
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 38
न्यून. 21

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



11 स्मिथ और मैकगुर्क बाहर, मार्श को...
विचार पेज
06 कोविशील्ड के भय को दूर करे सरकार




## दिल्ली के करीब 100 स्कूलों में बम की धमकी का पाकिस्तान कनेक्शन!

# जांच एजेंसियों को शक... आईएसआई के इशारे पर आईएस मॉड्यूल ने रची साजिश

सुबह 4 बजकर 15 मिनट पर सभी स्कूलों को आया ई-मेल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली और आसपास के इलाकों के 100 से ज्यादा स्कूलों में बम की धमकी के मामले की जांच कर रही एजेंसियों को यह शक है कि देश के अंदर अस्थिरता लाने के लिए पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर यह साजिश आईएसआईएस मॉड्यूल ने रची हैं। मामले की जांच जारी है। खुफिया सूत्रों के मुताबिक चुनाव के दौरान आईएसआई लगातार ▶▶ शेष पेज 4 पर

*इसकी खबर मिलते ही स्कूलों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। छात्रों को तुरंत क्लास से बाहर निकाल लिया गया। स्कूलों ने अभिभावकों से अपने बच्चों को घर से वापस ले जाने का मैसेज किया।*

**बम की सूचना मिलते ही पुलिस और बम निरोधक दस्ते ने स्कूलों की जांच की**

किसी भी स्कूल में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला



**एलजी बोले-उपद्रवियों और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा**

दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया- मैं अभिभावकों से अनुरोध करता हूं कि वे घबराएं नहीं। स्कूलों और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में प्रशासन का सहयोग करें। उपद्रवियों और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। वहीं दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स ▶▶ शेष पेज 4 पर

**विदेशी सर्वर से अरबी भाषा में भेजा गया मेल...**

### हमारे हाथों के लोहे तुम्हारे चीथड़े उड़ा देंगे

*विदेश के सर्वर से भेजने के कारण मेल आईडी (एसएडब्ल्यूएआरआईएमएस) के आईपी एड्रेस का पुलिस पता नहीं लगा पाती है इसलिए मेल भेजने वाले पकड़े नहीं जाते हैं। दिल्ली पुलिस ने धमकी भरे ईमेल को फर्जी बताया है। पुलिस ने कहा कि ऐसा लगता है कि किसी ने दहशत पैदा करने के लिए ऐसा किया है। मेल में लिखा है- विरासत में मिले कुछ लोगों को इस्लाम के दुश्मनों के निवास स्थान में युद्ध के क्षेत्र में शहीद होना होगा। उनके लिए महान शक्तियों के साथ लोहा भेजा है। हमारे हाथों में जो लोहा है वह हमारे दिलों को गले लगाता है। हम उसे हवा के माध्यम से भेजेंगे और तुम्हारे घृणित शरीरों को फाड़ देंगे। हम अल्लाह की इजाजत से तुम्हारे गले और मुंह फाड़ देंगे, हम तुम्हें आग की लपटों में भेज देंगे, जिसमें तुम पिघल जाओगे।*

## खबर संक्षेप

### पीएम 13 को वाराणसी से भरेंगे नामांकन

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी लोकसभा सीट से 13 मई को अपना नामांकन दाखिल करेंगे।



सातवें चरण के लिए सात मई से नामांकन शुरू हो रहा है। 11 मई को शनिवार है। 12 मई को रविवार होने के चलते नामांकन नहीं होगा। वहीं, 14 मई अंतिम दिन है। ऐसे में 13 मई सोमवार को प्रधानमंत्री का नामांकन दाखिल करेंगे।

### एलपीजी सिलेंडर सस्ता 19 रुपए कम हुए दाम

**नई दिल्ली।** तेल कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में बदलाव किया है।




19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम बुधवार से 19 रुपए कम हो गए हैं। दिल्ली में 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर 1,745.50 रुपए का हो गया है।

### ऋषभ पंत ने घटाया 16 किग्रा तक वजन

**नई दिल्ली।** आईपीएल में वापसी करने के बाद ऋषभ पंत की भारतीय टीम में भी वापसी हुई है।



टी20 वर्ल्ड कप के लिए ऋषभ पंत को फिट होने के लिए काफी त्याग करना पड़ा। उन्हीं में से एक है उनका वजन घटना। पंत ने कार एक्सीडेंट के बाद अपने पसंदीदा खाद्य पदार्थों को खाना छोड़ दिया और 16 किलो तक वजन घटाया।

## मुख्यमंत्री यादव ने कांग्रेस के संविधान बदलने के आरोपों का सिलसिलेवार जवाब दिया

# कांग्रेस ने लगभग 100 बार खुद संविधान में संशोधन किया, पर आरोप दूसरे पर लगा रही




इंदिरा गांधी ने 29 बार और राजीव गांधी ने 10 बार संविधान में संशोधन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज गूगल का जमाना है, किताबें संसद की लाइब्रेरी में मिल जाएंगी।

आप गूगल पर देख लो, सबसे पहले संविधान बदलने का काम कांग्रेस के पहले प्रधानमंत्री नेहरू ने 1950 में पहली बार संविधान संशोधन लाकर किया। 1950 से लेकर लगभग 17 बार संविधान में संशोधन सिर्फ नेहरू ने किया। लालबहादुर शास्त्री ने 3 बार संविधान में संशोधन ▶▶ शेष पेज 4 पर

सीएम ने कहा कि राहुल गांधी झूठ की दुकान हैं, जब भी बोलते हैं झूठ ही बोलते हैं। ऐसे जोरदार तरीके से बोलते है कि उनको खुद ही नहीं पता चलता कि वे क्या कह रहे हैं। पर जनता सब समझती है।

**राहुल गांधी मजाक** की बात करते हैं हमारी सरकार बनाओ एक झटके में गरीबी दूर कर देंगे

**आप भी भाजपा के साथ** जुड़ जाओ, कल तुम्हारी भी लॉटरी लग सकती है




### चुनाव जीतने के लिए लोगों के 'दिल से संपर्क' होना चाहिए

मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव जीतने के लिए लोगों के दिल से संपर्क होना चाहिए। अब जनता आपको पसंद नहीं कर रही, तो आप मीडिया पर ठीकरा फोड़ रहे हो। अपने नेताओं पर ठीकरा फोड़ते हो। 2014 से पहले कांग्रेस की सरकार थी। पर कांग्रेस की सरकार को कांग्रेस के कर्मों ने हटाया। उन्होंने कहा कि 1947 के समय से लेकर, 2003 से 2013 तक कांग्रेस की तत्कालीन सरकार ने धारा 370 लगाकर जम्मू कश्मीर को अलग करने का प्रयास किया। आपने पहला वोट दिया था। देश के अंदर आतंकवादी घटनाएं नहीं होना चाहिए।

**इनकी मम्मी, दादी और परनाना तक गरीबी दूर नहीं कर पाए**

यादव ने कहा कि कांग्रेस के लोगों के जमीन पर पांव नहीं रहते, इसलिए इस बात को नहीं समझ सकते। ये बड़े बाप के बेटे हैं। राहुल गांधी मजाक की बात करते हैं कि हमारी सरकार बनाओ एक झटके में गरीबी दूर कर देंगे। 10 साल तक इनकी मम्मी (सोनिया गांधी) ने पीछे से सरकार चलाई। गरीबी दूर नहीं कर पाईं। 5 साल इनके पापा ने सरकार चलाई, वो गरीबी दूर नहीं कर पाए। 17 साल इनकी दादी (इंदिरा गांधी) ने सरकार चलाई, वो गरीबी दूर नहीं कर पाईं। 18 साल तक इनके परनाना सरकार चलाते रहे, ▶▶ शेष पेज 4 पर

## आर्थिक तंगी 'यहां तक' ले आई...

# डॉक्टर ने चार परिजनों को मार डाला... फिर खुद फांसी लगाई

आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में घर में मिले डॉक्टर समेत परिवार के 5 लोगों के शव




एजेंसी ▶▶ विजयवाड़ा

पुलिस के अनुसार एक डॉक्टर ने अपने परिवार चार सदस्यों मार डाला। उसके बाद खुद फंदे से लटक कर जान दे दी। बताया जाता है कि मरने वाला डॉक्टर आर्थिक संकट से गुजर रहा था। घर में पांच लोगों के शव बरामद हुए हैं।

विजयवाड़ा ईस्ट के डीसीपी अधिराज सिंह राणा ने बताया कि मंगलवार को पुलिस ने डॉक्टर के घर से पांचों शव को बरामद किया। मरने वालों में से चार लोगों के गले की नस कटी हुई थी और डॉक्टर का शव फंदे से झूल रहा था। इससे यह प्रतीत होता है कि इस घटना को सोमवार की रात अंजाम दिया गया होगा। घर में जिन लोगों के शव मिले, उसमें डी श्रीनिवास (40) जो फंसे से लटके मिले, वहीं डॉक्टर की पत्नी डी उषा रानी (38), इनको दो छोटे बच्चे, जिसमें एक बेटा और बेटी हैं और डॉक्टर की 70 वर्षीय मां डी रामनम्मा, चारों के गले का नस कटा हुआ था। डॉक्टर ने हाल में ही अपने हॉस्पिटल को बेच दिया था।

### पड़ोसी को दे दी थी कार की चाबी

*डीसीपी ने बताया कि पुलिस को यह भी जानकारी मिली है कि घटना वाली रात सोमवार को डॉक्टर डी श्रीनिवास ने अपने पड़ोसी को अपनी कार की चाबी दी थी। उन्होंने चाबी उनके भाई को दे देने को कहा था, क्योंकि वे लोग पूरा परिवार कहीं बाहर जा रहे हैं।*

## सलमान के घर पर फायरिंग केस

### हथियार देने वाले आरोपी ने की पुलिस कस्टडी में 'आत्महत्या'



■ 8 मई तक न्यायिक हिरासत में थे तीन आरोपी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सलमान खान के गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर फायरिंग करने के मामले में एक आरोपी ने पुलिस कस्टडी में आत्महत्या कर ली है। उसका नाम अनुज थापन ▶▶ शेष पेज 4 पर

## 127 साल पुराने गोदरेज ग्रुप में बंटवारा

### आदि-नादिर को लिस्टेड, चचेरे भाई जमशेद को नॉन-लिस्टेड कंपनियां



■ गोदरेज ट्रेडमार्क का सभी इस्तेमाल कर सकेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

साबुन से लेकर लॉकर तक बनाने वाला गोदरेज ग्रुप बंटने वाला है। गोदरेज फैमिली ने 127 साल पुराने ग्रुप को दो भागों में बांटने का समझौता किया है। ▶▶ शेष पेज 4 पर

## निकास द्वार पर गिरने से गई जान

### इंदौर के रणजीत हनुमान भंडारे में युवक की मौत



■ रात 11 बजे बाद भंडारे में बढ़ी लोगों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

शहर के प्रसिद्ध रणजीत हनुमान मंदिर में मंगलवार देर रात भंडारे में एक की मौत हो गई। प्रसाद ग्रहण करने के बाद युवक एक्जिट गेट पर था। वहां बताते ▶▶ शेष पेज 4 पर

## वंदे भारत मेट्रो बनकर तैयार...ट्रायल जुलाई से



**सामने आई पहली झलक शुरुआत में 50 ट्रेनें बनेंगी**

*कपूरथला। वंदे भारत ट्रेनों के बाद अब देश के कई बड़े शहरों में वंदे भारत मेट्रो चलाने की तैयारी है। वंदे भारत मेट्रो ट्रेन की पहली झलक भी सामने आ चुकी है। इस खास मेट्रो ट्रेन का ट्रायल इसी साल साल जुलाई से किया जाएगा। पंजाब के कपूरथला में एक रेल कोच फैक्ट्री ने वंदे भारत मेट्रो के पहले कुछ डिब्बे बनाकर तैयार कर* ▶▶ शेष पेज 4 पर

## कर्नाटक: अश्लील वीडियो कांड

# 3-4 मई की रात जर्मनी से लौटेंगे रेवन्ना, नहीं आए तो 'भगोड़ा' होंगे

जर्मनी से रेवन्ना बोले सत्य की जीत होगी

एजेंसी ▶▶ हासन

कर्नाटक के अश्लील वीडियो विवाद में फंसे हासन के सांसद प्रज्वल रेवन्ना का इस मामले पर पहला रिएक्शन आया है।

रेवन्ना इस कांड के खुलासे के तुरंत बाद ही विदेश चले गए थे। अब उन्होंने ट्वीट कर इस मामले



पर रिएक्शन दिया है। रेवन्ना ने कहा है कि वो अभी बेंगलुरू में नहीं है तो वो जांच में शामिल नहीं हो सकेंगे। उन्होंने बेंगलुरु सीआईडी से अपने वकील के जरिए बात की है। इसी के साथ उन्होंने ट्वीट में लिखा- जल्द ही सत्य की जीत होगी। प्रज्वल रेवन्ना का ये रिएक्शन मंगलवार को विशेष जांच दल (एसआईटी) के भेजे नोटिस के बाद आया है। एसआईटी का नेतृत्व आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक बीके सिंह कर रहे हैं। जनता दल (सेक्युलर) के निलंबित नेता प्रज्वल रेवन्ना संभवतः इस हफ्ते जर्मनी से भारत लौटेंगे। रेवन्ना 3-4 मई की रात को ▶▶ शेष पेज 4 पर

## कोविशील्ड पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका : एक्स डायरेक्टर की अध्यक्षता में वैक्सीन के दुष्प्रभाव और जोखिम की जांच के लिए चिकित्सा विशेषज्ञ पैनल के गठन की मांग

पैनल गठन सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की निगरानी में किया जाए

# जो लोग इस वैक्सीन के कारण अक्षम हो गए या जिनकी मौत हो गई... उन्हें 'मुआवजा' दिया जाए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कोविशील्ड का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। कोविशील्ड वैक्सीन को लेकर वकील विशाल तिवारी ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल की है।

इस याचिका में एक्स डायरेक्टर की अध्यक्षता में कोविशील्ड वैक्सीन के दुष्प्रभाव और जोखिम की जांच के लिए चिकित्सा विशेषज्ञ पैनल का गठन करने की मांग की गई है। साथ ही कहा गया है कि ये सब सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की निगरानी में किया जाना चाहिए। इस याचिका में कोविशील्ड वैक्सीन के दुष्प्रभावों और इसके ▶▶ शेष पेज 4 पर




### एस्ट्राजेनेका ने मानी थी साइड इफेक्ट की बात

*कोविड-19 रोधी वैक्सीन कोविशील्ड बनाने वाली कंपनी एस्ट्राजेनेका ने स्वीकार किया था कि जिन लोगों ने कोरोना के दौरान कोविशील्ड वैक्सीन ली है उनमें रेयर साइड इफेक्ट हो सकते हैं। वैक्सीन निर्माता ने अदालती दस्तावेजों में कहा था कि कोविशील्ड, दुर्लभ मामलों में एक ऐसी स्थिति का कारण बन सकती है, जिससे खून के थक्के जम सकते हैं और प्लेटलेट की संख्या कम हो सकती है।*






## किरार, धाकड़, कुशवाहा का भाजपा को समर्थन

# ज्योतिरादित्य के लिए शिवपुरी पहुंचीं साध्वी उमा, फिर भी राह आसान नहीं



**बनते-बिगड़ते समीकरण**

### उमा की उपेक्षा से नाराज है लोधी-लोधा समाज

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के कारण हाई प्रोफाइल गुना-शिवपुरी लोकसभा सीट में इस बार भी मुकाबला रोचक और कड़ा है। सिंधिया को 2019 में कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर हार का सामना करना पड़ा था। कांग्रेस छोड़ भाजपा में गए केपी सिंह यादव ने उन्हें हराया था। इस बार सिंधिया भाजपा की ओर से मैदान में हैं। उनका मुकाबला कर रहे हैं भाजपा में रहे कांग्रेस के राव यादवेंद्र सिंह यादव। क्षेत्र में जिस तरह जातीय समीकरण बन-बिगड़ रहे हैं, उसे दखते हुए सिंधिया ज्यादा सतर्क हैं। विशेष सावधानी बरत रहे हैं। भाजपा की तेज-तर्रार नेत्री पूर्व मुख्यमंत्री साध्वी उमा भारती को भाजपा नेतृत्व ने किनारे कर रखा है। इसकी वजह से लोधी-लोधा समाज भाजपा से खफा है। यही वजह है कि सिंधिया बुधवार को उमा भारती को प्रचार के लिए शिवपुरी लेकर पहुंचे। संभवतः इस चुनाव में उमा ने पहली बार कोई सभा ली। खबर है कि बावजूद इसके लोधी-लोधा समाज की नाराजगी कम नहीं हुई है। समाज का एक हिस्सा अब भी कांग्रेस के पास जा सकता है।

- दलितों का दलों में बंटवारा, ज्यादा कांग्रेस के साथ

## कांग्रेस के यादवेंद्र की ताकत बने यादव-मुस्लिम

**खास बात**

- लोधी-लोधा समाज की नाराजगी कम नहीं हुई, समाज का एक हिस्सा अब भी कांग्रेस के पास जा सकता है





### दोनों तरफ कार्यकर्ताओं की नाराजगी एक जैसी

गुना-शिवपुरी लोकसभा क्षेत्र में भाजपा-कांग्रेस के कार्यकर्ता काम कर रहे हैं और प्रत्याशियों से नाराज भी हैं। इसकी वजह है दलबदल। भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया कांग्रेस छोड़कर आए हैं और कांग्रेस प्रत्याशी राव यादवेंद्र सिंह भाजपा छोड़कर। यादवेंद्र के पिता राव देशराज सिंह यादव भाजपा के कद्दावर नेता रहे हैं। दोनों दलों के कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या दलबदल को पसंद नहीं करती। इसलिए दोनों तरफ हालात एक जैसे हैं। यादव समाज भाजपा के खिलाफ इसलिए भी एकजुट है क्योंकि पार्टी ने सिंधिया को हराने वाले केपी सिंह यादव का टिकट काटकर सिंधिया को ही दे दिया। इस क्षेत्र का यादव समाज इस मसले की वजह से समाज के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की बात मानने को भी तैयार नहीं दिखता। इसकी वजह से भी सिंधिया को कड़े मुकाबले का सामना करना पड़ रहा है।

### आठ विधानसभा सीटों में से छह भाजपा के पास

गुना लोकसभा सीट के तहत तीन जिलों गुना, अशोक नगर और शिवपुरी की विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें गुना जिले की बमोरी, गुना, शिवपुरी जिले की पिछोर, कोलारस, शिवपुरी और अशोक नगर जिले की मुंगावली, चंदेरी और अशोक नगर विधानसभा सीटें शामिल हैं। विधानसभा चुनाव नतीजों की दृष्टि से पूरे लोकसभा क्षेत्र में भाजपा भारी दिखती है। भाजपा के पास 6 सीटें हैं तो कांग्रेस के पास सिर्फ दो। इस सीट के राजनीतिक मिजाज की बात करें तो यहां सिंधिया परिवार का ही दबदबा रहा है। 1998 तक इस सीट से राजमाता विजयाराजे सिंधिया भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ती और जीतती रहीं। इसके बाद उनके बेटे माधवराव सिंधिया ग्वालियर छोड़कर गुना से चुनाव लड़ने आ गए तो यह सीट कांग्रेसी हो गई। 1998 का लोकसभा चुनाव यहां से माधवराव सिंधिया जीते। इसके बाद उनका निधन हो गया तो उनकी राजनीतिक विरासत ज्योतिरादित्य ने संभाली।

### भाजपा के पक्ष में कई समाज एकजुट

जातीय और सामाजिक समीकरणों से लिहाज से भाजपा की ताकत कम नहीं है। कई समाज उसके पक्ष में एकजुट हैं। क्षेत्र में कुशवाहा समाज के मतदाताओं की तादाद 3 लाख के आसपास है। ये भाजपा के कट्टर वोटर हैं। क्षेत्र में किरार-धाकड़ समाज के लगभग डेढ़ लाख मतदाता हैं। शिवराज सिंह चौहान को मुख्यमंत्री न बनाए जाने के कारण यह समाज भाजपा से नाराज था, लेकिन काफी हद तक उनकी नाराजगी दूर हो गई है। इस समाज के अधिकांश वोट भाजपा के पक्ष में गिर सकते हैं। गुर्जर समाज का रुख अभी साफ नहीं, हालांकि यह भाजपा के साथ रहता है। इनके अलावा ब्राह्मण, वैश्य, कायस्थ भाजपा के पक्ष में मतदान करते ही हैं। क्षत्रिय जरूरी भाजपा से नाराज हैं। यहां मैदान में सिंधिया हैं, इसलिए इस समाज का रुख अब तक साफ नहीं हुआ है।

### कांग्रेस के यादवेंद्र भी कमजोर नहीं

गुना-शिवपुरी क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी राव यादवेंद्र सिंह भी कमजोर नहीं हैं। क्षेत्र में लगभग सवा दो लाख यादव एवं डेढ़ लाख मुस्लिम मतदाता हैं। ये कांग्रेस के साथ खड़े नजर आ रहे हैं। यादव समाज के शादी के कार्डों में लिखा देखा गया है कि 'अपना-अपना होता है, इसलिए मतदान सोच समझ कर करें।' सीधा संदेश यादव समाज के लिए है। इसी समाज ने पिछले चुनाव में सिंधिया घराने को शिकस्त दी थी। क्षेत्र में समाज के जाट, अहिरवार मतदाता बड़ी तादाद में लगभग 3 लाख है। बसपा प्रत्याशी धनीराम राय ज्यादा मजबूत नहीं हैं। इसलिए इस समाज का 60 फीसदी वोट कांग्रेस के पक्ष में गिर सकता है। 40 फीसदी वोट भाजपा और बसपा के बीच बंटने की संभावना है। क्षेत्र का आदिवासी समाज कांग्रेस की ताकत है। साफ है कि जातीय समीकरण के लिहाज से भाजपा से कांग्रेस ज्यादा कमजोर नहीं है।

## टीकमगढ़ के स्ट्रांग रूम में चार घंटे बंद रही एलईडी

**भोपाल।** टीकमगढ़ लोकसभा क्षेत्र में 26 अप्रैल को दूसरे चरण में हुए मतदान के बाद ईवीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम में रखा गया है। स्ट्रांग रूम में रखी गई ईवीएम मशीनों के साथ गड़बड़ी की आशंका जताते हुए टीकमगढ़ लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी पंकज अहिरवार ने शासन-प्रशासन पर सवाल खड़े किए हैं। टीकमगढ़ लोकसभा के मीडिया प्रभारी अवनीश बुंदेला ने बताया कि ईवीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम में पूरी सुरक्षा के साथ रखा गया है, लेकिन जहां मशीनें रखी गई हैं आज वहां की एलईडी लगभग चार घंटे तक बंद रहीं, जिसकी शिकायत करने के बाद वे पुनः चालू की गई।

## चुनावी चटखारे...

जाति-पांति और धर्म पर, कभी न देना वोट,
यह अवसर है नेताओं में, खूब निकालो खोट।
खूब निकालो खोट, शत्रु जो हैं राष्ट्र समाज के,
अपने मत की ताकत से, उनको मारो जी चोट।
वादे जो हमसे किए, पूरे हुए क्या बोलिए,
वोट मांगने जो भी आए, लगा कसौटी तौलिए।
लगा कसौटी तौलिए, यही अवसर है प्यारे,
जो भी हो हृदय में प्यारे, बंद जुबां को खोलिए।



डॉ. निहारिका रश्मि
अयोध्या नगर

## भाजपा को जानें अभियानः 6 देशों के प्रतिनिधिमंडल चुनावी रणनीति समझने आज आएंगे मध्यप्रदेश

भारतीय जनता पार्टी के भाजपा को जानें अभियान के तहत 6 देशों के राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मध्यप्रदेश के तीन दिवसीय प्रवास पर भोपाल आ रहे हैं। यह प्रतिनिधिमंडल भाजपा के निमंत्रण पर एक से 5 मई तक भारत के प्रवास पर है। प्रतिनिधिमंडल गुरुवार सुबह 11 बजे भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय और प्रदेश मीडिया सेंटर का भ्रमण करके भाजपा की चुनावी रणनीति के संबंध में जानकारी प्राप्त करेगा। साथ ही विदेशी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि भारतीय जनता पार्टी के नेताओं से मुलाकात भी करेंगे।

## जो हो न सका...

## पर्यटन की दृष्टि से विकसित ही नहीं हो पाया राजधानी का बड़ा तालाब, लोगों को इतंजार

भोपाल का बड़ा तालाब कभी पूरे शहर को पानी उपलब्ध कराता था, लेकिन आज तक उसे पूरी तरह से सुरक्षित रूप प्रदान नहीं किया जा सका। वीआईपी रोड व खानूगांव की तरफ कई सीवेज लाइन बडे तालाब में मिल रही हैं। इसको लेकर भोजवेट प्रोजेक्ट सहित कई प्रोजेक्ट आए, लेकिन पर्यटन की दृष्टि से विकास कार्य नहीं हो पाए। बोट क्लब के अलावा दूसरा कोई स्थान ऐसा नहीं है, जहां से बड़े तालाब को निहारने के लिए पर्यटक पहुंच सकें।

भोपाल के पश्चिम में स्थित इस कृत्रिम झील को देश की सबसे पुरानी झील होने का खिताब प्राप्त है। झील निवासियों के लिए पीने योग्य पानी की प्रमुख आपूर्ति है और यह उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए हर साल लगभग तीस मिलियन गैलन पीने का पानी उपलब्ध कराती है। झील का नाम राजा भोज के नाम पर रखा गया था।

### खानूगांव सहित आसपास के क्षेत्र का सीवेज मिल रहा

झील के एक कोने पर राजा भोज की मूर्ति स्तंभ के ऊपर स्थित है। पुल पुख्ता के रूप में जाना जाने वाला ओवरब्रिज ऊपरी झील और निचली झील के बीच अलगाव पैदा करने के लिए बैठता है। बोट क्लब अपर लेक के पूर्वी हिस्से में बनाया गया था। बगल में कमला पार्क भी है। उसका भी विकास पर्यटन की तरह नहीं हो पाया है।

## इनका कहना है...

## सुविधाएं बढ़ीं तो सवाल भी बढ़े...

अब पहले के मुकाबले चुनाव में काफी अंतर आ गया है। यह अंतर मतदाताओं के लिए जहां सुविधाओं को बढ़ाने वाला है, वहीं लोगों के बीच सवालों को जन्म भी दे रहा है। आज ईवीएम की बात सामने आती है तो हर व्यक्ति अपनी राय व्यक्त कर रहा है। कोई सवाल उठाता है तो कोई सुविधाओं में इजाफा होने की बात कहता है। सबसे बड़ी बात यह है कि आज तकनीकी का जमाना है, तो चुनाव क्यों पीछे रहे। पहले पर्ची से चुनाव होते थे, अब ईवीएम का बटन दबाते ही मत दर्ज हो जाता है। यह अच्छी बात हो सकती है। 30 से 35 साल पहले राजनैतिक पार्टियों के उम्मीदवार जनता से संपर्क को लेकर बहुत सतर्क रहते थे। अब सोशल मीडिया सहित कई ऐसे माध्यम हैं, जो इस काम का अपने हाथ में लेने लगे हैं। खैर, जो भी हो, आज के चुनावी माहौल में बदलाव तो हर कहीं हर किसी को नजर आता है, यह अब बताने की बात नहीं रही है।



दिनेश जोशी
वरिष्ठ पत्रकार

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया मप्र कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी के बयान पर पलटवार

# एक ओबीसी वर्ग के मुख्यमंत्री को पचा नहीं पा रहे कांग्रेसी, कीचड़ उछाल रहे

*कांग्रेसी खुद को कानून से ऊपर मानते हैं, पर जो कानून तोड़ेगा, उस पर कार्रवाई होगी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मप्र कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि एक ओबीसी वर्ग के मुख्यमंत्री को पचा नहीं पा रहे हैं। इन्होंने एक राजा और एक उद्योगपति को मुख्यमंत्री बनवाया था पर कुछ नहीं कर पाए। कांग्रेसी अपने आपको कानून से ऊपर मानते हैं। मुख्यमंत्री ने आग्रह किया कि निर्वाचन के इस दौर में सभी को अपनी-अपनी मर्यादा में रहना चाहिए। पर जो मर्यादा तोड़ेगा, वो इसकी कीमत चुकाएगा।ग्वालियर में मीडिया से चर्चा में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष लगातार हल्की भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। जो अपने पक्ष के प्रत्याशी को बचा नहीं पाए, वो दूसरों पर कीचड़ उछाल रहे हैं। मैं उम्मीद करता हूं कि वे इससे बाज आएंगे। दुष्कर्म के मामले में राजनीति करने पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने महिलाओं और नाबालिग बच्चों को लेकर जो कानून बनाए है, जिनके माध्यम से उनकी पहचान छिपाना जरूरी है, क्योंकि यह पहचान आने के बाद पीड़िता की जिंदगी में निराशा आएगी।



### पीड़ित परिवार की सार्वजनिक रूप से हंसी उड़ाना, उसकी जिंदगी के साथ खिलवाड़

*डॉ. यादव ने कहा कि पीड़िता की जिंदगी नर्क हो जाएगी। इसलिए यह कानून व्यवस्था का भाग है, इससे बचना चाहिए। कांग्रेस को लेकर उन्होंने कहा कि जो आंदोलन करना है, जरूर करना चाहिए, लेकिन कम से कम पीड़ित परिवार की सार्वजनिक रूप से हंसी उड़ाना, उसकी जिंदगी के साथ खिलवाड़ करने के बराबर है। उन्होंने कहा कि कानून के राज को समझना चाहिए, लेकिन मैं मानकर चलता हूं कि कानून का सम्मान करेगा, वह कांग्रेसी हो ही नहीं सकता। कांग्रेसी हमेशा अपने आप को कानून से ऊपर मानते हैं, इसलिए उनको घमंडिया लोग कहते हैं। इन्हे माफी मांगना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो कानून तोड़ेगा उस पर कठोर कार्रवाई होगी।*

### भाजपा ने चुनाव आयोग से की पीसीसी चीफ जीतू की शिकायत

भाजपा ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा प्रेस कांफ्रेंस में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के बारे में की गई टिप्पणी को आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन बताते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग चुनाव आयोग से की है। भाजपा ने अपनी शिकायत के साथ जीतू पटवारी की प्रेस कांफ्रेंस का वीडियो भी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को सौंपा है। भाजपा के निर्वाचन आयोग समन्वय विभाग के प्रदेश संयोजक एसएस उप्पल, न्यायिक एवं निर्वाचन विभाग के प्रभारी मनोज द्विवेदी ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को सौंपी गई लिखित शिकायत में कहा है कि हाल ही में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और झाबुआ विधायक विक्रांत भूरिया जोबट में गैंगरेप पीड़िता के घर अनेक लोगों के साथ गए थे। दोनों कांग्रेस नेताओं ने गैंगरेप पीड़िता के परिजनों के साथ अपने फोटो सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए उनकी पहचान सार्वजनिक की थी। इस मामले में जीतू पटवारी के खिलाफ धारा 228 ए भारतीय दंड विधान, 23 पास्को एक्ट एवं 74 जेजे एक्ट का केस दर्ज किया गया है। इसी मामले को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने अपनी हताशा पत्रकारों के समक्ष मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं उनकी सरकार के खिलाफ अनर्गल और भड़काऊ वक्तव्य देकर प्रकट की है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से की गई शिकायत में कहा गया है कि जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री जैसे संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के खिलाफ असंवैधानिक शब्दों का प्रयोग किया है, जिससे प्रदेश की जनता में आक्रोश है तथा यह आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। अतः प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ तत्काल कार्रवाई के लिए निर्देश जारी किए जाएं तथा उनके द्वारा आचार संहिता लागू रहने तक सार्वजनिक वक्तव्य देने पर रोक लगाई जाए।



### पार्टी की छवि खराब करने का प्रयास

*शिकायत में कहा गया है कि जीतू पटवारी ने पत्रकार वार्ता में यह भी आरोप लगाया कि जोबट में रेप भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने किया है, जो पूर्णतः आधारहीन एवं तथ्यहीन है तथा चुनाव के समय पार्टी की छवि खराब करने का प्रयास है। जीतू पटवारी ने यह भी वक्तव्य दिया है कि मध्यप्रदेश से दो लाख बहनें गायब हो गई हैं और रोजाना 17 दुष्कर्म की घटनाएं हो रही हैं, जो मनगढ़ंत और प्रदेश सरकार की छवि धूमिल करने का प्रयास है।*

## भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष बोले-

## कांग्रेस के आचार-विचार और संस्कार ही महिलाओं के प्रति गैर जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कांग्रेस प्रवक्ता के सोशल मीडिया पर ट्वीट और वायरल ऑडियो को लेकर भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने कांग्रेस पर निशाना साधा है। आशीष अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के आचार-विचार और संस्कार ही महिलाओं के प्रति गैर जिम्मेदार है। 70 साल देश पर राज करने वाली कांग्रेस में जिस महिला ने 40 साल दिए हो वो आज कांग्रेस दफ्तर में फूट फूट कर रो रही है।



### राधिका ने कांग्रेस पार्टी के दफ्तर में उनसे दुर्व्यवहार की शिकायत की

छत्तीसगढ़ कांग्रेस दफ्तर के हुए दुर्व्यवहार से आहत राधिका खेरा, चिल्ला-चिल्ला कर सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी और सुप्रिया श्रीनेत्र से कह रही है कि लड़की हूं, लड़ सकती हूं। सोशल मीडिया पर ट्वीट और वायरल ऑडियो में कांग्रेस की छत्तीसगढ़ राज्य मीडिया प्रभारी व राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेरा के दर्द को महसूस किया जा सकता है, राधिका चीख चीख कर कह रही है कि कांग्रेस दफ्तर में मेरे साथ बदतमीजी की गई है। अग्रवाल ने कहा कि डरो मत राधिका बहन, कांग्रेस में व्याप्त घृणा के भाव से डटकर मुकाबला करो, आवाज उठाओ और सुप्त पड़ी कांग्रेस में महिला शक्ति को जगाओ।

## मुख्यमंत्री आज उज्जैन, मंदसौर, देवास राजगढ़ व सिरोंज में करेंगे चुनाव प्रचार

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को उज्जैन, मंदसौर, देवास, राजगढ़ व सागर के सिरोंज में चुनाव प्रचार करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सुबह 9.40 बजे उज्जैन के फ्रीगंज में जनसंपर्क अभियान में शामिल होंगे। सुबह 11.30 बजे जावरा, दोपहर 12.40 बजे आगर में जनसभा, दोपहर 2 बजे नरसिंहगढ़ में जनसभा, दोपहर 3.10 बजे चाचौड़ा विधानसभा में जनसभा को संबोधित करेंगे।

## पूर्व मुख्यमंत्री ने इछावर में जन-आशीर्वाद यात्रा का किया शुभारंभ

## अच्छे और विचारवान नेता कांग्रेस के गलत फैसलों की वजह से पार्टी छोड़ रहे: शिवराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को सीहोर स्थित चिंतामन गणेश मंदिर पहुंचकर दर्शन-पूजन किया। वहीं पूर्व सीएम ने इछावर के ग्राम सेवनिया से जन-आशीर्वाद यात्रा का शुभारंभ किया।

इस दौरान पूर्व सीएम ने कहा कि मेरे लिए जनता की सेवा ही भगवान की पूजा है। चौहान ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस अब खत्म हो रही है। कांग्रेस के उम्मीदवार भी पार्टी छोड़कर देश के विकास के लिए भाजपा में शामिल हो रहे हैं। कांग्रेस के अच्छे और विचारवान नेता कांग्रेस के गलत फैसलों की वजह से पार्टी छोड़ रहे हैं, क्योंकि उन्हें पता है कि कांग्रेस में अब कुछ नहीं बचा है। सरकार में रहते हुए भी कांग्रेस ने कभी विकास की ईंट तक नहीं लगाई। विकास के काम केवल भारतीय जनता पार्टी की सरकार में ही हुए हैं। कांग्रेस के जमाने में न सड़कें थी, न बिजली और ना पानी की व्यवस्था थी। पता ही नहीं चलता था कि सड़कों में गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़क। पूरे प्रदेश को तबाह और बर्बाद कर दिया था। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश आगे बढ़ रहा है और विकास पथ पर अग्रसर है।



### नेता और जनता नहीं, हम एक परिवार हैः चौहान

पूर्व मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि मैं नेता नहीं बल्कि भैया और मामा हूं। हम सब एक परिवार है। मुझे भगवान ने आपकी सेवा करने के लिए यहां भेजा है। पार्टी ने कहा विधायक तो विधायक, पार्टी ने कहा मुख्यमंत्री तो मुख्यमंत्री बनकर सेवा की और अब फिर पार्टी ने मुझे विदिशा की माटी के सेवा का अवसर दिया है।

## मतदाताओं को जागरूक करने ट्रैक्टर पर एक किमी चले मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजन

# हर वोट कीमती, लोकतंत्र की मजबूती के लिए अवश्य करें मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोकसभा चुनाव के तीसरे एवं चौथे चरण में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से संबंधित संसदीय क्षेत्र के मतदान केन्द्रों में चलें बूथ की ओर अभियान शुरू किया गया।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) अनुपम राजन बुधवार को सीहोर जिले के ग्राम बिलकिसगंज एवं कांकरखेड़ा में चलें बूथ की ओर अभियान में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि हर वोट कीमती है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान अवश्य करें। वह मतदाताओं को जागरूक करने के लिए ट्रैक्टर में बैठकर गांव में घूमे।

### बिलकिसगंज एवं कांकरखेड़ा में चलें बूथ की ओर अभियान में हुए शामिल



### 100 से अधिक ट्रैक्टर और बाइक से संदेश

सीहोर जिले के ग्राम बिलकिसगंज में 100 से अधिक ट्रैक्टर और ग्राम कांकरखेड़ा में मोटर साइकिल की रैली निकालकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। पोस्टर, बैनर के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने की अपील की गई। सीईओ राजन ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी, सीईओ जिला पंचायत एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### चलें बूथ की ओर अभियान में लगाई जिलेवार ड्यूटी

चलें बूथ की ओर अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रमों, गतिविधियों के पर्यवेक्षण एवं निरीक्षण के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजेश कौल को विदिशा, भोपाल व बैतूल, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मनोज खत्री को रायसेन, खंडवा व बुरहानपुर, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुरभि तिवारी को उज्जैन, शिवपुरी व खरगौन, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजय कुमार श्रीवास्तव को ग्वालियर, इंदौर व देवास और राजेश यादव को नीमच, मंदसौर व रतलाम जिला सौंपा गया है।

### वरिष्ठ और दिव्यांग मतदाताओं का सम्मान

अपर-मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजेश कौल ग्राम मनौरा जिला विदिशा, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मनोज खत्री रायसेन जिले के ग्राम खरबई और सेहतगंज तथा उप-मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी प्रमोद शुक्ला ग्राम मण्डावर, जिला राजगढ़ में चलें बूथ की ओर अभियान में शामिल हुए। राजन ने वरिष्ठ मतदाताओं तथा दिव्यांग मतदाताओं को पुष्प-गुच्छ, शॉल, श्रीफल भेंट कर तथा साफा पहनाकर सम्मानित किया। युवा मतदाताओं को ईपिक कार्ड प्रदान किए।

2 हर वोट कीमती, लोकतंत्र की मजबूती...



7 धाकड़ नागर समाज के सफल आयोजन...









# पोस्टल बैलेट से मतदान शुरू, आईएएस प्रियंका समेत 137 ने डाले वोट

## तुलसी नगर स्थित नवीन गर्ल्स स्कूल में बनाया फेसिलिटेशन सेंटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोकसभा सीट के लिए बुधवार से पोस्टल बैलेट से मतदान शुरू हो गया। तुलसी नगर स्थित नवीन गर्ल्स स्कूल में बनाए फेसिलिटेशन सेंटर में पहले दिन आईएएस अफसर व एनएचएम की डायरेक्टर प्रियंका दास समेत 137 अधिकारियों, कर्मचारियों ने वोटिंग की। दास की ड्यूटी किसी अन्य राज्य में ऑब्जर्वर के तौर पर लगाई गई है। रायसेन और विदिशा जिले में माइक्रो ऑब्जर्वर की ड्यूटी में लगे अधिकारियों, कर्मचारियों ने भी अपने मत का प्रयोग किया। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने निर्वाचन कार्य में तैनात किए गए माइक्रो ऑब्जर्वर, कम्युनिकेशन, अत्यावश्यक सेवाओं में लगे अधिकारी, कर्मचारी सहित पोस्टल बैलेट की सुविधा लेने वाले पत्रकारों के लिए फेसिलिटेशन सेंटर स्थापित किया है। यहां तीन मई तक सुबह नौ से शाम पांच बजे तक डाक मतपत्र से वोटिंग कर सकेंगे।



## नारेबाजी जुलूस पर भी रहेगी रोक

# पोलिंग बूथ पर धारा 144, 200 मीटर के दायरे में रहेगी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिले के 2097 पोलिंग बूथ के आसपास धारा 144 लागू कर दी गई है। बूथ के 200 मीटर के दायरे में 5 या इससे अधिक लोग इकट्ठा नहीं हो सकेंगे। भोपाल लोकसभा सीट पर 7 मई को वोटिंग होगी। भोपाल में कुल 2034 मतदान केंद्र हैं। इनमें से संवेदनशील 464 हैं, जबकि अति संवेदनशील केंद्रों की संख्या 46 है।

### सीसीटीवी कैमरों से होगी निगरानी

लोकसभा चुनाव में वोटिंग के दौरान भोपाल के करीब डेढ़ हजार से ज्यादा पोलिंग बूथ पर सीसीटीवी कमरों से निगरानी की जाएगी। जिसकी वेब कास्टिंग होगी और अफसर कंट्रोल रूम में बैठकर नजर रख सकेंगे। वहीं, 510 बूथ ऐसे हैं, जो संवेदनशील और अति संवेदनशील की कैटेगिरी में है। इन पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा।

### वोटिंग के पहले बाहरी लोगों को छोड़ना पड़ेगा शहर

मतदान के 48 घंटे पहले 5 मई की शाम 6 बजे से मतदान समाप्ति तक चुनाव प्रचार, रैली, ध्वनि विस्तारक यंत्र, नुक्कड़ सभाएं और आम सभाएं प्रतिबंधित हो जाएगी। इस अवधि में राजनीतिक, पार्टी, जुलूस, अभियान कार्यकर्ताओं की उपस्थिति जो निर्वाचन क्षेत्र से बाहर से लाए गए हैं और जो यहां के मतदाता नहीं है, उन्हें बाहर जाना होगा।

## रात भर एयरपोर्ट पर रोता रहा 13 वर्षीय छात्र, सुबह 5 बजे पहुंचे परिजन

# छात्र को इंदौर एयरपोर्ट पर छोड़कर दुबई टूर पर निकल गया कैंपियन स्कूल का दल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

*मानवता की सेवा के लिए समर्पित ईसाई मिशनरी के कैंपियन स्कूल ने अमानवीयता दिखाई है। दरअसल, दुबई जा रहे दल के एक 7वीं कक्षा के मासूम बच्चे को इंदौर जाकर अपात्र घोषित कर दिया और वह रात भर एयरपोर्ट पर अकेला ही रोता रहा। सुबह जब परिजन पहुंचे तो उन्होंने उसे गले लगाते हुए चुप कराया।*

शाहपुरा स्थित कैंपियन स्कूल प्रबंधन की अमानवीयता सामने आई है। बीती रात दुबई टूर पर गए टीचर्स और बच्चों के 50 सदस्यीय दल में सातवीं कक्षा के छात्र को अनुमति नहीं मिलने पर दल के सदस्य एयरपोर्ट पर छोड़कर चले गए।

परिजनों को जब दो घंटे बाद इसकी जानकारी मिली तो वह रात में ही भोपाल से इंदौर के लिए रवाना हुए। सुबह पांच बजे एयरपोर्ट पहुंचे माता-पिता ने बच्चे को गले लगाया। दरअसल, रात भर बच्चे का रो-रोकर बुरा हाल हो गया था। परिजनों ने स्कूल प्रबंधक सहित ट्रेवल्स एजेंट पर कार्रवाई की मांग कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह से की है।

अशोका गार्डन निवासी प्रशांत साहू ने बताया कि मेरा बेटा कैंपियन स्कूल में कक्षा 7वीं में पढ़ता है। कैंपियन स्कूल के द्वारा एपीएच ट्रेवल्स एजेंसी के साथ मिलकर दुबई के लिए एक टूर का प्रोग्राम रखा था, जिसके लिए उन्होंने 14 फरवरी और 22 मार्च को ट्रेवल्स एजेंसी ने स्कूल के माध्यम से 75 हजार रुपए लिए थे।

### स्कूल प्रबंधन ने 75 हजार रुपए लिया था दुबई टूर पैकेज का

**खास बातें**

- परिजनों ने कलेक्टर से की स्कूल प्रबंधक सहित ट्रेवल्स एजेंट पर कार्रवाई की मांग







### रातभर रोती रही मां

13 साल के बेटे के एयरपोर्ट पर अकेले रहने की जानकारी मिलने पर मां रात भर रोती रही। कलेक्टर के यहां शिकायत करने आई मां ने बताया कि स्कूल प्रबंधन सहित ट्रेवल एजेंट पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। चूना भट्टी थाना पुलिस को भी शिकायत की है, लेकिन अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। वहीं इस मामले में स्कूल के जनसंपर्क अधिकारी विस्टन विजय से लगातार मोबाइल फोन पर संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

### एसडीएम को सौंपी जांच

दुबई टूर पर गए दल में बच्चे को इंदौर एयरपोर्ट पर अकेला छोड़ने के मामले में शिकायत मिली है। इस संबंध में एसडीएम से जांच कराई जा रही है।

**कौशलेंद्र विक्रम सिंह,** कलेक्टर

### शिकायती आवेदन मिला है...

कैंपियन स्कूल के एक छात्र को इंदौर एयरपोर्ट पर अकेला छोड़े जाने की शिकायत मिली है, जिसकी जांच की जा रही है।

**भूपेंद्र सिंह संधु,** थाना प्रभारी, चूना भट्टी

### रात 12 बजे रवाना हुई दुबई फ्लाइट

स्कूल के एजेंट ने केवल पासपोर्ट, वीजा और इश्योरेंस की कापी अभिभावकों को दी थी। 29 अप्रैल को शाम 4 बजे भोपाल से इंदौर बस द्वारा स्कूल के अन्य बच्चों के साथ भेजा गया, जहां पर पहुंचने के लिए दुबई की प्लाइट इंदौर एयरपोर्ट से लेनी थी।

### एजेंट ने जन्मतिथि में की गड़बड़ी

स्कूल स्टॉफ इंदौर एयरपोर्ट पर पहुंचा। छात्र को ट्रेवल एजेंट के टिकट में जन्मतिथि गलत दर्ज होने पर एयरपोर्ट अथॉरिटी ने यात्रा करने से रोक दिया। जिसके बाद स्कूल स्टॉफ और ट्रेवल एजेंट छात्र को एयरपोर्ट पर रात में अकेला छोड़कर चले गए। जहां वह रोता रहा। इंदौर एयरपोर्ट स्टाफ से मिली सूचना के बाद पिता इंदौर के लिए रवाना हुए।

**19.48 करोड़ रुपए के घोटाले का है आरोप**

# आरजीपीवी के पूर्व कुलपति सुनील कुमार को मिली हाईकोर्ट से 'सर्शत' जमानत

विधिक संवाददाता ▶▶ भोपाल



**एक लाख की जमानत और इतना ही भरना होगा मुचलका**

19.48 करोड़ रुपए निजी बैंक खातों में डालने के मामले के आरोपी राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के तत्कालीन कुलपति प्रोफेसर सुनील कुमार गुप्ता को मप्र हाईकोर्ट जबलपुर से राहत मिल गई है। जस्टिस विशाल धगट की अदालत ने बुधवार को सुनवाई आरोपी सुनील कुमार गुप्ता की जमानत याचिका सशर्त मंजूर कर उन्हें एक लाख रुपए की जमानत और इतनी ही राशि के निजी मुचलके पर रिहा किए जाने के आदेश दिए हैं। आरोपी सुनील कुमार गुप्ता के वकील शिरीष श्रीवास्तव ने बताया कि हाईकोर्ट ने सुनील कुमार गुप्ता को बिना अदालत की इजाजत के देश से बाहर नहीं जाने और पुलिस को अनुसंधान में सहयोग करने तथा गवाहों को प्रभावित नहीं किए जाने की शर्त पर एक लाख रुपए की जमानत और इतनी ही राशि के निजी मुचलके पर रिहा किए जाने के आदेश दिए हैं।

### 11 अप्रैल को रायपुर से किया था गिरफ्तार

पुलिस ने पूर्व कुलपति प्रोफेसर सुनील कुमार को 11 अप्रैल को मार्डन कालोनी रायपुर छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार कर 12 अप्रैल को भोपाल लाकर जिला अदालत में पेश किया था। अदालत ने पूर्व कुलपति प्रोफेसर सुनील कुमार गुप्ता को केंद्रीय जेल भेज दिया था। आरोपी तभी से न्यायिक हिरासत में केंद्रीय जेल गांधी नगर भोपाल में बंद है।

# तत्कालीन रजिस्ट्रार राकेश सिंह को अंतरिम राहत

***भोपाल।*** *पिछले 57 दिन से फरार चल रहे राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) के तत्कालीन रजिस्ट्रार राकेश सिंह राजपूत की ओर से प्रस्तुत अग्रिम जमानत की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें अंतरिम राहत देते हुए आदेश दिया है कि यदि पुलिस राजपूत को गिरफ्तार करती है तो उन्हें 20 हजार रुपए की जमानत पर रिहा करना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने राकेश सिंह राजपूत की ओर से प्रस्तुत अग्रिम जमानत की याचिका पर राज्य शासन से चार सप्ताह में जवाब मांगा है। गौरतलब है कि पहले भोपाल जिला अदालत और फिर मप्र हाईकोर्ट जबलपुर द्वारा राजपूत की अग्रिम जमानत याचिका खारिज की जा चुकी है। आरजीपीवी में 19.48 करोड़ रुपए के घोटाले के मामले में पुलिस आरजीपीवी के तत्कालीन रजिस्ट्रार राकेश सिंह राजपूत की सरगर्मी से तलाश कर रही है।*

**पहले दिन हुए एक हजार पंजीयन**

# कॉलेजों में प्रवेश पाने के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

- इंटरनेट से निकाली मार्कशीट से करा सकेंगे दस्तावेजों का सत्यापन

प्रदेश के निजी व सरकारी कॉलेजों में ग्रेजुएशन प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया एक मई से शुरू हो गई है। पहले चरण में पंजीयन की आखिरी तारीख 20 मई है। बुधवार को पहले दिन एक हजार के करीब पंजीयन होने का अनुमान है।

मप्र बोर्ड का हायर सेकंडरी का रिजल्ट घोषित हो चुका है, लेकिन अभी मार्कशीट आने में समय लगेगा। लेकिन विद्यार्थियों के लिए इस बार यह राहत की बात है कि छात्र स्नातक पहले वर्ष में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन व ऑनलाइन दस्तावेज का सत्यापन हायर सेकंडरी की इंटरनेट से निकाली मार्कशीट को सेल्फ अटेस्ट के माध्यम से करा सकेंगे। पिछले साल तक स्नातक में प्रवेश के लिए ओरिजनल मार्कशीट के आधार पर ही दस्तावेज का सत्यापन होता था। इससे विद्यार्थियों को इस बार बड़ी राहत मिली है।

## नगर निगम एवं बीसीएलएल की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

# बीमा अस्पताल बस स्टॉप पर बना रखा था हॉकर्स कॉर्नर, बेचे जा रहे थे चाट-समोसे और नूडल्स

*बस स्टॉप संचालक के प्रतिनिधि भी रहे उपस्थित अतिक्रमणकारियों को दी चेतावनी, सामान जब्त*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सोनागिरी स्थित बीमा अस्पताल के निकट निर्मित बस स्टॉप पर हॉकर्स संचालक द्वारा किए गए अतिक्रमण के विरूद्ध अतिक्रमण विरोधी कार्यवाही कर सामान जप्त किया गया। नगर निगम की बीसीएलएल कम्पनी संचालित सिटी बसों में यात्रा करने वाले यात्रियों की सुविधा हेतु भोपाल शहर में विभिन्न स्थलों पर बस स्टॉप का निर्माण कराया गया है।

इन बस स्टॉप पर हो रहे अतिक्रमण की लगातार मिल रही जानकारी के बाद बुधवार को कार्रवाई की गई।



### और बस स्टॉप पर भी होगी कार्रवाई

उक्त कार्यवाही के दौरान बस स्टॉप संचालक कम्पनी आर्क आउटडोर मीडिया प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे तथा उक्त प्रतिनिधि को उपरोक्त बस स्टॉप के साथ-साथ अन्य बस स्टॉपों के भी उचित रखरखाव एवं देखरेख किये जाने हेतु मौके पर निर्देशित किया गया। इस प्रकार की कार्यवाही बस स्टॉपों पर अतिक्रमण चिन्हित कर निरन्तर की जाएगी।

इन्द्रपुरी स्थित बीमा अस्पताल के निकट स्थित बस स्टॉप पर एक हॉकर्स संचालक द्वारा अतिक्रमण कर तथा बस स्टॉप का इस्तेमाल करते हुये चाट-समोसे नूडल्स का व्यवसाय किया जा रहा था। बस स्टॉप पर किये जा रहे अतिक्रमण की सूचना प्राप्त होने पर नगर पालिक निगम अतिक्रमण अमला एवं बीसीएलएल की संयुक्त टीम द्वारा बस स्टॉप से लगे हॉकर्स संचालक के विरुद्ध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करते हुए सामान जप्त किया गया एवं भविष्य में अतिक्रमण ना किये जाने की चेतावनी दी गई।

# सात साल की बच्ची के साथ युवक ने की अश्लील हरकत

**भोपाल।** निशातपुरा में रहने वाली सात साल की बच्ची के साथ युवक द्वारा अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली सात वर्षीय बच्ची करीब एक महीने पहले पास ही एक स्थान पर खेलने पहुंची थी।

इस दौरान वहां चौकीदारी करने वाले युवक ने बुरी नीयत से उसका हाथ पकड़ कर अश्लील हरकत की थी। बच्ची ने इसकी जानकारी अपने भाई को दी थी। मंगलवार को परिजनों को पता चला तो वह उसे लेकर थाने पहुंचे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

**हवा बदलने से इस सप्ताह भोपाल में नहीं चलेगी लू, दो से 3 दिन में बढ़ सकता है पारा**

# मई की टंडी तपन: बढ़ने के बजाय रोज गिर रहा दिन-रात का पारा

*रीवा, टीकमगढ़ सहित कुछ जिलों में 3 डिग्री तक गिरावट, प्रदेश का औसत अधिकतम पारा 40 डिग्री के करीब, पचमढ़ी में 32 और ग्वालियर में दिन का पारा 37 डिग्री पर*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हवाएं बदलने से बुधवार को प्रदेशभर में दिन और रात का तापमान मई के लिहाल से बढ़ने के बजाय गिर गया। भोपाल सहित प्रदेशभर में औसतन एक डिग्री की गिरावट के बाद औसत अधिकतम पारा 40 डिग्री के करीब पहुंच गया। यह सामान्य से औसतन 2 डिग्री तक कम है।

इससे गर्मी का अहसास सामान्य से कम रहा है। रीवा, टीकमगढ़ सहित कुछ जिलों पारा 3 डिग्री तक गिरने से यह सामान्य से एक से 2 डिग्री तक कम रहा। ग्वालियर में पारा 1.3 डिग्री गिरकर 37 डिग्री रहा, यह सामान्य से 5 डिग्री कम है। वहीं, पचमढ़ी में प्रदेश का सबसे कम दिन का तापमान 32.8 डिग्री रहा है। ग्वालियर, दतिया, उमरिया में रात का पारा 5 से 6 डिग्री तक गिरा है। दमोह, जबलपुर, खजुराहो, रीवा, सतना में 3 डिग्री तक गिरावट रही। औसत न्यूनतम पारा 23 डिग्री रहा है। प्रदेश का सबसे कम रात का पारा दतिया में 19 डिग्री रहा है। मौसम केंद्र के अनुसार अगले कुछ दिनों में दिन के तापमान में बढ़त होगी, जबकि कुछ जिलों में लू भी चल सकती है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार इस सप्ताह भोपाल में लू नहीं चलेगी। प्रदेश में भी गर्मी का असर ज्यादा नहीं बढ़ेगा।



### इसलिए गिरा पारा

पश्चिमी विक्षोभ अब आगे बढ़कर लद्दाख के ऊपर सक्रिय है। इससे प्रदेश में हवाएं बदलकर उत्तरी और उत्तर-पश्चिमी हो गई हैं। इससे प्रदेशभर में दिन के साथ रात के तापमान में भी गिरावट हुई है। हवाओं का यह क्रम गुरुवार को भी जारी रहेगा। कुछ हिस्सों में तापमान में मामूली बढ़त होगी, जिसमें भोपाल में भी एक डिग्री तक का बदलाव हो सकता है।

### 6 से 7 मई को बादल, बारिश के आसार

मौसम विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार प्रदेश में 3 मई की रात एक पश्चिमी विक्षोभ आएगा। इससे मौसम में फिर बदलेगा। 6 से 7 मई के बीच भोपाल सहित ज्यादातर जिलों में गरज-चमक के साथ बादल-बौछारें पड़ेंगी। इससे तापमान में बढ़त नहीं होगी। हालांकि, रात का पारा सामान्य से अधिक रहेगा।

### 3 से 4 दिन ही लू

मई में दिन में गर्मी का मिजाज सामान्य रहेगा। भोपाल सहित प्रदेश के ज्यादातर जिलों में लू का असर 2 से 4 दिन ही रहेगा। पहले और दूसरे सप्ताह में लू चलने की उम्मीद कम है।

# एम्स: कपिंग और जोंक थेरेपी से दूर हुआ मरीजों के जोड़ों का दर्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल





राजधानी के एम्स में यूनानी चिकित्सा द्वारा कपिंग और जोंक थैरेपी से कई मरीजों का जोड़ों के दर्द, आर्थराइटिस, दाद, एक्जिमा तथा मुहांसे काफी आराम मिला है। कपिंग थेरेपी में सक्शन पैदा करने, रक्त प्रवाह को बढ़ावा देने और मांसपेशियों के तनाव को कम करने के लिए त्वचा पर कप लगाना जाता है।

यह चिकित्सा जोड़ों के दर्द, आर्थराइटिस, त्वचा संबंधी रोग जैसे दाद, एक्जिमा तथा मुहांसे में काफी लाभदायक पद्धति है। वहीं जोंक थैरेपी से सोरायसिस, वेरिकोस वेंस, अल्सर और गंजापन इत्यादि में लाभदायक है। यह चिकित्सा प्रणाली रक्त से अशुद्धियों को दूर करने के लिए औषधीय जोंक का उपयोग करती है।

## जैकेट का शेष

### उनसे सीधी बात...

उनका काम कराना। अक्षय बम का कोई सीताहरण नहीं हुआ, जीतू पटवारी का यह आरोप पूरी तरह गलत है।

**सवाल:** आपके कारण से आज इंदौर से कांग्रेस पार्टी का प्रत्याशी नहीं है। यहां के लोग आज कांग्रेस पार्टी को वोट देने से वंचित हो गए, क्या आपको इसका अपराधबोध है?

**जवाब:** इंदौर के लोग वोट देते हैं, इसमें कोई संशय नहीं है। लेकिन व्यक्ति यह भी सोचता है कि आज देश किस दिशा में आगे बढ़ रहा है। कांग्रेस पार्टी को तय करना चाहिए था कि कौन क्या काम करेगा और जब वह नहीं करेगा, तो ऐसा ही हश्र होगा। मैं कांग्रेस पार्टी में रहते हुए 6 घंटे काम करता था और आज मैं भाजपा में 18 घंटे तक काम कर रहा हूं, यह भाजपा और कांग्रेस में अंतर है। कांग्रेस में मस्त जिंदगी तो थी, लेकिन मैं फंसने के लिए ही भाजपा में आया हूं। मैं यहां काम करने से खुश हूं।

**सवाल:** जो फैसला आपने लिया, उस पर कई सवाल उठ रहे हैं, इस संदर्भ में इंदौर शहर की जनता से क्या कहना चाहेंगे?

**जवाब:** मैंने इंदौर के लिए एक नारा दिया था और मैं उस पर आज भी कायम हूं। 'क्लीन इंदौर-ग्रीन इंदौर, ड्रीम इंदौर, हैप्पी इंदौर'। इन 4 चीजों पर मुझे काम करना है। इनमें से एक चीज हो चुकी है। बाकी 3 पर काम करना है। इंदौर शहर की जनता पीएम मोदी के साथ आगे बढ़े, यह मेरा संदेश है। क्योंकि, यही दौर इस समय चल रहा है। इंदौर की जनता स्वतंत्र है और वह अपने मत के अनुसार देशहित तथा इंदौर के हित में वोट करे। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मुझे जो जवाबदारी मिलेगी, उस तरह की जिम्मेदारी के साथ इंदौर की जनता के लिए काम करूंगा।

### एफआईआर दर्ज होने...

आरोपी पुलिस के संपर्क में थे। बुधवार सुबह मीडिया स्कूल और हॉस्टल तक पहुंची तो आरोपी फरार हो गए। रात तक पुलिस इस गंभीर मामले में कुछ भी कहने से बचती नजर आई। पुलिस केवल यही कहती रही कि इस तरह की शिकायत आई है और जांच की जा रही है। बच्ची की मां का कहना है कि पुलिस ने मामले को दबाने का भरपूर प्रयास किया है। इसके विपरीत पुलिस का कहना है कि बच्ची की मां के थाने पहुंचने के बाद पूछताछ की गई और एफआईआर दर्ज कर ली गई। मामले में अरेरा हिल्स के सब इंस्पेक्टर प्रकाश राजपूत की भूमिका संदिग्ध नजर आ रही है। बुधवार शाम को एसआई राजपूत को लाइन अटैच कर दिया गया। एसआई राजपूत पूर्व में भी अपने रवैए को लेकर चर्चाओं में रह चुके हैं।

मामले की गंभीरता को देखते हुए सुबह मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एसआईटी का गठन कर मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। एसआईटी प्रमुख एसीपी रजनीश कश्यप के नेतृत्व में थाना प्रभारी मनीष राज भदौरिया और एसआई श्वेता मिश्रा द्वारा जांच की जा रही है। पांच दिन के अंदर जांच रिपोर्ट डीसीपी जोन टू श्रृद्धा तिवारी को सौंपी जाएगी। कमलनाथ ने इस गंभीर मुद्दे पर सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा कि भोपाल के एक स्कूल में छोटी बच्ची के साथ दरिंदगी की घटना दिल दहला देने वाली है।

### हॉस्टल पर बुलडोजर...

मांग भी की है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् भोपाल गुरुवार सुबह 10 बजे ज्ञान गंगा स्कूल के बाहर विरोध में प्रदर्शन कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग करेगा।

### दंडी आश्रम में 19...

आचार्य को गिरफ्तार कराया। आरोपी सेवादार फरार है। बड़नगर रोड स्थित 30 साल पुराने दंडी आश्रम में बच्चों के साथ कई दिनों से आरोपी आचार्य राहुल शर्मा और आरोपी सेवादार अजय ठाकुर गलत काम कर रहा था। दोनों बच्चों को कमरे में बुलाकर घिनौना काम करते थे। शुरू में तीन बच्चों के साथ गलत काम होने की जानकारी सामने आई। अभिभावकों ने मंगलवार को बैठक की तो पीड़ित किशोरों की संख्या तीन से बढ़कर 19 हो गई। राजगढ़, मंदसौर और देवास के पुलिस को बताया कि पिछले कई दिन से अजय ठाकुर और राहुल शर्मा उनका यौन शोषण कर रहे थे। पुलिस ने राहुल शर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी अजय फरार है।

**राहुल ने की थी दुष्कर्म पीड़िता की मदद:** बता दें, आरोपी आचार्य राहुल शर्मा ने 7 महीने पहले एक रेप पीड़िता की मदद की थी। खून से सनी 12 साल की बच्ची आधे-अधूरे कपड़ों में ढाई घंटे से भटक रही थी। राहुल ने उसे खाना खिलाकर महाकाल थाने में सूचना दी थी।

### राष्ट्रपति मुर्मू ने...

स्थित साकेत होटल में विश्राम कर अल्पाहार किया। बाद में सरयू आरती करने पहुंची जहां उनके स्वागत के लिए घाट की सीढ़ियां पर रेड कारपेट बिछाया गया था। राष्ट्रपति ने करीब आधे घंटे तक सरयू का दर्शन पूजन और आरती की इस दौरान उन्होंने सरयू आरती के समित के अध्यक्ष महंत शशिकांत दास से सरयू की महिमा के बारे में जानकारी प्राप्त की। अंत में राष्ट्रपति ने राम जन्मभूमि पर सर्व प्रथम रामलला का दर्शन किया। उनके स्वागत में मंदिर परिसर सहित पूरे गर्भगृह को भव्य रूप से फूलों से सजाया गया था। रामलला का दर्शन पूजन करने के बाद कोई कुबेर टीला पहुंचीं, जहां उन्होंने कुबेश्वर महादेव का दर्शन किया। राष्ट्रपति कुबेश्वर महादेव का पूजन कर रात करीब 8:00 बजे अयोध्या से दिल्ली के लिए रवाना हो गईं।

### आना तो हमेशा...

होती है, तो कभी दलित व आदिवासी पृष्ठभूमि से आने वाले रामनाथ कोविंद और द्रौपदी मुर्मू जैसे लोगों के राष्ट्रपति बनने से।

## पेज एक का शेष

### जांच एजेंसियों को शक...

हिंदुस्तान में अस्थिरता लाने या फिर डर के हालात पैदा करना चाहता था। इसके लिए आईएसआई के इशारे पर आईएस लगातार भारत के खिलाफ साइबर वॉर की साजिश रच रहा था। यही वजह है कि दिल्ली पुलिस जांच कर रही है की क्या इन धमकी भरे मेल के पीछे किसी आतंकी संगठन की साजिश तो नही? दरअसल, बुधवार सुबह 4 बजे के करीब दिल्ली करीब 60 और नोएडा-ग्रेटर नोएडा के 40 से ज्यादा स्कूलों में एक मेल के जरिए बम की धमकी मिली। इसकी खबर मिलते ही स्कूलों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। छात्रों को तुरंत क्लास से बाहर निकाल लिया गया। स्कूलों ने अभिभावकों से अपने बच्चों को घर से वापस ले जाने का मैसेज किया। वहीं, बम की सूचना मिलते ही पुलिस और बम निरोधक दस्ते ने स्कूलों की जांच शुरू कर दी। किसी भी स्कूल में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। जिन स्कूलों में बम की धमकी मिली उनमें द्वारका डीपीएस, मयूर विहार का मदर मैरी, दिल्ली का संस्कृति स्कूल और नोएडा के डीपीएस जैसे हाईप्रोफाइल स्कूल शामिल हैं। डीसीपी देवेश कुमार महला ने कहा कि हमने सभी स्कूलों की जांच कर ली है। कहीं पर भी कुछ नहीं मिला है।

### एलजी बोले-उपद्रवियों ...

पर पोस्ट किया कि कुछ स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। छात्रों को स्कूल से बाहर निकाल लिया गया है और दिल्ली पुलिस द्वारा स्कूल परिसरों की तलाशी ली जा रही है।

### कांग्रेस ने लगभग 100...

किया। इंदिरा गांधी ने 29 बार संविधान में संशोधन किया। राजीव गांधी ने 10 बार संविधान में संशोधन किया। यह कांग्रेस का चरित्र है, पर आरोप भाजपा पर लगाते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को सागर संसदीय क्षेत्र के बीना में आम जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कांग्रेस के भाजपा पर संविधान बदलने के आरोपों का सिलसिलेवार जवाब दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सोनिया गांधी ने पीछे से सरकार चलाई। वह भी संविधान में संशोधन लेकर आई। नरसिम्हा राव की सरकार में भी संविधान में संशोधन आए। कांग्रेस ने लगभग 100 बार खुद संविधान में संशोधन किया, पर आरोप दूसरे पर लगा रहे हैं। राहुल गांधी के ऐसी नादानी की बात करने के लिए डूब मरना चाहिए। राहुल गांधी झूठ की दुकान हैं, जब भी बोलते हैं झूठ ही बोलते हैं। ऐसे जोरदार तरीके से बोलते है कि उनको खुद ही नहीं पता चलता कि वे क्या कह रहे हैं। पर जनता सब समझती है। डॉ. यादव ने कहा कि मोदी जी ने पाकिस्तान की सीमा से आतंकवादियों को समाप्त करने काम किया। सेना ने पराक्रम और पुरुषार्थ किया, लेकिन कांग्रेस और इनके लोग कह रहे हैं कि कहां मारा। लगभग 10 साल से देश के अंदर एक भी आतंकवादी घटना हुई क्या?

### इनकी मम्मी, दादी और ...

वो भी गरीबी दूर नहीं कर पाए। इनका ये बहादुर कह रहा हैं कि एक झटके में गरीबी दूर कर देंगे।

**13 महीने तक सरकार चलाई, एक मंत्री तक नहीं बदल पाए:** मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सबका साथ, सबका विकास करके बताते हैं। आपने विधानसभा चुनाव में वोट दिया। जब सरकार के गठन का मामला आया तो हमने कहा, हम सभी वर्गों का ध्यान रखते हैं। छत्तीसगढ़ से सरकार बनी तो विष्णु देव साय को पहली बार ट्राइबल (अनुसूचित वर्ग) से छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री बनाया। मप्र में आपके भाई को मौका दिया है। आपका आभार मानता हूं। आप भी भाजपा के साथ जुड़ जाओ, कल तुम्हारी भी लॉटरी लग सकती है। भाजपा किसी को भी मौका दे सकती है। भाजपा सच्चे अर्थों में लोकतंत्र की स्थापना करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कहा था कि 10 दिन के अंदर अगर किसानों का कर्जा माफ नहीं हुआ, तो मुख्यमंत्री बदल देंगे। इन्होंने 13 महीने तक सरकार चलाई, एक मंत्री तक नहीं बदल पाए।

**5 को आ जाएगी लाड़ली बहना की राशि:** डॉ. यादव ने कहा कि आज एक तारीख हो गई है, 5 तारीख को लाड़ली बहना की राशि वितरित की जाएगी। कांग्रेस वाले रोज कह रहे हैं, इस महीने नहीं मिलेगी, अरे तुम कहते रहो हम देते रहेंगे। हमारी सरकार जनता की सेवा करने के लिए है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में सुशासन का यज्ञ चल रहा है। हम सभी को उसमें आहुति देना है। उन्होंने कहा कि हमने 3 महीने की सरकार चलाई, हमारी सरकार ने निर्णय किया है, जिनके पास आयुष्मान कार्ड है उनका 5 लाख रुपए तक का इलाज फ्री किया जाएगा, चाहे वो किसी भी उम्र के हों। गंभीर मरीज को इलाज के लिए हम एयर एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाएंगे।

### हथियार देने वाले ...

है, जिस पर शूटरों को हथियार मुहैया कराने का आरोप है। महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) अदालत के विशेष न्यायाधीश ए एम पाटिल ने आरोपी विक्की गुप्ता (24), सागर पाल (21) और अनुज थापन (32) को पुलिस हिरासत में और सोनू कुमार चंदर बिश्नोई (37) को चिकित्सा आधार पर 8 मई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। पुलिस ने कथित शूटर गुप्ता और पाल के साथ ही बिश्नोई और थापन के खिलाफ सख्त मकोका कानून के प्रावधानों के तहत शनिवार को मुकदमा दर्ज किया था। बिश्नोई और थापन पर दो आग्नेयास्त्र और कारतूस उपलब्ध कराने का आरोप है। पुलिस ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई तथा उसके भाई अनमोल को वांछित आरोपी बताया है।

### आदि-नादिर को लिस्टेड...

इसके तहत एक हिस्सा आदि गोदरेज और उनके भाई नादिर को मिलेगा जबकि दूसरा, चचेरे भाई जमशेद और बहन स्मिता को। आदि और नादिर ने गोदरेज इंडस्ट्रीज अपने पास रखी है, जिसमें पांच लिस्टेड कंपनियां हैं। जमशेद और स्मिता के हिस्से में गैर-लिस्टेड कंपनी गोदरेज एंड बॉयस और मुंबई में उससे जुड़ी प्रमुख संपत्ति सहित लैंड बैंक आया है। ग्रुप ने 30 अप्रैल को स्टॉक एक्सचेंज को इसकी जानकारी दी है। गोदरेज ट्रेडमार्क का दोनों फैमिली ग्रुप्स इस्तेमाल कर सकेंगे। यानी, दोनों के पास इसकी ओनरशिप होगी। सेपरेशन एग्रीमेंट में 6 साल का नॉन-कम्पीट क्लॉज है। यानी, परिवार छह साल के बाद ही एक अलग ब्रांड नाम के साथ दूसरे के बिजनेस एरिया में एंटर कर सकेंगे। गोदरेज एंपायर को फैमिली के दो ग्रुप चलाते हैं। इनका नेतृत्व चचेरे भाई आदि गोदरेज और जमशेद गोदरेज करते हैं। आदि एक समय ग्रुप के चेयरमैन थे, लेकिन चचेरे भाई के साथ कड़वाहट के कारण उन्हें इस पद से हटना पड़ा।

### इंदौर के रणजीत हनुमान...

है कि काफी भीड़ थी। इस दौरान भगदड़ भी मची। तबी अचानक युवक की तबीयत बिगड़ी। उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई। प्रशासन का कहना है कि भंडारे में 40 हजार से ज्यादा लोग थे। भीड़ जरूर ज्यादा थी, लेकिन भगदड़ नहीं मची। युवक की मौत भी हार्टअटैक से हुई। उसका वजन 120 किलो था। बता दें कि रणजीत हनुमान मंदिर में मंगलवार को भंडारा आयोजित किया गया। रात 11 बजे बाद भंडारे में बड़ी संख्या में लोग प्रसादी लेने आए। परिसर के एंट्री और एक्जिट गेट पर भारी भीड़ थी। वहां पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बेरिकेड भी लगाए गए थे, लेकिन रात को एक्जिट गेट पर भीड़ ज्यादा होने लगी। प्रसादी लेकर लोगों को घर जाने की जल्दी थी। इस बीच गोविंद कॉलोनी निवासी विजय पिता सुंदरलाल प्रजापति का संतुलन बिगड़ा और वह गेट पर गिर पड़ा। उसे गेट पर तैनात पुलिस जवानों ने भीड़ से निकाला और अस्पताल ले गए। जहां मृत घोषित कर दिया।

### सामने आई पहली झलक ...

दिए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, शुरुआत में ऐसी 50 ट्रेनें बनाई जाएंगी और धीरे-धीरे इनकी संख्या बढ़ाकर 400 की जाएगी। सूत्रों ने बताया कि रेंज के मामले में वंदे भारत मेट्रो ट्रेनें 100 किमी से लेकर 250 किमी के बीच चलाई जाएंगी। इसमें डिफॉल्ट कॉन्फिगरेशन के रूप में 12 कोच होंगे, लेकिन इसे 16 कोच तक बढ़ाया जा सकता है। बता दें कि वंदे भारत देश की पहली सेमी-हाई स्पीड ट्रेन है जिसे 15 फरवरी, 2019 को नई दिल्ली और वाराणसी के बीच हरी झंडी दिखाई गई थी। 102 वंदे भारत ट्रेन 24 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 284 जिलों से होकर 100 मार्गों पर चलती हैं।

### 3-4 मई की रात ...

भारत आ सकते हैं। इससे पहले एसआईटी ने कहा था कि समन के बाद जांच एजेंसी के सामने पेश नहीं होने पर रेवन्ना को 'भगोड़ा' घोषित किया जाएगा। रेवन्ना और उनके पिता के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 354ए (यौन उत्पीड़न), 354डी (पीछा करना), 506 (आपराधिक धमकी), और 509 (एक महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाना) के तहत एफआईआर दर्ज की गई।

### जो लोग इस वैक्सीन के ...

जोखिम कारकों की जांच करने और वैक्सीन से हुए नुकसान का निर्धारण करने के लिए केंद्र को निर्देश जारी करने की भी मांग की गई है। इतना ही नहीं इस याचिका में ये भी साफ तौर पर कहा गया है कि जो लोग इस वैक्सीन को लगाने की वजह से अक्षम हो गए हैं या जिनकी मौत हो गई है उन्हें मुआवजा देने का निर्देश दिया जाए।


हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

**आवश्यकता**

सुनहरा मौका वनविभाग ने निकाली सीधी पक्की भर्ती परमानेंट बेसेस पर (10000 पदो पर) पद - वनरक्षक, क्लर्क, चपरासी, माली, सैलरी-25670+35850/- आवेदन - 10+12th पास लड़के लड़किया आवेदन हेतु- आधारकार्ड, पासपोर्ट फोटो,मार्कसीट व्हाट्सएप /कॉल करे - 9046968782
R- 30/04 to 03/05

सिक्योरिटी कंपनी को भारी मात्रा में अनुभवी गार्ड, लेडी गार्ड एवं सुपरवाइजर की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन दी जावेगी। तुरंत संपर्क करे। 9630490364, 9993771317
B- 04/04 to 03/05/24

कोमोरी ऑफसेट ऑपरेटर - कोमोरी लिथ्रोन -426,प्रिंटिंग मशीन हेतु कर्मचारियों की अति शीघ्र आवश्यकता है। ऑपरेटर, फिडर मैन, कटिंग मैन, हेल्पर संपर्क - 7566100099- हिन्दुजा ऑफसेट, रायपुर(छत्तीसगढ़)
R- 14/04 to 13/05/24

ट्रक ड्राइवर की आवश्यकता है 14 चक्का लेलेंद्र लाइन में चलने के लिए वेतन-15000+ फिक्स ट्रिप-15000+ प्रति ट्रिप संपर्क करें - 9109191899, 94252-13622. (RO-968)
R- 02, to 05/05/24

@ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 10X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2022 से लागू

**नाम परिवर्तन**

मैं, जेनुल सैफी (ZAINUL SAIFY) पुत्र श्री लियाकत हुसैन सैफी, निवासी 24 बीडीए कॉलोनी, कोहेफिजा, भोपाल म.प्र., मेरे आधार कार्ड में मेरे नाम की Speling ZAINUL SAIFY अंकित है, जो कि सही व सत्य है, तथा पासपोर्ट में मेरा नाम ZAINAL SAIFY अंकित है। उपरोक्त दोनों नाम ZAINUL SAIFY एवं ZAINAL SAIFY मेरे ही नाम है, में दोनों नामों से जाना पहचाना जाता हूँ अर्थात उपरोक्त नाम एक ही व्यक्ति के नाम है, तथा ZAINUL SAIFY को मान्य किया जावें।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम NUZHAT SULTANA था। परन्तु अब मैंने नाम परिवर्तित कर SYED NUZHAT ALI कर लिया है। अतः अब मुझे SYED NUZHAT ALI D/O SYED JAFAR ALI निवासी B-108, NEAR SARASWATI SCHOOL, POST - GOVINDPURA, BAGH DILKUSHA, BHOPAL (M.P.) के नाम से जाना व पहचाना जाए।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विवाह के पूर्व मेरा नाम ANITA MALGHANI D/O BHAGWANDAS MALGHANI था। जो कि मेरी बारहवीं की मार्कशीट में दर्ज है। किंतु विवाह के पश्चात मेरा नाम परिवर्तित होकर KIRAN DEVI NOTWANI हो गया है। अतः भविष्य में अब मुझे मेरे इसी नए नाम KIRAN DEVI NOTWANI W/O SUNIL KUMAR NOTWANI से जाना व पहचाना जाए। ADDRESS : Shanti Nagar, M.E.S. ke Pass, Hemu Colony Ward, Murwara, Katni (M.P.) - 483501

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। - व्यावस्थापक

**महालक्ष्मी फायनेंस**
*महिलाओं को विशेष छूट (सरकार द्वारा रजिस्टर)
1% ब्याज 50% छूट
सभी प्रकार की योजनाओं के द्वारा लोन ऑनलाईन पाएं
एजेंट आमंत्रित वेतन - 25,000/- प्रतिमाह + कमीशन
मार्कशीट | पर्सनल | बिजनेस | कृषि | होमलोन | प्रॉपर्टी | व्यवसाय | राशनकार्ड | आधारकार्ड | मुर्गीपालन | ईंटभट्टा | समूह लोन
नया रोजगार शुरु करने के लिए जनधन मुद्रा योजना के द्वारा 1 लाख से 50 लाख तक 24/48 घंटे में घर बैठे लोन
9917370725
B-01/05 to 30/05/24

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844
R-28/03 to 12/05/24 not on 17/4

**Medical Help Line**
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

कृत्रिंग अंग (पैर)
कैलिपर, एवं शारिरिक सहायक उपकरण बनायें जाते है।
संपर्क करें- मो.9826350154,6266402502
अजंता रिहैविलिटेशन सेंटर 5/4 संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर न्यू मार्केट के पास भोपाल (म.प्र.)

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड
उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आम सूचना/कोर्ट नोटिस


## राशिफल

**मेष** — संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** — खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** — कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक** — संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

**धनु** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** — आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन** — किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

## शब्द पहेली - 5499



**बाएँ से दाए-**
1. छुट्टी, रजा-4
3. वध, आघात-4
5. दशानन-3
7. अनमोल, अनूठा-3
8. अनाथ, बेसहारा-3
10. खजूर-3
11. रहम करना-2,3
14. गहराई नापना-2,3
17. लगातार, सतत-5
20. संतुष्ट होना-2,3
23. बीच में, दौरान-3
24. खुश, आनंदित-3
25. शिक्षा-3
26. शोक-3
27. जांचना, परखना-4
28. धार्मिक विधि का आयोजन करने वाला-4

**ऊपर से नीचे**
2. मयखाना, मधुशाला-5
3. प्रेमकहानी-5
4. चापलूसी-4
6. नटना, वचन तोड़ना-4
7. फिजूल, व्यर्थ-3
9. अव्यवस्थित समूह, भीड़-3
12. गुजर करना-3
13. वेग, गति-3
15. खूबसूरत-3
16. पर्वतीय मैदान, समतल पर्वत-3
17. गुजारिश, मांग-4
18. सुअर-3
19. गुस्सा होना-5
20. ममतापूर्ण-5
22. अयोग्य, असंगत-4

**शब्द पहेली -5498 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ल | र | व | | | | मु | का | ब | ला |
| मी | | | त | म | त | मा | ना | | | ज |
| श | ब | | न | या | | न | दी | | जी | वा |
| न | र | क | | न | म | क | | ख | रा | ब |
| | दा | म | न | | जा | | न | फा | | |
| | न | | ख | त | | म | न | | म | |
| | | सा | रा | | आ | | द | म | न | |
| अ | ना | र | | र | स | म | | त | ह | री |
| मा | ता | | ल | क | | सौ | त | | र | त |
| न | | | च | म | क | दा | र | | | स |
| त | क | दी | र | | | | ल | ल | का | र |

## सूडोकु नवताल - 5510

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5509 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

## खबर संक्षेप

### चीनी का घरेलू उत्पादन 316 लाख टन के करीब

**नई दिल्ली।** गन्ना की क्रशिंग एवं चीनी के उत्पादन का मौजूदा सीजन अब अंतिम चरण में पहुंच गया है और केवल 23 इकाइयां ही क्रियाशील रह गई है। हालांकि पिछले सीजन की तुलना में इस बार चीनी का उत्पादन कुछ कम हुआ है सहकारी चीनी मिलों के शीर्ष संगठन- नेशनल फेडरेशन ऑफ को ऑपरेटिव शुगर फैक्ट्रीज के नवीनतम आंकड़ों से पता चलता है कि चालू मार्केटिंग सीजन में 1 अक्टूबर 2023 से 30 अप्रैल 2024 तक देश में कुल 3129.75 लाख टन गन्ना की क्रशिंग हुई।

### एलकेपी सिक्योरिटीज की आय 3278 लाख रुपए

**नई दिल्ली।** लीडिंग फाइनेंशियल सर्विसेज प्रोवाइडर एलकेपी सिक्योरिटीज लिमिटेड ने फाइनेंशियल ईयर 24 की चौथी तिमाही और फाइनेंशियल ईयर 24 के लिए शानदार कमाई की सूचना दी है। 31 मार्च, 2024 की समाप्त तिमाही के लिए ऑपरेशनल रेवेन्यू 3278 लाख रुपए बताया गया। जिसमें तिमाही दर तिमाही 34.20 फीसदी की वृद्धि हुई। एबिटा तिमाही दर तिमाही दर पर 76.63 फीसदी की वृद्धि हुई, जो 1405 लाख रुपए से 1831लाख रुपए पहुंची।

### एवीजी लॉजिस्टिक्स को मिल बड़ा कॉन्ट्रैक्ट

**मुंबई।** एवीजी लॉजिस्टिक्स लिमिटेड ने एक विख्यात इलेक्ट्रिकल उपकरण निर्माता से महत्वपूर्ण कॉन्ट्रैक्ट प्राप्त किया है। एवीजी लॉजिस्टिक्स ईको अनुकूल पद्धतियों को अपनाते हुए सर्फेस ट्रांसपोर्टेशन उद्योग में बदलाव करने तैयार है। कॉन्ट्रैक्ट मूल्य लगभग 50 करोड है जिसकी 3 वर्ष की अवधि में आपूर्ति की जाएगी। एवीजी लॉजिस्टिक्स लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ, संजय गुप्ता ने कहाकि हम इस नए कॉन्ट्रैक्ट के बारे में रोमांचित है। यह हमारे लिए बड़ी जीत है ।

### नुजिवीडु सीड्स ने एनपी 9183 हार्डिल सुपर पेश किया

**रायपुर।** नुजिवीडु सीड्स लिमिटेड ने एनपी 9183 हार्डिल सुपर के लांच की घोषणा की। जो धान की एक क्रांतिकारी किस्म है जो चावल की खेती के तरीकों को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार है। आधिकारिक अनावरण रायपुर में हुआ। यह छत्तीसगढ़, ओडिशा, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में किसानों के लिए चावल की खेती में एक नए युग की शुरुआत करता है, जो अद्वितीय उपज क्षमता और बेहतर गुणवत्ता का वादा करता है। एनपी 9183 हार्डिल सुपर चावल की खेती में एक गेम-चेंजर के रूप में खड़ा है । नुजिविदु सीड्स लिमिटेड के जोनल प्रमुख प्रतीक शर्मा ने कहाकि एनपी 9183 हार्डिल सुपर चावल की खेती में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतिनिधित्व करता है।

# 50 फीसदी तक 'बिना चमक' वाले गेहूं खरीदने की इजाजत

*अंतिम तिथि 15 मई से बढ़कर 20 मई हुई*

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश की मोहन सरकार ने किसानों के हित में बड़ा फैसला लिया है। सरकार अब राज्य में किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद 20 मई तक करेगी। इसके लिए सरकार ने खरीद की अंतिम तिथि 15 मई से बढ़ाकर 20 मई कर दी है। अब तक प्रदेश में चार लाख 18 हजार किसानों से 31 लाख 55 हजार टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है।

अब तक प्रदेश में 4.18 लाख किसानों से 31 लाख 55 हजार टन गेहूं की खरीदी



### समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद में छूट

सरकार ने रबी फसलों के लिए समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद की प्रतिशत सीमा में छूट दी है। अब 50 प्रतिशत चमक हानि (गेहूं के दानों की चमक खत्म होना, दाना खराब होना और सिकुड़ा हुआ दिखना) की सीमा 30 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दी गई है। किसानों से गेहूं 2275 रुपए और राज्य बोनस 125 कुल 2400 रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जा रहा है। किसान तय मानकों से भी खराब गेहूं ला रहे हैं।

### 15 लाख किसानों ने कराया है पंजीयन

प्रदेश में सरकार ने समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदने के लिए इंदौर, उज्जैन, भोपाल और नर्मदापुरम संभाग के लिए 7 मई और जबलपुर, रीवा, शहडोल, सागर, ग्वालियर और चंबल संभाग के लिए 15 मई की अवधि निर्धारित की थी। बारिश और ओलावृष्टि के कारण कई स्थानों पर खरीद कार्य प्रभावित हुआ। इतना ही नहीं पैदावार पर भी असर पड़ा है. इसे देखते हुए केंद्र सरकार ने 50 फीसदी तक बिना चमक वाली गेहूं खरीदने की इजाजत दे दी है। सभी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए सरकार ने खरीदी की अवधि 20 मई तक बढ़ा दी है। खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग ने सभी कलेक्टरों को पंजीकृत किसानों को इसकी सूचना देने के निर्देश दिए हैं, ताकि वे अपनी सुविधा के अनुसार उपज लेकर उपार्जन केंद्र पर पहुंच सकें। प्रदेश में 15 लाख किसानों ने समर्थन मूल्य पर अपनी उपज बेचने के लिए पंजीयन कराया है।

**निवेशकों को बड़ा नुकसान**

# एक नोटिस और बिखर गया रामदेव की कंपनी का शेयर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

योगगुरु रामदेव की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। बीते कुछ दिनों में रामदेव को भ्रामक विज्ञापन मामले में सुप्रीम कोर्ट की फटकार सुननी पड़ी है तो उनकी कंपनियों पर भी कई तरह के एक्शन लिए गए हैं।

इस माहौल के बीच रामदेव की लिस्टेड कंपनी- पतंजलि फूड्स लिमिटेड के निवेशकों को भी बड़ा नुकसान हुआ है। बीते मंगलवार को पतंजलि फूड्स लिमिटेड के शेयर में 4 फीसदी से ज्यादा की गिरावट आई और यह 1500 रुपए के नीचे आ गया। हालांकि, कारोबार के अंत में शेयर एक दिन पहले के मुकाबले 3.41फीसदी लुढ़कर कर 1510.25 रुपए पर बंद हुआ। बुधवार को महाराष्ट्र दिवस की वजह से शेयर बाजार बंद था। दरअसल, पतंजलि फूड्स को माल एवं सेवा कर आसूचना विभाग ने कारण बताओ नोटिस भेजकर कंपनी से यह बताने को कहा है कि उससे 27.46 करोड़ रुपये का इनपुट टैक्स क्रेडिट क्यों नहीं वसूला जाना चाहिए। पतंजलि आयुर्वेद समूह की कंपनी को जीएसटी आसूचना महानिदेशालय, चंडीगढ़ जोनल यूनिट से नोटिस मिला है।

## होटल, रेस्टोरेंट संचालकों को मिली राहत कॅमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम घटे

# भोपाल के 10 हजार तो मप्र के 50 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को राहत

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

तेल विपणन कंपनियों ने मई माह के पहले दिन कॅमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम कम करक होटल , रेस्टोरेंट और रेहड़ी-पटरी पर दुकान लगाने वालों को राहत दी। कंपनियों ने कॅमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में 19 रुपए की कटौती है। इसके बाद राजधानी भोपाल में 1770 रुपए में मिलने वाला 19 किलोग्राम वाला एलपीजी सिलेंडर अब उपभोक्ता को 1751 रुपए में मिलेगा है।

विनायक गैस एजेंसी के संचालक आरके बामोरिया ने बताया कि राजधानी भोपाल में 10 हजार से अधिक और मध्यप्रदेश के 50 हजार से अधिक कॅमर्शियल एलपीजी सिलेंडर उपभोक्ताओं को केंद्र सरकार के निर्देश पर तेल विपणन कंपनियों ने राहत प्रदान की है। बामोरिया ने बताया कि रसोई गैस सिलेंडर के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ है। 14.2 किलो ग्राम एलपीजी सिलेंडर के दाम 808 रुपए 50 पैसे पर यथावत बने हुए है।



### एयरलाइंस को झटका, महंगा हुआ हवाई ईंधन

तेल विपणन कंपनियों ने हवाई ईंधने यानी जेट फ्यूल के प्राइसेज बढ़ा दिए हैं। इसके तहत दाम में 749.25 रुपए किलो लीटर की बढ़ोतरी की गई है। इसकी नई दरें बुधवार से ही लागू हो गईं। इससे पहले अप्रैल में करीब 502.91 रुपए किलो लीटर की कटौती हुई थी, जबकि मार्च महीने में 624.37/ किलो लीटर दाम बढ़े थे। गौरतलब है कि हाल ही में ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल के भाव में संशोधन किया था। 14 मार्च को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 2-2 रुपए प्रति लीटर की कटौती की गई थी।

### एचडीएफसी बैंक के पेजैप एप को 'सेलेंट मॉडल बैंक' का पुरस्कार मिला

**मुंबई।** एचडीएफसी बैंक के मोबाइल एप पेजैप को "सेलेंट मॉडल बैंक" अवॉर्ड मिला है। एचडीएफसी बैंक के पेजैप को यह अवॉर्ड्स पेमेंट इनोवेशन की श्रेणियों में सेलेंट मॉडल बैंक पुरस्कार समारोह में प्रदान किए गए। सेलेंट का वार्षिक मॉडल बैंक पुरस्कार बैंकिंग में प्रौद्योगिकी के उपयोग में सर्वोत्तम प्रथाओं का जश्न मनाता है और उन्हें स्वीकार करता है। पेज़ैप दुनिया भर के 36 देशों के 140 प्लस नामांकनों में से चुने गए 19 विजेताओं में से एक है। इस अत्यधिक प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए निर्णायक मानदंडों में स्पष्ट व्यावसायिक लाभ, उद्योग के सापेक्ष नवाचार का स्तर और प्रौद्योगिकी उत्कृष्टता शामिल हैं। एचडीएफसी बैंक के ग्रुप हेड रवि संथानम ने अवॉर्ड प्राप्त करने को लेकर कहाकि सेलेंट की मान्यता हमारे ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने वाले विश्व स्तरीय डिजिटल बैंकिंग समाधान प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

*यूको बैंक के प्रबंध निदेशक अश्वनी कुमार ने पेश किए वार्षिक लेखाबंदी के खाते*

# बैंक को 1654 करोड़ रु. का लाभ सालभर में खुली 28 नई शाखाएं




वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

यूको बैंक, प्रधान कार्यालय में प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी अश्वनी कुमार ने वित्तीय वर्ष 2023-24 की वार्षिक लेखाबंदी के खाते प्रस्तुत किए गए। इस वित्तीय वर्ष के परिणामों में 1654 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ घोषित किया गया है। इसके साथ ही सभी प्रमुख मापदंडों में सकारात्मक वृद्धि भी दर्ज की गई है। जहां कुल अनर्जक आस्तियां घटकर 0.89 फीसदी ही रह गई हैं। वहीं बैंक का कुल कारोबार 450007 करोड़ रहा है। गत वित्तीय वर्ष की तुलना में निवल ब्याज आय में 10.32 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। बैंक का सकल अग्रिम 15.62 फीसदी बढ़कर 186877 करोड़ हो गया है। बैंक का वार्षिक परिचालन लाभ 4576 करोड़ रुपए रहा।

### बैंक अब डिपोजिट ग्रोथ और ऋण विस्तार पर फोकस

बैंक के प्रबंध निदेशक अश्वनी कुमार ने बताया कि बैंक अब डिपोजिट ग्रोथ और ऋण विस्तार पर फोकस कर रहा है। अब हमारा फोकस विदेशी व्यवसाय में निवेश करने, मार्केट शेयर सुधार करने के साथ-साथ कारोबार की गुणवत्ता और कॉर्पोरेट संविभाग में और भी बेहतरीन कार्यनिष्पादन करना है। हमारा मोबाइल बैंकिंग एप अब नए फीचर के साथ उपलब्ध है और अब हमारा प्रयास रहेगा कि हम आने वाले समय में और नवोन्मेषी उत्पादों व योजनाओं के माध्यम से मार्केट में ज्यादा वृद्धि करने के साथ ही श्रेष्ठतम ग्राहक सेवा देने में सक्षम हों।

### 30 जून तक विशेष गृह एवं कार ऋण अभियान


उल्लेखनीय है कि बैंक द्वारा व्यवसाय वृद्धि एवं नए ग्राहकों को जोडने के उद्देश्य से 10 अप्रैल से 30 जून 2024 तक विशेष गृह एवं कार ऋण अभियान आयोजन किया जा रहा है जिसमें होम लोन एवं कार लोन के प्रसंस्करण प्रभार में 100 फीसदी छूट रखी गई है। मध्यम एवं लघु उद्योग को बढ़ावा देने के लिए एमएसएमई ऋण पर विशेष जोर दिया जा रहा है । 31मार्च 2024 को समाप्त बारह माह के दौरान बैंक ने 28 नई शाखाएं खोलीं हैं । अश्वनी कुमार ने भोपाल अंचल में प्रथम आगमन हुआ। इस अवसर पर भोपाल अंचल के महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख राजेश उपाध्याय ने प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी के आगमन को सौभाग्यशाली बताया।

# मजदूर दिवस पर हनुमानगंज जुमेराती बाजार आधे दिन बंद

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी के थोक बाजार हनुमानगंज,जुमेराती आज मजदूरों के अंतर्राष्ट्रीय महापर्व मई दिवस के अवसर पर आधे दिन बंद रहे है।

भोपाल दाल-चावल थोक व्यापारी संघ हनुमानगंज-जुमेराती के अध्यक्ष और हनुमानगंज स्थित फर्म दयालदास अर्जुनदास एंड संस के संचालक ईश्वरदास संगतानी ने बताया कि मजदूर दिवस पर बाजार के हम्माल यूनियंस द्वारा परम्परा अनुसार संयुक्त रैली निकाली गई और सभा की गई। इस मौके पर बाजार के सैकड़ों हम्माल एकत्रित हुए। इस मौके पर यूनियंस ने भोपाल दाल-चावल थोक व्यापारी संघ के पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया।



### शादियों का सीजन बीतते ही सोने-चांदी के गिरे भाव

शादियों का यह सीजन खत्म हो गया। लग्न मुहूर्त समाप्त होते ही सोने-चांदी के तेवर नरम पड़ गए हैं। बुधवार को सर्राफा मार्केट में 24 कैरेट सोना 205 रुपए प्रति 10 ग्राम सस्ता होकर 72230 रुपए पर खुला। जबकि, चांदी 460 रुपए प्रति किलो सस्ती होकर 80914 रुपए किलो ग्राम के भाव पर ट्रेड की। बाजार जानकार और सराफा व्यापार आनंद सोनी के अनुसार सोने-चांदी के भाव गिरने के 8 कारण है। भू-राजनीतिक तनाव कम हो रहा। जून से टल सकती है अमेरिकी ब्याज दर में कटौती। रिस्क रिवार्ड रेशियो अनुकूल नहीं है।

**वाणिज्यिक कर विभाग को अप्रैल माह में 2865 करोड़ रुपए का जीएसटी राजस्व मिला**

# जीएसटी राजस्व वृद्धि दर में 'मप्र' देश में प्रथम स्थान पर

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश के वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा राजस्व संग्रहण में उल्लेखनीय कार्य किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभाग के द्वारा विशेष प्रयासों के परिमाण स्वरूप राजस्व संग्रहण में उत्तरोत्तर सफलता अर्जित की जा रही है। पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 के अप्रेल माह में 2865 करोड़ रुपएजीएसटी राजस्व प्राप्त हुआ था, इसकी तुलना में इस वित्तीय वर्ष के माह अप्रेल में जीएसटी अंतर्गत रू. 3713 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ, जो पूर्व वर्ष से 30 प्रतिशत अधिक है।

जुलाई, 2017 में जीएसटी लागू होने के उपरान्त किसी भी माह में प्राप्त जीएसटी की यह सर्वाधिक राशि है। अप्रेल माह में सम्पूर्ण देश में जीएसटी राजस्व की वृद्धि दर गत अप्रेल की तुलना में 11 प्रतिशत रही है जबकि मध्यप्रदेश में यह 30 प्रतिशत है । इस प्रकार माह अप्रेल की जीएसटी राजस्व वृद्धि दर में मध्यप्रदेश सम्पूर्ण देश में प्रथम स्थान पर है।

### *प्रदेश में पंजीकृत व्यवसायी 5 लाख से भी अधिक*




*विभाग द्वारा पंजीकृत व्यवसाईयों की संख्या में वृद्धि के लिए पंजीयन अभियान के तहत पूर्ण तत्परता के साथ कार्य करते हुए अपंजीयत व्यवसायियों को पंजीयत करने का कार्य किया गया। इसी का परिणाम है कि, वर्तमान में प्रदेश में पंजीकृत व्यवसायियों की कुल संख्या 5 लाख से भी अधिक पहुंच चुकी है। 1 अप्रैल 2018 को पंजीयत व्यवसायी 384438 की तुलना में वर्तमान में पंजीयत व्यवसायी की संख्या 544388 है, जो तुलनात्मक रूप से 41.60 प्रतिशत अधिक है। विभाग के द्वारा पंजीयन सत्यापन के लिए मोबाईल एप तैयार किया गया है तथा इस एप के माध्यम से ही फील्ड अधिकारियों के द्वारा संदिग्ध व्यवसाइयों के पंजीयन सत्यापन की कार्यवाही की जा रही है। विभाग के द्वारा बोगस, फेक तथा निष्क्रिय व्यवसाईयों को नियमित रूप से चिन्हित किया जाकर इनके पंजीयन निरस्तीकरण की कार्यवाही प्राथमिकता पर की जा रही है।*

### राजस्व वृद्धि के विशेष अभियान

विभाग के द्वारा स्कूटनी, ऑडिट एवं प्रवर्तन के विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। मुख्यालय स्थित डेटा, कमाण्ड एंड कंट्रोल सेन्टर में एनालिटिक्स टीम के द्वारा आयकर अधिनियम से संबंधित 26एएस में उपलब्ध जानकारी का जीएसटी रिटर्नस से मिलान, अन्य शासकीय विभागों जैसे कोष एवं लेखा, माईनिंग, ट्रांसपोर्ट आदि से जानकारी प्राप्त कर उनका मिलान भी जीएसटी रिटर्नस से किया जा रहा है।

### ठेकेदारों से बिल बनवाने का प्रयास

मेरे विचार में इस वृद्धि का मुख्य कारण वित्तीय वर्ष के अंतिम माह मार्च में कंपनियों द्वारा लक्ष्य पूर्ति के लिए अधिक बिलिंग एवं वर्ष के आखिरी माह में खातों के एडजस्टमेंट के कारण अप्रैल माह में कर की राशि अधिक जमा होना है। शासकीय विभागों में भी बजट की राशि उपयोग करने के कारण ठेकेदारों से बिल बनवाने का प्रयास किया जाता है।

मृदुल ऑर्य, अध्यक्ष, टैक्स लॉ बार एसोसिएशन भोपाल

## बैंकिंग व्यवस्था सेवा की जगह अब बाजार पर आधारित हो रही

क्रेडिट कार्ड यूजर्स को क्रेडिट कार्ड से बिजली और पानी का बिल भरना महंगा हो गया है। 1 मई से क्रेडिट कार्ड से बिल का भुगतान करने पर 1 फीसदी शुल्क देना होगा। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और यस बैंक ने इस शुल्क को लेने का ऐलान कर दिया है। बुधवार से अगर 2 हजार रुपए का बिजली बिल क्रेडिट कार्ड से भरेंगे तो 20 रुपए अतिरिक्त का भुगतान करना होगा। हालांकि, दोनों बैंकों ने ग्राहकों को फिलहाल थोड़ी राहत भी दी है। इस संबंध में टैक्स ला बार एसोसिएशन अध्यक्ष मृदुल आर्य ने कहाकि देश में बैंकिंग व्यवस्था सेवा की जगह बाजार पर आधारित होती जा रही है, प्राइवेट बैंक वापस शुल्क वसूलना शुरू कर दिए हैं इसलिए सरकारी बैंकों को भी लाभ की स्थिती में आने के लिए ऐसा करना होगा। भारत में विश्व की तरह उपभोक्तावादी संस्कृति बढ़ती जा रही है इस कारण क्रेडिट कार्ड का उपयोग बड़ा है, व्यक्ति क्रेडिट का उपयोग कर लेता है परंतु भुगतान के समय आय कम होने के कारण डिफॉल्ट का खतरा रहता है।



## बिजनेस न्यूज

### भाभा विवि में फार्मेसी विभाग ने आयोजित की एचपीएलसी कार्यशाला

**भोपाल।** भाभा विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग के डीन डॉ.सत्कार प्रसाद ने क्रोमो एचपीएलसी प्रशिक्षण केंद्र के सहयोग से एचपीएलसी पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया । इस कार्यशाला में फाइनल ईयर के छात्रों ने हिस्सा लिया। इसका आयोजन निशीथ श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश एचपीएलसी संचालन के विषय में विद्यार्थीयो को प्रैक्टिकल अनुभव देना रहा । फार्मेसी विभाग से इस कार्यशाला का संचालन सहायक प्रोफेसर जया पांडे एवं सोना ठाकुर ने किया । सभी विद्यार्थियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण का प्रमाणपत्र भी दिया गया।



### मानसरोवर पब्लिक स्कूल में समर कैंप का आगाज

**भोपाल।** मानसरोवर पब्लिक स्कूल में एक माह के समर कैम्प का शुभारंभ बुधवार को किया गया। समर कैम्प के पहले दिन बड़ी संख्या में पहुंचे विद्यार्थियों ने जहां एक ओर स्वीमिंग, फुटबॉल, बास्केटबॉल आदि आउटडोर गेम्स खेले वहीं दूसरी ओर डांस, म्यूजिक, कैलिग्राफी, आर्ट एंड क्राफ्ट और रोबोटिक्स एक्टिविटी में काफी एंजॉय किया। इतना ही नहीं समर कैम्प में योगा में बच्चों के साथ उनकी मां ने भी फिटनेस के गुण सीखे। समर कैम्प का शुभारंभ मुख्य अतिथि मानसरोवर ग्रुप की डायरेक्टर दिशा तिवारी ने मां सरस्वती के वंदन और विधिवत पूजन के साथ किया। जिसके बाद बच्चों का उनके ट्रेनर्स और कोच से परिचय कराया गया। समर कैम्प की को-ऑर्डिनेटर प्रतिभा शर्मा और अमिता तिवारी ने बताया कि कैम्प 31 मई तक जारी रहेगा। जिसमें कि आउटडोर स्पोर्ट्स में स्वीमिंग, बास्केटबॉल, फुटबॉल, इनडोर में चेस, कराटे, गिटार, कीबोर्ड, कॉन्गो, तबला, वेस्टर्न डांस और जुम्बा, आर्ट एंड क्राफ्ट, कैलिग्राफी, रोबोटिक्स, ड्रॉइंग एंड क्राफ्ट, योगा आदि एक्टिविटीज सिखाई जा रही है, जिसमें बच्चे बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। एक्टिविटी के लिए समर कैम्प में एडमिशन अभी जारी है। समर कैम्प के शुभारंभ अवसर पर एक्टिविटी ट्रेनर्स, कोच सहित बड़ी संख्या में बच्चे मौजूद रहे।



### आईआईटी बीएस डेटा साइंस के 2,500 विद्यार्थियों को जॉब और प्रमोशन मिला

**चेन्नई।** डेटा साइंस और एप्लिकेशन में आईआईटी मद्रास की बीएस डिग्री के चार साल पूरे हो रहे हैं। संस्थान ने अब तक इस प्रोग्राम के 2,500 से अधिक छात्रों को नौकरी या पदोन्नति लेने में सक्षम बनाया है। 850 से अधिक छात्र कॉर्नेल यूनिवर्सिटी और जॉर्जिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, यूएस और आल्टो यूनिवर्सिटी, फिनलैंड जैसे प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के मास्टर और पीएचडी प्रोग्राम में प्रवेश लेने में सफल रहे हैं। इतना ही नहीं, बहुत से विद्यार्थी अपने प्राथमिक डोमेन से स्ट्रीम बदल कर कंप्यूटर साइंस या डेटा साइंस में प्रवेश ले चुके हैं। जून 2020 में शुरू किया गया यह एक अभूतपूर्व प्रोग्राम है, जो आईआईटी मद्रास से पढ़ने के इच्छुक छात्रों का सपना जेईई की कठिन परीक्षा दिए बिना संभव बनाता है। वर्तमान में पूरे भारत के 27,000 से अधिक छात्र इस प्रोग्राम में नामांकित हैं। पढ़ाई ऑनलाइन होती है और परीक्षाएं फिजिकल मोड में होती है। पूरे देश और विदेशों में भी कुल 150 केंद्रों पर परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं। इस तरह बीएस डिग्री के माध्यम से संस्थान ने भौगोलिक और उम्र जैसी बाधाओं को दूर कर विद्यार्थियों को आईआईटी की उच्च गुणवत्ता के साथ उच्च शिक्षा जन-जन के लिए सुलभ बना दिया है। मई 2024 बैच के लिए 26 मई 2024 तक आवेदन कर सकते हैं।

### भारत में लांच हुई फर्स्ट एवर ऑल इलेक्ट्रिक बीएमडब्ल्यू आई5 एम60 एक्स ड्राइव

**नई दिल्ली।** पहली बीएमडब्ल्यू आई5 भारत में लांच की गई और यह एक विशेष बीएमडब्ल्यू एम परफॉर्मेंस मॉडल बीएमडब्ल्यू आई5 एम60 एक्सड्राइव के रूप में उपलब्ध होगी। इसकी एक्स शोरूम की 11950000 रुपए है। यह ऑल-इलेक्ट्रिक स्पोर्टी एक्जीक्यूटिव सेडान शानदार उपस्थिति नवीन प्रौद्योगिकी और गतिशील प्रदर्शन के साथ आगे बढ़ती है। बीएमडब्ल्यू एम जीएमबीएच के एक प्रदर्शन मॉडल के रूप में ऑल-इलेक्ट्रिक बीएमडब्ल्यू आई5 एम60 एक्सड्राइव विशिष्ट बाहरी विशेषताओं के साथ मानक के रूप में आता है जो इसकी उत्कृष्ट खेल क्षमता को भी रेखांकित करता है। पहली बीएमडब्ल्यू आई5 एम60 एक्स ड्राइव आज से भारत भर में सभी बीएमडब्ल्यू डीलरशिप पर कंप्लीटली बिल्ट अप यूनिट मॉडल के रूप में उपलब्ध है।



### मैरिंगो में जीआई कैंसर के उपचार के लिए नए युग का उदय

**अहमदाबाद ।** मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल ने अहमदाबाद स्थित अस्पताल में एक आधुनिक रोबोटिक सर्जिकल सिस्टम का उपयोग करते हुए गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल (जीआई) कैंसर की सफल रोबोटिक सर्जरी की शुरुआत के साथ एक अभूतपूर्व उपलब्धि प्राप्त की। चिकित्सकीय विशेषज्ञता का यह उल्लेखनीय प्रदर्शन जीआई के कैंसर को प्रबंधित करने के लिए कम से कम चीर-फाड़ करने वाले सर्जिकल तरीकों में एक बड़ी प्रगति का अगुआई करता है। यह सर्जरी प्रसिद्ध सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. सोमशेखर एसपी, एस्टर मेडिकल सेंटर, बेंगलुरु के मार्गदर्शन के अंतर्गत डॉ. महावीर तड़ैया, सलाहकार जीआई एवं गायने ओन्को-सर्जन, मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल द्वारा की गई थी।

# अब लोग जमकर खरीद रहे भारत आटा और भारत राइस

सरकार ने की फरवरी से अब तक की 5.6 लाख टन भारत राइस की बिक्री




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने एनएएफईडी , केंद्रीय भंडार और एनसीसीएफ के जरिए भारत आटा और भारत राइस की बिक्री शुरू की थी। अब तक 5.6 लाख टन चावल भारत राइस ब्रैंड के तहत बेचा जा चुका है। वहीं, 9 लाख 60 हजार टन गेहूं भारत आटा में इस्तेमाल किया गया है। इस साल 6 फरवरी से 29 रुपए प्रति किलो के भाव पर 5 और 10 किलो के बैग में भारत राइस की बिक्री शुरू की गई थी।

सूत्रों ने बताया कि अनाज की सरकारी खरीद की नोडल एजेंसी फूड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने भारत राइस के लिए कुल 15 लाख टन चावल का एलोकेशन तय किया था। तीनों एजेंसियों ने एफसीआई से 7.1 लाख टन चावल लिया है, जिसमें से अब तक 5.6 लाख टन को भारत राइस ब्रैंड के तहत बेचा गया है। भारत आटा के लिए एफसीआई ने टोटल 15 लाख टन गेहूं का एलोकेशन तय किया था। तीनों एजेंसियों ने अब तक 9 लाख 60 हजार टन गेहूं एफसीआई से लिया है। इन तीनों एजेंसियों के जरिए ही सरकार 27.5 रुपये प्रति किलो के भाव पर भारत आटा बेच रही है।

### अमेजन पे में आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड पर ज्याद बचत

**नई दिल्ली।** ग्राहकों को अमेजन पे में आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड से भुगतान पर ज्यादा बचत होगी। प्राइम मेंबर्स को 5 फीसदी तक कैशबैक और जो प्राइम मेंबर्स नहीं हैं, उन्हें खरीदारी पर 3 फीसदी तक की छूट मिलेगा। अमेजन पे पर फ्लाइट, कैब, होटल बुकिंग से लेकर फंकी ट्रैवल गैजेट्स तक, के लिए आपकी गर्मियों की छुट्टी की शानदार योजना बनाने के लिए की संपूर्ण जानकारी है। अमेजन पे की मदद से अपनी ट्रैवल टिकट बुक करें और इंटरनेशनल फ्लाइट पर 5000 रुपए तक की छूट और डोमेस्टिक फ्लाइट पर 10 फीसदी तक की छूट का लाभ मिलेगा।

**विज्ञप्ति**

"जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. राजगढ़ (ब्यावर) म.प्र. प्रधान कार्यालय स्तर पर स्टॉक फार्म रजिस्टर बैंक / संस्था तथा डेड स्टॉक कम्प्यूटर, हार्डवेयर, फर्नीचर एवं बैंक भवनो इत्यादि मदो का बिल्डिंग फायर, स्कंध फायर, वर्गलरी, आंधी, तुफान, चक्रवात, बारिश, बिल्डिंग कांटेट वर्गलरी, भूकंप आदि का बीमा करवाया जाना है। अतः पंजीकृत बीमा कम्पनी से सील बंद लिफाफे मे दिनांक 10.05.2024 दिन शुक्रवार तक कार्यालयीन समय तक दरे आमंत्रित की जाती है। बीमाधन, बीमा अवधि एवं अन्य समस्त शर्ते बैंक प्रधान कार्यालय राजगढ़ मे कार्यालयीन समय मे देख सकते है।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**

**क्षेत्रीय कार्यालय, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण परिसर, ई-5, अरेरा कालोनी, भोपाल**

**लोक सुनवाई के संबंध में आम सूचना**

भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 यथा संशोधित के प्रावधानों के तहत् सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है मेसर्स श्री निखिल कुमार सिंह, स्टोन क्वारी एण्ड एम सेण्ड हेक्टेयर खसरा नं. 244,245 ग्राम करदई तहसील हुजूर जिला भोपाल में प्रस्तावित स्टोन क्वारी एण्ड एम. सेण्ड की स्थापना हेतु पर्यावरण स्वीकृति संबंध में लोक सुनवाई हेतु आवेदन किया गया है । उक्त परियोजना से संबंधित ई.आई.ए. रिपोर्ट एवं कार्यपालक - सार का अवलोकन कार्यालय कलेक्टर भोपाल, कार्यालय जिला पंचायत भोपाल, ग्राम करदई, तहसील हुजूर जिला भोपाल, कार्यालय महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र भोपाल, कार्यालय जनपद जिला भोपाल, क्षेत्रीय कार्यालय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड़, क्रमांक - 3, राजयोग भवन के पास, ई-5, अरेरा कालोनी भोपाल मुख्यालय / क्षेत्रीय कार्यालय मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पर्यावरण परिसर, भोपाल में कार्यालयीन समय में किया जा सकता है। उक्त परियोजना के कार्यपालक - सार की जानकारी मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के बेवसाइट www.mppcb.mp.gov.in पर भी उपलब्ध है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त परियोजना के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव विचार, टीका टिप्पणी अथवा आपत्ति प्रस्तुत करना हो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अंदर संबंधित विनियामक प्राधिकरणों (Concerned Regulatory Authority)/ क्षेत्रीय अधिकारी, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पर्यावरण परिसर, ई-5, अरेरा कालोनी, भोपाल, के कार्यालय में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत की जा सकती है। उक्त परियोजना के संबंध में लोक सुनवाई दिनांक 07.06.2024 दिन शुक्रवार को 11:00 बजे से उत्खनिपट्टा क्षेत्र ग्राम करदई तहसील हुजूर जिला भोपाल में आयोजित की गई है, जिसमें भी सुझाव विचार, टीका टिप्पणी अथवा आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

**क्षेत्रीय अधिकारी**
**म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, भोपाल**

## चिंतन

# सामान्य सी खबर नहीं है बहुत ज्यादा गर्मी पड़ना

इस साल बहुत ज्यादा गर्मी पड़ेगी, पढ़ने और सुनने को यह सामान्य खबर ही लगती है, लेकिन अगर इसके मायनों को देखेंगे तो भविष्य में आने वाले गंभीर खतरे नजर आते हैं। जो न केवल मानव जाति बल्कि पूरी धरा के लिए बहुत बुरे होंगे। इसका असर न केवल धरती के समूचे मौसम चक्र और कालांतर में मनुष्य के जीवन चक्र पर पड़ेगा और सब कुछ उलट-पलट कर रख देगा। इसके चलते कहीं बेमौसम बारिश और कहीं भयानक गर्मी पड़ने की आशंका है। दुनिया विकास के नाम पर संसाधनों का दोहन करते हुए जिस तरह आगे बढ़ रही है, वैज्ञानिकों का मानना है कि 2050 तक दुनिया का तापमान डेढ़ डिग्री सेल्सियस बढ़ जाएगा। इसके बाद अगले पचास सालों में दुनिया का तापमान दो से चार डिग्री सेल्सियस बढ़ सकता है। आप भविष्य की तरफ न जाकर भूतकाल को ही देखेंगे तो औद्योगिकीकरण से पहले के काल की तुलना में 2023 में धरती का औसत तापमान 1.45 डिग्री सेल्सियस बढ़ चुका है और बुरे परिणाम में आने शुरू हो गए हैं। गलेशियर लगातार पिघल रहे हैं और धरती पर पानी में मात्रा में लगातार इजाफा हो रहा है। जिससे दुनिया के अनेक शहरों का पानी के गर्त में समा जाने का खतरा पैदा हो गया है। सबसे ज्यादा चिंता की बात तो यह है कि मौसम खुद को जितनी तेजी से बदल रहा है, हम मानव उतनी तेजी से अपना व्यवहार नहीं बदल पा रहे। शायद हम मनुष्य इस बात को नहीं समझ पा रहे कि मौसम हमारे द्वारा बनाई गई सीमाओं को नहीं मानता। मौसम की चेतावनी पूरी धरती के लिए, अर्थात इस धरती पर रहने वाले, पलने वाले, फलने-फूलने वाले, हर चल-अचल के लिए है। इसलिए पर्यावरण के बारे में वर्ल्ड लीडरों की भाषणबाजी से ज्यादा प्रत्यक्ष रूप से अपने आचरण में ठोस बदलाव की जरूरत है। इस बात को गंभीरतापूर्वक समझना होगा कि अगर मौसम के बदलने की रफ्तार तेज है तो हमें भी अपने कार्बन उत्सर्जन के मानकों और उद्देश्यों को तेजी से नए सिरे से निर्धारित करना होगा। न सिर्फ कार्बन उत्सर्जन, बल्कि मीथेन और नाइट्रेड ऑक्साइड भी नई चुनौती है। चीन के बाद भारत ही सबसे ज्यादा मीथेन का उत्सर्जन करता है। इसकी बड़ी वजह हमारा पशुधन है। पशुधन को बचाते हुए मीथेन को नियंत्रित करना होगा। विकास और पर्यावरण में संतुलन जैसी बाज़ारवादी संकल्पनाओं को कुछ समय के लिए विराम देना होगा। लेकिन दुर्भाग्य से इस दिशा में मानव समाज की कोई ठोस तैयारी दिखाई नहीं देती। यही वजह है कि इन दिनों धरती को आहत करने वाले चक्रवाती तूफानों की संख्या में कुछ वर्षों से तेजी से इजाफा हुआ है। कौन उत्तराखंड में तबाही के मंजर को कौन याद करना चाहेगा या फिर भूकंप की त्रासदी को भूल पाएगा। हर साल कोई न कोई चक्रवाती तूफान धरती के किसी न किसी हिस्से को तहस-नहस कर दे रहा है, लेकिन हम आपनी जीवन शैली में कोई सुधार करने को तैयार नहीं हैं। अब फिर आईएमडी का कहना है कि राष्ट्रीय राजधानी समेत उत्तर भारत के ज्यादातर हिस्सों में मई के महीने में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से ज्यादा रह सकता है। इस दौरान दो से चार दिन लू चल सकती है। बेहाल करने वाली गर्मी होगी। इशारा साफ है कि हम अंधिकार की ओर बढ़ रहे हैं। अगर अब भी सुधरे तो बहुत देर हो जाएगी।



वैक्सीनेशन
डॉ. रमेश ठाकुर

कोरोना वैक्सीन निर्माता कंपनी एस्ट्राजेनेका द्वारा साइड इफेक्ट को लेकर कोर्ट में सरेआम कबूल कर लेने के बाद बीते एकाध दिनों से पूरे संसार में इसी को लेकर चर्चाएं हो रही हैं। भारत में ही नहीं, बल्कि विश्व में कोरोना के बाद कुछ ऐसा हुआ है कि कम उम्र और बिल्कुल तंदुरुस्त और चंगे भले इंसानों को अचानक हार्ट अटैक होना आरंभ हुआ। हालांकि भारत के वैज्ञानिक और चिकित्सक इस पर सहमत नहीं हैं कि इन मौतों का संबंध कोरोना के टीके से है, पर ब्रिटिश कोर्ट ने विशेषज्ञों को नए सिरे से सोचने पर मजबूर कर दिया है। अबं जिम्मेदारी हुकूमत की बनती है कि लोगों के मन में कोविशील्ड को लेकर पनप चुके डर को कैसे भी दूर करें?

# कोविशील्ड के भय को दूर करे सरकार

कोरोना वैक्सीन निर्माता कंपनी एस्ट्राजेनेका द्वारा साइड इफेक्ट को लेकर कोर्ट में सरेआम कबूल कर लेने के बाद बीते एकाध दिनों से पूरे संसार में इसी को लेकर चर्चाएं हो रही हैं। भारत में ही नहीं, बल्कि विश्व में कोरोना के बाद कुछ ऐसा हुआ है कि कम उम्र और बिल्कुल तंदुरुस्त और चंगे भले इंसानों को अचानक हार्ट अटैक होना आरंभ हुआ। सांस्कृतिक मंचन हो, या शादी-ब्याह, पार्टी फंक्शनों में लोगों के नाचने के दौरान गश खाकर गिरना और उसके तुरंत बाद मौत हो जाना? करीब दो-तीन सालों ऐसी मौतें सभी के लिए पहेली बनी हुई हैं। एस्ट्राजेनेका की स्वीकरोक्ति के बाद अब संदेह और गहरा गया है। ऐसा दावा है कि ये सब कोविशील्ड टीके के साइड इफेक्ट के चलते हो रहा है। भ्रम है या हकीकत? ये तो कोई नहीं जानता, पर कोविशील्ड कंपनी के खुलासे ने ये दर्शा दिया है कि भविष्य में टीकाधारकों को साइड इफेक्ट हो सकता है। जबकि, इस वैक्सीन के इस्तेमाल के आंकड़े देखें तो सिर्फ भारत में ही एक अरब 17 करोड़ का है जिसे कोरोना के बाद लोगों ने बचाओ को ध्यान में रखकर लगवाया था। पूरे संसार की बात करें, तो ये आंकड़ा ढाई से तीन अरब तक पहुंचता है।

गौरतलब है कि कोविशील्ड कंपनी एस्ट्राजेनेका ने जब से ब्रिटिश कोर्ट में जज के समक्ष यह स्वीकारा है कि उनके टीके के इस्तेमाल से 'ब्लड क्लॉटिंग' यानी खून के थक्कों के जमने की प्रबल संभावनाएं हैं। जब से चारों तरफ हंगामा मचा हुआ है। उनकी इस स्वीकारोक्ति से संसार भर में दहशत का माहौल है, जिन्होंने कोरोना से बचने के लिए कोरोनाकाल में कोविशील्ड का टीका लगवाया था, वे सब अब बुरी तरह से डरे हुए हैं। लोग चिकित्सकों से परामर्श करने में लगे हुए हैं। हालांकि, तसल्ली इस बात की है कि भारत के लोगों को डरने की जरूरत नहीं है। भारतीय चिकित्सा तंत्र ने इसे मात्र भ्रम ही बताया है। उन्होंने फिलहाल वैक्सीन को सुरक्षित बताते हुए, भरोसा दिया है कि अगर साइड इफेक्ट देखें भी तो उस पर काबू पाने में हमारा हेल्थ सिस्टम सक्षम है। सरकार की ओर से भी यही बताया गया है, पर लोगों के भीतर बैठ चुका डर निकलने का नाम नहीं ले रहा, इसलिए इसे लेकर तरह तरह की बातें हो रही हैं।

इसे लेकर जब इतना हंगामा मचा हुआ है तो ये जानना भी आवश्यक हो जाता है कि आखिर एस्ट्राजेनेका का मामला कोर्ट तक पहुंचा कैसे? दरअसल, ब्रिटिश नागरिक 'जैमी स्कॉट' ने एस्ट्राजेनेका कंपनी के खिलाफ कोर्ट में मुकदमा दर्ज करवाया था। उन्होंने अप्रैल-2021 में कोविशील्ड के टीके लगवाए थे जिसके बाद वह स्थायी तौर पर मस्तिष्क से क्षतिग्रस्त हो गए। जैमी स्कॉट समेत कई अन्य कई लोग भी थ्रोम्बोसिस नामक दुर्लभ बीमारी से ग्रस्त हो गए। तभी इन सभी ने मिलकर कंपनी के खिलाफ कोर्ट में केस दर्ज करवा दिया। उसके बाद इस दिग्गज दवा कंपनी ने कोर्ट में वैक्सीन के कारण गंभीर स्वास्थ्य जटिलताएं पैदा होने की बात स्वीकार ली। कोर्ट ने कंपनी को प्रभावित लोगों को 10 करोड़ पाउंड हर्जाने देने का आदेश भी दिया है।




इस खुलासे के बाद कोविड-19 की अन्य वैक्सीन जैसे फाइजर, मॉडर्ना भी सवालों के घेरे में हैं। ऐ कंपनियां भारत में उस वक्त खूब एक्टिव थी। इन्हें भी अपने टीकों के संबंध में अब जवाब देना होगा, क्योंकि मसला वैश्विक स्तर पर जो गर्मा चुका है।

गौरतलब है कि, जब कोरोना दुनियाभर में कहर बरपा रहा था, पूरी दुनिया इसके चपेट में थी। तब, कोविशील्ड को ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा ईजाद किया गया। वैसे भी कम ही लोग जानते होंगे कि वैक्सीन को कोविशील्ड नाम भारत ने ही दिया था। एस्ट्राजेनेका वैक्स जोब्रिया टीके का निर्माण भारतीय फार्मा कंपनी 'सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया' यानी एसआईआई ने भी अपने स्तर से किया था। टीका बनने के बाद बाकायदा उसका ट्रायल हुआ था। सबसे पहले चूहों पर प्रयोग किया गया। उसके बाद एकाध गंभीर मरीजों को टीके चढ़ाए गए, जिसका रिजल्ट बेहतरीन पाया गया। फिर, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की स्वीकृति मिली, उसके बाद भारतीय वैज्ञानिकों और चिकित्सकों के संयुक्त पैनल की देखरेख में मुकम्मल जांच पड़ताल की गई, उसके बाद कहीं जाकर टीकों को मरीजों में लगवाना आरंभ हुआ।

हां, इतना जरूर है कोविशील्ड को ब्रिटिश में आनन-फानन में नियमों के विरुद्ध जल्दबाजी में बिना ट्रायल के लोगों को टीका देना शुरू कर दिया गया था। ये बात वहां की हुकूमत ने भी अदालत में स्वीकारी है, इसलिए एस्ट्राजेनेका का ये कहना सच साबित होता है कि वैक्सीन बहुत दुर्लभ मामलों में टीटीएस का कारण बन सकती है। चिकित्सकों के मुताबिक इसे लंबे ट्रायल की आवश्यकता थी। जो उस वक्त नहीं किया गया। इसकी जवाबदेही फार्मा कंपनी की ही बनती है। जब उन्हें ये पता था कि इसके दुष्परिणाम भविष्य में अच्छे नहीं होंगे? तो क्यों लोगों के जीवन से खिलवाड़ करने की इजाजत उन्होंने दी। कई ऐसे अहम सवाल हैं जिनके जवाब बिंदुवार तरीके से अब एस्ट्राजेनेका कंपनी को ही देने होंगे। ऐसे में भारतीय चिकित्सकों को चाहिए कि अगर इस टीके से साइड इफेक्ट की उन्हें जरा भी संभावनाएं नजर आती हैं तो उसका तोड़ बिना देर किए अभी से खोजने शुरू कर देने चाहिए, ताकि मानव समाज के जीवन को सुरक्षित बनाया जा सके।

कोरोना से जब संसार तकरीबन-तकरीबन हार चुका था। सभी को अपने जीवन को बचाने के लिए जूझना पड़ रहा था। तब, एस्ट्राज़ेनेका ने वैश्विक साझेदारों के साथ वैश्विक स्तर पर वैक्सीन की तीन बिलियन खुराक बनाई। सरकारों ने उन्हें बाकायदा लक्ष्य दिया हुआ था। जल्दबाजियां हुई थी, जिसे स्वीकारा जा चुका है। उन्हीं की भांति भारत में भी सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ़ इंडिया ने कोविशील्ड टीके का उत्पादन युद्ध स्तर पर किया था और उन्हें भारत सरकार को सौप दिया। कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए एस्ट्राजेनेका ने ऑक्सफोर्ड के साथ मिलकर कोविड वैक्सीन बनाई थी। वहीं, भारत में वैक्सीन बनाने वाली कंपनी सीरम इंस्टिट्यूट ने एस्ट्राजेनेका के साथ समझौता करके कोविशील्ड वैक्सीन बनाई। इसके बाद देश में आधे से अधिक लोगों को कोविशील्ड वैक्सीन लगाई गई। कुछ अन्य कंपनियों की वैक्सीन को भी लोगों ने लगवाया था, लेकिन असर सबका एक जैसा ही दिखाई पड़ता है। हालांकि भारत के वैज्ञानिक और चिकित्सक इस मत में कतई नहीं हैं कि अचानक होती मौतों का संबंध कोरोना के टीकों से है, पर ब्रिटिश कोर्ट के मामले ने विशेषज्ञों को नए सिरे से सोचने पर मजबूर कर दिया है। भारतीय चिकित्सक भी इसकी खोज में लग गए हैं। यहां जिम्मेदारी अब हुकूमत की बनती है कि लोगों के मन में कोविशील्ड को लेकर पनप चुके डर को कैसे भी दूर करे?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं बाल अधिकार कार्यकर्ता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## विश्लेषण
आर.के. सिन्हा



# भारत से कारोबारी संबंधों की बहाली क्यों चाहता है पाक

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने अपने देश की अर्थव्यवस्था की स्थिति पर विचार करने के लिए बीती 26 अप्रैल को अपने मुल्क के उद्योगपतियों से कराची में मुलाकात की। इस दौरान पाकिस्तान के चोटी के उद्योगपति और आरिफ हबीब ग्रुप के चेयरमेन आरिफ हबीब ने शाहबाज शरीफ से पुरजोर गुजारिश की कि पाकिस्तान भारत के साथ अपने व्यापारिक संबंध तुरंत बहाल करे। पाकिस्तान के अखबार द डॉन ने 25 अप्रैल, 2024 को इस खबर को प्रमुखता के साथ छापा भी है। उस वक्त वहां पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और देश के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के समधी इशाक डार भी मौजूद थे। डार ने पिछले महीने ही कहा था कि उनका मुल्क भारत से व्यापारिक संबंध बहाल करना चाहता है। उधर, भारत का मानना है कि व्यापार को द्विपक्षीय संबंधों के सामान्यीकरण के एक हिस्से के रूप में देखा जाना चाहिए। इसके लिए, पाकिस्तान को आतंकवाद पर लगाम लगानी होगी। भारत का यह भी मानना है कि आतंकवाद के मुद्दे पर ठोस कदम उठाए बिना व्यापार शुरू करना संभव नहीं है। दरअसल पाकिस्तान के नेताओं की भारत के साथ व्यापार शुरू करने की इच्छा कोई नई बात नहीं है। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था गंभीर संकट से जूझ रही है। यह सब जानते हैं। भारत के साथ व्यापार, विशेष रूप से चीनी और कपास जैसे उत्पादों का आयात बंद होना, पाकिस्तान के लिए महंगा पड़



रहा है, क्योंकि उसे ये उत्पाद दुबई जैसे देशों से मंगवाने पड़ते हैं। पाकिस्तान के व्यापारिक समुदाय का मानना है कि भारत के साथ सीधा व्यापार आर्थिक विकास को गति दे सकता है। अफ़गानिस्तान और ईरान के साथ तनावपूर्ण संबंधों ने भी पाकिस्तान की आर्थिक समस्याओं को और बढ़ा दिया है। यह भी देखना होगा कि ईरान के नेता की हालिया इस्लामाबाद यात्रा से दोनों देश कितने करीब आते हैं। भारत और पाक के बीच व्यापार दोनों देशों के सीमावर्ती क्षेत्रों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। व्यापार, राजनीतिक मुद्दों पर व्यापक और सार्थक चर्चा के लिए भी एक प्रारंभिक कदम हो सकता है। हालांकि दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों में जल्द सुधार की संभावना भी नहीं है, क्योंकि अभी तो भारत में लोकसभा चुनाव का दौर चल रहा है। इस बीच, भारत को पाकिस्तान के साथ व्यापारिक संबंधों की बहाली करने से कोई बहुत लाभ नहीं होगा। अगर दोनों पड़ोसियों में व्यापारिक संबंध स्थापित होते हैं, तो इससे पाकिस्तान को ही बड़ा लाभ होगा। भारत की चिंता वाजिब है। भारत सरहद पार से होने वाले आतंकवाद का भुक्तभोगी रहा है, इसलिए वह कोई भी कदम बहुत सोच-समझकर ही उठाएगा। अब पाक लाख चाहे पर, पर भारत उससे व्यापारिक संबंधों को लेकर कतई उत्साहित नहीं है। पाक ने ही भारत के साथ अपने आर्थिक संबंधों को खत्म कर लिया था जब नरेंद्र मोदी सरकार ने 2019 में जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को खत्म किया था। तब से पाक के कुछ नेता कहते रहते हैं कि जब तक धारा 370 की बहाली नहीं होगी तब तक वह भारत से संबंध बहाल नहीं करेगा। पिछले दिनों पाकिस्तान में शाहबाज शरीफ की प्रधानमंत्री के रूप में ताजपोशी के बाद यह तय ही था कि वहां भारत से व्यापारिक संबंध शुरू करने की पहल चालू होगी। खराब आर्थिक नीतियों और सेना के भारी बजट के कारण पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था तार- तार हो चुकी है। वह विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ), सऊदी अरब, चीन वगैरह के आगे मदद की आस में रहता है। विश्व बैंक ने 2018 में अनुमान लगाया था कि अगर पाकिस्तान का भारत के साथ व्यापार अपनी क्षमता तक पहुंच जाता है तो उसका निर्यात लगभग 25 बिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है। पाकिस्तान में पूर्व भारतीय उच्चायुक्त और प्रसिद्ध पुस्तक 'एंगर मैनेजमेंटः द ट्रबल्ड डिप्लोमैटिक रिलेशनशिप बिटवीन इंडिया एंड पाकिस्तान' के लेखक अजय बिसारिया कहते हैंः 'अगर भारत-पाकिस्तान में तिजारती संबंध शुरू होते हैं तो पाकिस्तान के कपड़ा और फार्मास्युटिकल क्षेत्रों को तगड़ा लाभ होगा।' सोशल मीडिया के इस दौर में पाकिस्तानी अवाम पड़ोसी भारत के विकास की रफ्तार को बारीकी से देख रहा है। शरीफ जानते हैं कि अब दुनिया युद्ध के रास्ते पर नहीं चल सकती है, क्योंकि; युद्ध विनाश का पर्यायवाची है। पाकिस्तान की भारत के साथ तिजारत की चाहत पूरी हो सकती है, अगर वह आतंकियों की गोद से मुक्त होकर भारत की चिंताओं का समाधान करे।

(लेखक पूर्व भाजपा सांसद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## ईश्वर की प्राप्ति



संकलित
दर्शन

जड़ जगत की रचना के लिए ईश्वर की जो शक्ति काम करती है, उसे प्रकृति कहते हैं और चैतन्य जगत की रचना करने वाली शक्ति को जीव कहते हैं। जिस प्रकार दोनों हाथ एक ही शरीर के दो भाग हैं, उसी प्रकार जीव और प्रकृति दोनों ही ईश्वरतत्व के दो अंश हैं। अध्यात्म तत्व के जिज्ञासु जिस ईश्वर की उपासना करते हैं, असल में वह अखिल आद्यशक्ति का सतोगुणी अंश है। मानवीय उन्नति तो सत्व गुणों को प्राप्त करने से ही हो सकती है। इसलिए उन उच्च गुणों की एक मानसिक प्रतिमा बनाकर उपासना करने का विधान किया गया है। ईश्वर का सत्व गुण अदृश्य रूप से हमारे निकट ही वर्तमान है। उसे अधिक मात्र में खींचकर अपने अंदर भर लेने के लिए प्रेम, श्रद्धा, विश्वास और ध्यान अभ्यास की आवश्यकता होती है। इन्हीं चारों के समन्वय को 'उपासना' कहा जाता है। उपासना जितनी ही प्रबल होगी, आकर्षण भी वैसा ही सशक्त होगा और उसी के अनुसार उपास्य देवतत्व की प्राप्ति होगी। प्रेम, दया, करुणा, सहानुभूति, उदारता, त्याग, समता और न्याय आदि सद्गुणों का निष्ठापूर्वक जितना अधिक चिंतन किया जाता है, उतनी अधिक उनकी प्राप्ति होती है। उन्नति का क्रम तम से सत की ओर चलना है। जिसने जितना ही सत्गुण अपने में धारण कर लिया, आध्यात्मिक दृष्टि से वह उतना ही उन्नतिशील कहा जाएगा। यदि एक भक्त सत्तत्व की उपासना करता है तो कोई कारण नहीं कि उसे वह प्राप्त न हो। ईश्वर की उपासना का तात्पर्य उसके दिव्य सत तत्व की आराधना है।

## योजना बनाकर किए काम में मिलती है सफलता



संकलित
प्रेरणा

रामायण में देवी सीता का हरण हो गया था। श्रीराम और लक्ष्मण सीता को खोज रहे थे। राम-लक्ष्मण उस जंगल में पहुंच गए, जहां सुग्रीव बाली की डर से छिपे हुए थे। सुग्रीव के साथ ही हनुमान जी भी थे। सुग्रीव ने दो राजकुमारों को देखा तो वे डर गए। सुग्रीव ने सोचा कि बाली ने मुझे मारने के लिए इन्हें यहां भेजा है। सुग्रीव ने हनुमान जी से कहा कि आप देखिए वहां दो राजकुमार दिख रहे हैं, वहां जाकर मालूम करो कि कहीं ये हमारे शत्रु तो नहीं हैं। अगर वे शत्रु हैं तो वहीं से इशारा कर देना, हम यहां से कहीं और भाग जाएंगे। अगर वे मित्र हैं तो वहीं से इशारा करना, हम यहीं रुक जाएंगे। हनुमान जी सुग्रीव की आज्ञा पाते ही उन दोनों राजकुमारों के सामने पहुंच गए। हनुमान जी वेष बदलकर गए थे। हनुमान जी ने बुद्धिमानी का उपयोग करते हुए अपना सही परिचय बताए बिना राम-लक्ष्मण की परख की। जब हनुमान जी को मालूम हुआ कि ये राम-लक्ष्मण हैं तो वे अपने असली रूप में आ गए और सुग्रीव को इशारा कर दिया कि ये हमारे शत्रु नहीं हैं। हनुमान जी ने राम-लक्ष्मण से कहा कि आप मेरे राजा सुग्रीव के पास चलिए और उनसे मित्रता कर लीजिए। हनुमान जी राम-लक्ष्मण को लेकर सुग्रीव के पास पहुंचे और इनकी मित्रता कराई। हनुमान जी समझ गए थे कि इन दोनों की समस्याएं एक-दूसरे की मदद से हल हो सकती हैं। इस मित्रता के बाद श्रीराम ने बाली वध किया और सुग्रीव को राजा बना दिया। इसके बाद सुग्रीव ने अपनी पूरी वानर सेना सीता की खोज में लगा दी।

## सटाका




## आज की पाती


### मजदूरों को सेवानिवृत्ति के बाद मिले पेंशन

एक मई को हर साल मजदूर दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर कई प्रोग्राम होते हैं, लेकिन मजदूरों की वास्तविक स्थिति ज्यादा अच्छी नहीं है। कारण यह है कि उन्हें मेहनत के अनुसार पगार नहीं मिलती है। इसलिए मजदूरों को उनके बुढ़ापे में सरकार की ओर से प्रति माह 15,000 हजार रुपए की पेंशन दी जानी चाहिए। इससे सरकारी कोष पर कुछ बोझ जरूर पड़ेगा, लेकिन जब कुछ राज्यों में सरकारी कर्मचारियों को ओपीएस दी जा सकती है, तो मजदूरों के कल्याण के लिए सरकारों को यह बोझ भी वहन कर लेना चाहिए। इससे मजदूरों को बुढ़ापे की जो चिंता होती है, वह खत्म हो जाएगी और उनके चेहरों पर मुस्कान फैलेगी। ऐसी स्थिति में मजदूर अपने बच्चों की मनचाही पढ़ाई करवा सकेंगे। – *सचिन पाठक, महासमुंद*

## करंट अफेयर

### कोलंबिया के सैन्य अड्डे से 37 मिसाइलें चोरी हुई

कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने कहा कि देश के दो सैन्य अड्डों से हजारों गोलों (ग्रेनेड) और गोलियों की चोरी हुई है। पेट्रो ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि सेना ने इस माह निरीक्षण किया और पाया कि हजारों गोलियां, हजारों गोले और तोप रोधी 37 मिसाइलें सैन्य अड्डों से चुराई गई हैं। इन सैन्य अड्डों में से एक देश के मध्य भाग में जबकि दूसरा कैरेबियाई तट के निकट स्थित है। राष्ट्रपति ने कहा कि हो सकता है कि ये गोला–बारूद कोलंबियाई विद्रोही संगठनों के हाथ लगे हों या उन्हें अन्य देशों में आपराधिक समूहों को अवैध रूप से बेच दिया गया हो जिनमें हैती के विद्रोही भी शामिल हैं।




उन्होंने कहा, 'जो सामान गायब है उसके संबंध में यही कहा जा सकता है कि सशस्त्र बलों में भी ऐसे लोगों के नेटवर्क हैं जो हथियारों की अवैध खरीद–फरोख्त में शामिल हैं।' राष्ट्रपति ने कहा कि सशस्त्र बलों को किसी भी आपराधिक संगठन से दूर रखने के लिए सैन्य अड्डों का निरीक्षण जारी रहेगा। सैन्य अडडों की जांच ऐसे वक्त हुई है जब कोलंबिया ने देश के दक्षिण–पश्चिम में विद्रोही संगठन 'एफएआरसी–ईएमसी' के खिलाफ लड़ाई फिर से शुरू की है।

## ऑफ बीट

### क्या न्यूज़ीलैंड का स्कूल फोन प्रतिबंध काम करेगा?

गठबंधन सरकार द्वारा न्यूजीलैंड के स्कूलों में इस सप्ताह छात्रों के मोबाइल फोन इस्तेमाल पर प्रतिबंध की प्रतिक्रिया सामने आई है और यह शंकालु से



लेकर आशावादी तक हो सकती है। ऐसी दुनिया में जहां लगभग हर किसी के पास स्मार्टफोन है, यह उम्मीद की जाती है कि इस बारे में लगभग हर किसी की एक राय होगी। होना यह चाहिए कि जल्दबाजी में कोई भी फैसला करने से पहले सही गलत का अंतर समझ लिया जाए। दरअसल, जिन स्कूलों ने समय सीमा से पहले प्रतिबंध लागू किया, उन्होंने बच्चों के ध्यान और सीखने में सकारात्मक बदलाव की सूचना दी है। क्राइस्टचर्च में हॉर्नबी हाई स्कूल की हेड गर्ल ने कहा कि मैदान अब अंतराल और लंच के दौरान शोरगुल से भरा होता है। स्कूल के प्रिंसिपल ने कहा, 'काश हमने फोन पर प्रतिबंध पांच साल पहले लगाया होता।' दूसरी ओर, स्कूलों में फोन पर प्रतिबंध लगाने के पक्ष में मिले सबूत 'कमजोर और अनिर्णायक' पाए गए हैं। हालांकि इस नीति का उद्देश्य एक 'सकारात्मक वातावरण बनाना है जहां युवा न्यूजीलैंडवासी उस चीज़ पर ध्यान केंद्रित कर सकें जो सबसे महत्वपूर्ण है'।

## ट्रेंड

### युवतियों के लिए क्या किया



ओडिशा में 5 बार मुख्यमंत्री बनने के बाद बी. गंजम जिले के एंटदिशाल और हिन्जिली उनका मुख्य मुख्यालय बने। मुख्यमंत्री ने हिंजिली के लिए याचिका दायर की। इस पर एक श्वेत पत्र प्रकाशित लाना चाहिए कि उनके 24 वर्षों के शासन के दौरान हिंजिली की युवतियों के रोजगार के लिए क्या किया।

-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री

### कब्रों की रिपोर्टों से चिंतित



गाजा में सामूहिक कब्रों की रिपोर्टों से चिंतित हूं। स्वतंत्र जांचकर्ताओं को पहुंच की अनुमति दी जानी चाहिए। मृतकों के परिवारों को यह जानने का अधिकार है कि क्या हुआ। दुनिया को अंतरराष्ट्रीय कानून के उल्लंघन के लिए जवाबदेही का अधिकार है।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### मोदी ने चुप्पी साध ली



कर्नाटक में महिलाओं के साथ हुए वीभत्स अपराध पर भी नरेंद्र मोदी ने चुप्पी साध ली है। प्रधानमंत्री को जवाब देना होगा- सिर्फ वोटों के लिए उन्होंने सैकड़ों बेटियों का शोषण करने वाले हैवान का प्रचार क्यों किया?आखिर इतना बड़ा अपराधी साथ देश से फरार कैसे हो गया?

-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

### जीवन को मुस्कुराहट से गिनें



अपने बगीचे को फूलों से गिनें, कभी पत्तों के गिरने से नहीं; अपने दिनों को सुनहरे घंटों से गिनें, बादलों को बिल्कुल याद मत करो! रात को तारों से गिनें, परछाइयों से नहीं अपने जीवन को मुस्कुराहट से गिनें- आंसुओं से नहीं।

-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## डॉक्टर दंपती के क्लीनिक में काम करती है युवती, रुपए बरामद

# महिला डॉक्टर ने रिसेप्शनिस्ट को बच्चों के खिलौने लेने घर भेजा, वहां अलमारी से चुरा लिए दो लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित बेरछा चौराहा पर डॉक्टर दंपती के घर से उनकी क्लीनिक की रिसेप्शनिस्ट ने दो लाख रुपए चुरा लिए। महिला डॉक्टर ने उसे बच्चों के खिलौने लाने के लिए घर भेजा था। वहां युवती ने अलमारी में रखे दो लाख रुपए निकाल लिए। बेडरूम में पड़ी अलमारी की चाबी से घटना का खुलासा हुआ। पूछताछ में रिसेप्शनिस्ट ने वारदात को अंजाम देना स्वीकार लिया है। पुलिस ने चोरी का प्रकरण दर्ज कर युवती को गिरफ्तार कर लिया है।

### घर से थोड़ी दूरी पर है क्लीनिक



पुलिस के अनुसार बेरछा चौराहा के पास मातृछाया अपार्टमेंट शाहपुरा निवासी डॉ. प्रशांत साहू (34) स्पीट थैरेपिस्ट हैं और होशंगाबाद रोड स्थित निजी अस्पताल में नौकरी करते हैं। उनकी पत्नी भी डॉक्टर हैं। पत्नी का क्लीनिक घर से थोड़ी दूरी पर ही है। अस्पताल से आने के बाद डॉ. प्रशांत साहू भी क्लीनिक में बैठते हैं। क्लीनिक में रूपा मिश्रा (24) रिसेप्शनिस्ट हैं। पुलिस ने बताया कि विगत 29 अप्रैल की रात प्रशांत साहू की पत्नी ने रूपा मिश्रा को घर के मेनगेट की चाबी देते हुए कहा कि घर से बच्चों के खिलौने ले आए। करीब 20 मिनट बाद रूपा मिश्रा खिलौने लेकर क्लीनिक आ गई। बाद में जब डॉक्टर दंपती घर पहुंचे तो उन्हें अलमारी से दो लाख रुपए नगद चोरी होने की जानकारी हुई। बेडरूम के बिस्तर पर ही उन्हें अलमारी की चाबी भी पड़ी मिली। हालांकि अलमारी में ताला नहीं लगा था। संदेह होने पर उन्होंने रूपा मिश्रा से पूछताछ की तो पहले तो रिसेप्शनिस्ट ने गुमराह करने का प्रयास किया, लेकिन जब पुलिस को सूचना देने की बात कही तो वह टूट गई। उसने रुपए चोरी करना कुबूल कर लिया। सूचना मिलते ही पुलिस भी पहुंच गई थी। पुलिस ने आरोपी युवती के पास से रकम बरामद कर ली है। डॉक्टर दंपति ने बताया कि प्लाट के दो लाख रुपए उन्होंने अलमारी में रखे थे।

### 31 साल की महिला का किया दैहिक शोषण

**भोपाल।** छोला मंदिर थाना क्षेत्र में 31 साल की महिला से बंधक बनाकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। महिला का आरोप है कि बेटी की हत्या करने की धमकी देकर परिचित उसे बंधक बनाकर दैहिक शोषण कर रहा था। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 31 साल की महिला पति से अलग सात साल की बेटी के साथ गोविंदपुरा इलाके में रहती हैं। करीब एक साल पहले तक वह सूखी सेवनिया स्थित प्राइवेट कंपनी में नौकरी करती थीं। सरथ कुन्नूर भी कंपनी में नौकरी करने के कारण दोनों में अच्छी दोस्ती हो गई। अगस्त 2020 में एक शादी समारोह के रिसेप्शन से लौटते समय सरथ कुन्नूर बहाने से महिला को ईको सिटी कॉलोनी स्थित अपने घर ले गया और वहां नशीला कोल्डड्रिंक पिलाकर संबंध स्थापित किए। होश में आने पर जब महिला ने विरोध किया तो सरथ कुन्नूर ने जल्द ही शादी करने का झांसा दिया। इसके बाद आरोपी अलग-अलग स्थानों पर बुलाकर महिला से दुष्कर्म करने लगा। जब भी महिला शादी की बात करती, आरोपी टाल देता था। तंग आकर करीब एक साल पहले महिला ने कंपनी से नौकरी छोड़ दी। यह बात आरोपी को नागवार गुजरी और वह महिला पर मिलने आने का दबाव बनाने लगा। इनकार करने पर उसने धमकी दी कि उसकी मासूम बेटी को मौत के घाट उतार देगा। बार-बार की धमकी से परेशान होकर महिला ने छोला मंदिर थाने जाकर आरोपी सरथ कुन्नूर के खिलाफ बंधक बनाकर दुष्कर्म करने की शिकायत की।




## धाकड़ नागर समाज के सफल आयोजन पर शिवराज को भेंट किया स्मृति-चिन्ह

**औबेदुल्लागंज।** धाकड़ नागर समाज के सफल आयोजन पर समाज अध्यक्ष मोहन पटेल पारखेड़ी, सम्मेलन अध्यक्ष सुभाष नागर, गौरीशंकर नागर, राजेंद्र नागर, राजू भाई पटेल, विश्वेंद्र पटेल, संतोष नागर, परेश नागर, नरेंद्र नागर, शिक्षक अशोक पटेल, ऋषभ नागर, कैलाश डब्बू नागर आदि ने पुलिस विभाग, बिजली विभाग, नगर परिषद के सहयोग के लिए आभार माना और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, विधायक सुरेंद्र पटवा आदि अतिथियों का स्मृति चिन्ह भेंट कर अभार माना।

## खबर संक्षेप



### वाहन चैकिंग के दौरान पकड़े 2 लाख रुपए

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में लोकसभा चुनाव द्वारा आदर्श आचरण संहिता का पालन करते हुए जगह-जगह एसएसटी पॉइंट लगाए गए हैं। एसएसटी पॉइंट प्रभारी श्रम निरीक्षक मयंक दीक्षित ने बताया कि रूटीन चैकिंग के दौरान भोपाल की ओर से आ रही काले कलर की कार एमपी 13 एल 4133 की जांच की तो उसमें 2 लाख रुपए रखे पाए गए। वाहन साकिब अहमद चल रहा था। साकिब अधिकारियों के समक्ष रुपए के संदर्भ में कोई साक्ष्य अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर पाया। जिसके बाद रुपए जब्त करने की कार्रवाई की।

### मतदाताओं को मतदान के लिए बांट रहे पीले चावल



**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में लोकसभा चुनाव शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई। रैली में सीएमओ सुधीर उपाध्याय सहित नपा के अधिकारी, कर्मचारी एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शामिल हुईं। इसके बाद सीएमओ सहित नपा के अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा डोर टू डोर जाकर मतदाताओं को पीले चावल तथा आमंत्रण पत्र देकर 7 मई को मतदान करने के लिए आमंत्रित किया गया।

### आमंत्रण-पत्र देकर मतदान के लिए किया प्रेरित

**औबेदुल्लागंज।** लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को वार्ड 12 से मंदिर अर्जुन नगर में मुख्य नगर पालिका अधिकारी सोनाली शर्मा के ने वृद्ध जन्मदाताओं को मतदाता आमंत्रण पत्र देकर पुष्पमाला से सम्मानित किया और 7 को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इधर, शिव मंदिर से मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई। वार्ड 12 में मतदाता पर्ची वितरण, पीले चावल और आमंत्रण-पत्र देकर अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने को कहा है।

### युवती का दैहिक शोषण सात साल बाद केस दर्ज

**भोपाल।** महिला थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर उसके परिचित के खिलाफ दुष्कर्म और दैहिक शोषण की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। युवती का आरोप है कि आरोपी ने शादी का प्रलोभन देकर सात साल तक युवती का दैहिक शोषण किया और बाद में शादी से इंकार कर दिया। इतना ही नहीं, उसने दूसरी युवती से सगाई भी कर ली। पुलिस के अनुसार 31 साल की युवती करीब सात साल पहले पिपलानी स्थित एक निजी कंपनी में काम करती थी। इस दौरान चोबेंद्र सहाड़ा नामक युवक से दोस्ती हो गई। चोबेंद्र ने शादी का झांसा देकर युवती का शारीरिक शोषण करने लगा। करीब सात साल तक शोषण करने के बाद दो महीने पहले चोबेंद्र छत्तीसगढ़ चला गया। वापस लौटने के बाद युवती ने शादी के लिए दबाव बनाया तो उसने इंकार कर दिया।

## नजीराबाद स्थित खेरखेड़ी पुलिया पर हुआ हादसा

# पुलिया से 20 फीट नीचे गिरी बाइक, युवक की हो गई मौत

### आपस में टकराईं दो कार, ड्राइवर को आई मामूली चोट



**भोपाल।** अरेरा हिल्स थानाक्षेत्र स्थित ठंडी सड़क पर बुधवार रात करीब 9 बजे के आसपास दो कारें आपस में भिड़ गईं। इस हादसे में कार ड्राइवरों को मामूली चोट आई, जबकि कार क्षतिग्रस्त हो गई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नजीराबाद थाना क्षेत्र स्थित खेरखेड़ी पुलिया पर मंगलवार रात तेज रफ्तार बाइक पुल से नीचे गिर गई। इस हादसे में बाइक चला रहे युवक की मौत हो गई। मृतक के पास मिले आधार कार्ड से परिजन से संपर्क कर घटना की जानकारी दी गई। बुधवार सुबह मृतक का पीएम कराने के बाद शव परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार गोलू नाथ पिता बद्रीलाल नाथ (25) ग्राम दुर्गपुरा, थाना मधुसूदन गढ़ जिला विदिशा में रहता था। पेशे से मजदूर गोलू मंगलवार को बैरसिया से अपने गांव दुर्गपुरा जाने के लिए बाइक से निकला था। खेरखेड़ी पुलिया पर पहुंचते ही उसकी बाइक अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे गिर गई। हादसा रात करीब साढ़े 10 बजे के आसपास का है। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस बाइक और मृतक को पुलिया के ऊपर लेकर पहुंची थी। मृतक की तलाशी लेने पर उसके पास मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान की गई।

### ट्रेन में गेट के पास खड़ी महिला का पर्स छीनकर भागा लुटेरा

**भोपाल।** प्रयागराज एक्सप्रेस में सफर कर रही एक महिला का हैंडबैग छीनकर बदमाश भाग निकला। घटना निशातपुरा डी केबिने के पास सुबह करीब सवा छह बजे हुई। महिला स्टेशन नजदीक आने पर ट्रेन से उतरने की तैयारी कर रही थी। वह अपना सामान लेकर गेट के पास आकर बैठी थी, तभी बदमाश ने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। जीआरपी के अनुसार भोपाल निवासी हर्षा चोटरानी पिछले दिनों प्रयागराज एक्सप्रेस में खजुराहो से बैरागढ़ भोपाल की यात्रा कर रही थी। सुबह करीब सवा छह बजे ट्रेन डी केबिन निशातपुरा के पास धीमी रफ्तार में चल रही थी। हर्षा ने अपना सामान समेटा और गेट के पास आकर एक सीट पर बैठकर बैरागढ़ स्टेशन आने का इंतजार करने लगी। इस बीच एक अज्ञात युवक पहुंचा और उनका हैंडबैग छीनकर भाग निकला। बैग में 70 हजार रुपए कीमत का एप्पल कंपनी का आईफोन, सोने की चेन, सोने की रिंग, गणेशजी की मूर्ति, डेढ़ हजार रुपए की नगदी, ड्राइविंग लाइसेंस, पेन कार्ड, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड समेत करीब 1 लाख 10 हजार का सामान रखा हुआ था। जीआरपी ने अज्ञात बदमाश के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# हाईकोर्ट बार चुनाव की अधिसूचना जारी, 13 मई को होगा मतदान

**आज से होगा नामांकन-पत्रों का वितरण, 6 मई तक वापस लिए जा सकेंगे नाम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर/भोपाल

हाई कोर्ट बार एसोसिएशन, जबलपुर के चुनाव की विधिवत अधिसूचना बुधवार को जारी कर दी गई। इसके अंतर्गत 13 मई को मतदान होगा। नामांकन पत्रों का वितरण गुरुवार, दो मई से प्रारंभ हो जाएगा। तीन मई को नामांकन पत्र मिलने की अंतिम तिथि है। चार मई को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी होगी। छह मई को नामांकन वापसी की जा सकेगी। इसी दिन प्रत्याशियों की फाइनल लिस्ट जारी कर दी जाएगी। 13 मई को मतदान के अगले दिन 14 मई को मतगणना की प्रक्रिया को गति दे दी जाएगी। इसी के साथ विजेताओं के चेहरे सामने आने लगेंगे।

उक्त जानकारी मुख्य चुनाव अधिकारी अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने दी। उन्होंने बताया कि चुनाव अधिकारी अधिवक्ता संजय सेठ, सरला पांडेय, आशीष सिन्हा, सुधाकरमणि पटेल, हिमांशु तिवारी, प्रशांत दुबे, मनीष त्रिवेदी, आशीष श्रीवास्तव, नवीन शुक्ला, राजेश सिंह चौहान, आशुतोष त्रिवेदी व केएल जाटव संपूर्ण प्रक्रिया के संचालन में सहयोग करेंगे। इसी तरह अधिवक्ता अमोद गुप्ता, उमेश वैद्य, प्रकाश श्रोती, जगदीप प्रकाश टीटू व राजकमल चतुर्वेदी पर्यवेक्षक की भूमिका का निर्वहन करेंगे।

### कुल 13 पदों के लिए होगा मतदान

मुख्य चुनाव अधिकारी अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने पत्रकारवार्ता में बताया कि कुल 13 पदों के लिए मतदान होना है। अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष व उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव, कोषाध्यक्ष, पुस्तकालय सचिव के अलावा कार्यकारिणी सदस्य के सात पदों के लिए चुनाव होगा।

### सीईसी की अनुमति से करेंगे कार्य

हाई कोर्ट बार अध्यक्ष संजय वर्मा ने पत्रकारवार्ता में साफ किया कि अब वे और उनके सभी पदाधिकारी सीईसी की अनुमति से ही कार्य करेंगे। मतदान प्रक्रिया व मतगणना पूर्ण होने तक हाई कोर्ट में होने वाले किसी भी आयोजन में शामिल होने से पूर्व विधिवत अनुमति हासिल करेंगे। ऐसा इसलिए ताकि पारदर्शिता बनी रहे। किसी भी अन्य प्रत्याशी को कोई आपत्ति न हो।

### अति. पुलिस महानिदेशक को दी भावभीनी विदाई

**भोपाल।** मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग में विगत लगभग दो वर्षों से प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ अति. पुलिस महानिदेशक बीबी शर्मा विगत भारतीय पुलिस सेवा से सेवानिवृत हो गए हैं।

आयोग के अध्यक्ष मनोहर ममतानी एवं सदस्य राजीव कुमार टंडन सहित आयोग के सभी वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में बुधवार को बीबी शर्मा को भावभीनी विदाई दी गई।

### केंद्रीय बल के साथ पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



**भोपाल।** लोकसभा चुनाव के दौरान शांति, सुरक्षा तथा कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में भोपाल पुलिस द्वारा सभी थाना क्षेत्र में केंद्रीय बल के साथ पुलिस ने संवेदनशील इलाकों में पैदल फ्लैग मार्च निकाला जा रहा है। इसी क्रम में सहायक पुलिस आयुक्त एवं थाना प्रभारियों ने थाना बल तथा केंदीय सुरक्षा बल के साथ बुधवार को थाना अयोध्या नगर, शाहजहांनाबाद, बैरागढ, स्टेशन बजरिया, हबीबगंज, कोहेफिजा इत्यादि क्षेत्रों में पैदल फ्लैग मार्च निकाला गया।

## चुनाव की तारीख नजदीक आते ही नगर में कानाफूसी तेज

**औबेदुल्लागंज।** लोकसभा चुनाव की तारीख नजदीक आते ही नगर में कानाफूसी तेज हो गई हैं। नगर में हर तरफ चुनावीं चर्चाएं सुनने को मिल रही है। बस स्टैंड पर खड़े होकर बात कर रहे वरिष्ठ कांग्रेसी नेता से कहा गया कि चुनाव कार्यालय खुल गया है, वहां बैठकर बात करो, तो वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि चुनाव कार्यालय में नहीं जाना, वरिष्ठों को सम्मान से बुलाएंगे तो सोचेंगे।

इधर, भाजपा दफ्तर में कुंभ राशि का प्रभाव कार्यालय मंत्री सर्वोदयनंद मंडल अध्यक्ष सोनू चौकसे उनके सहयोगी सुजीत यादव दूसरे सलाहकार सुनील सेरिया का दबदबा जारी है। कांग्रेस नेता विनोद इरपाचे, संजय सिंह चौहान, अमर पेठारी, हरजीत सिंह मंगू, राजेश खटीक दूसरों के अधीन माने जाने वाले बड़े नेता हैं। वार्डों में चुनाव प्रचार ठप है। कई नेताओं का कहना है मतदान ज्यादा करना है तो प्रचार करो। व्यापार संघ के सभी नेता भाजपाई बने, विधायक सहित मुख्यमंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को वचन दिया है। व्यापार संघ ने मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री, विधायक का कई बार सम्मान किया है। इससे संरक्षक अशोक मित्तल, पंकज कोठारी, नीरज चावला, विक्रम धाड़ी, विवेक मित्तल, राजू भाई पटेल, अशोक सेठी, दिलीप मित्तल, संजय अग्रवाल आदि बड़े खुश हैं। वरिष्ठ पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष रमेश गौर, ढाबा संघ अध्यक्ष देवेंद्र सिंह राजू का प्रयास है कि ज्यादा से ज्यादा मतदान हो।

**पूर्व सीएम शिवराज अभी भी सबसे भरोसेमंद नेता**

## भाजपा ने लाड़ली बहनों का सम्मान कर दिलाया मतदान का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप



औद्योगिक नगर में भाजपा मंडल द्वारा बुधवार को बूथों पर लाड़ली बहनों का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान वार्ड 5 में नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका राजेन्द्र अग्रवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन श्रीवास्तव, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रेखा पाल के नेतृत्व में लाड़ली बहनों का सम्मान किया गया। मंडल महामंत्री ने बताया कि लाड़ली बहनों का सम्मान के बाद मतदान के लिए संकल्प दिलाया गया है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में विदिशा लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान अभी भी सबसे भरोसेमंद चेहरा हैं।

जनता का मानना है कि भाजपा हमेशा से ही महिलाओं के हित वाली योजनाओं के लिए काम करती रही है। मंडल महामंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार का लक्ष्य लाड़ली बहनों को लखपति बनाना है। उसमें कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना ने बहनों का आत्म-विश्वास, घर-परिवार और समाज में मान-सम्मान बढ़ाने का काम किया है। लाड़ली बहना योजना के क्रियान्वयन से बहनों के जीवन में नया बदलाव और खुशहाली आ रही है।

ग्राम उड़दमऊ में भाजपा की आमसभा को पटवा ने किया संबोधित

# मोदी की गारंटी से महिलाएं रोजगार में लग बनी लखपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम उड़दमऊ में बुधवार को आयोजित आमसभा को भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी से माहिलाएं, बहने रोजगार में लग लखपति बनी हैं। पटवा ने कहा कि मोदी की गारंटी है की 70 साल के लोगों को फ्री इलाज मिलेगा। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों को खेती का धंधा बनाने के लिए योजना दी। चौहान ने किसानों, लाड़ली बहनों का सम्मान किया।




विधायक पटवा ने कहा भोजपुर क्षेत्र से प्रत्येक पोलिंग बूथ पर 85 से 95 फीसदी तक मतदान होना चाहिए। आप लोगों ने मेहनत करके विधानसभा जिताई अब लोकसभा की बारी है।

इसीलिए हर पोलिंग बूथ पर अभी से कार्यकर्ता लग जाएं। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व विदिशा लोकसभा क्षेत्र से सांसद प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान ने लाड़ली बहना योजना के माध्यम से महिलाओं को अनुपम सौगात दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में अनेकों कार्य किए हैं। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष किशोर रमानी, हेमराज मीणा, सोनू चौकसे, कमलेश राजपाल, नीटू जैन आदि उपस्थित रहे।

**औबेदुल्लागंज में कांग्रेस की जनसभा आयोजित, कई बड़े नेता पहुंचे, बाइक रैली भी निकाली**

# जो जाना चाहते हैं वह भी जाएं, कांग्रेस रिफाइंड हो रही है: पटवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने बुधवार को औबेदुल्लागंज में एक सभा को संबोधित किया। पटवारी कहा कि गारंटी है कि कांग्रेस इंडिया गठबंधन की, सरकार बन रही है, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की घबराहट और पल-पल बदलते बयान से यह सिद्ध हो गया है कि भाजपा जा रही है, कांग्रेस आ रही है। पटवारी ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी भाजपा में गए तो कांग्रेस मजबूत हो रही है। पटवारी ने कहा कि जो जाना चाहते हैं वह भी जाएं, कांग्रेस रिफाइंड हो रही है, मजबूतों की पार्टी है कांग्रेस।

### मैं तो विकास कार्य में विश्वास करता हूं

इस अवसर पर कांग्रेस प्रत्याशी प्रतापभानु ने कहा कि मैं तो विकास के कार्य में विश्वास करता हूं। औबेदुल्लागंज का कॉलेज, पलकमती डेम कांग्रेस शासन काल में बना है। मैं सांसद था, मैं झूठ पर विश्वास नहीं करता, मैं विकास कराता हूं और गरीब किसानों, मजदूरों, व्यापारियों, युवाओं, बेटे-बेटी की मदद को तत्पर रहूंगा। आपका प्रतापभानु शर्मा आपके बीच में हर समय दिखेगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक शैलेंद्र पटेल, विक्रम मस्तान, हाईकोर्ट के वकील विजय धाकड़, सुरजीत सिंह बिल्ले, परेश नागर, राजेश खटीक, चंद चौहान, वंदना मालवीय, पवित्र कौर, आगा खान, विनोद इरपाचे, अमर पेठारी, हरजीत सिंह मंगू, संजय सिंह चौहान, महेश जैन, उत्तम यादव, रेवा शंकर राय, अनिल प्रजापति, बसंत साहू, विक्रांत राय, दुर्गेश यादव, डॉ. सुनील गुप्ता, महेंद्र धाकड़, कमलेश लोधी, अनिल पटेल, संजीव नागर आदि लोग उपस्थित रहे।




### ग्राम दिवटिया से औबेदुल्लागंज बुलेट चलाकर सभा में पहुंचे पटवारी

इसके पूर्व विदिशा लोकसभा प्रत्याशी प्रतापभानु शर्मा के पक्ष में प्रचार करने आए मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी का युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष परेश नागर ने अपने गृह ग्राम दिवटिया में भव्य स्वागत किया। इसके बाद सैकड़ो बाइक से ग्राम दिवटिया से औबेदुल्लागंज सभा स्थल तक बुलेट चलाकर पहुंचे।

जीतू पटवारी ने कहा कि विदेश का काला धन भाजपा खा गई, जो इस चुनाव में दिख रहा है। हमारे नेता राहुल गांधी कांग्रेस मेनिफेस्टो में जो वायदे कि गारंटी दी है वह पीएम मोदी को बुरी लगती है। पीएम मोदी को पहले चरण के मतदान के बाद बुरा लगा तो हिंदू-मुस्लिम करने लगे। दूसरे चरण के चुनाव में भगवान याद आए और तीसरे चरण के चुनाव में मंगलसूत्र याद आया। अब चौथे पांचवें चरण के चुनाव में कुर्सी हिलने का डर है, इसलिए झूठ पर झूठ बोल रहे हैं। पटवारी ने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज पर कटाक्ष करते हुए कहा कि 18 साल से झूठी घोषणा, झूठे वायदे सुनते आ रहे हैं, वे झूठों के सरताज हैं।

### पूर्व सीएम शिवराज का विशाल रोड शो आज



**औबेदुल्लागंज।** पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का गुरुवार को औबेदुल्लागंज में विशाल रोड शो निकलेगा। इसमें विधायक सुरेंद्र पटवा, डॉ. भूपेंद्र नागर, जीतू नंदवंशी, पुरुषोत्तम शर्मा, कार्यालय मंत्री सर्वोदय नंददीपू परमार, मंडल अध्यक्ष सोनू चौकसे, रविंद्र विजय, माया राय, आरती यादव शामिल होंगे। मनोज चौरसिया ने बताया कि सभी पार्षद, नपा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के साथ वरिष्ठ भाजपा के सदस्य ने तैयारी तेज कर दी है। मीडिया प्रभारी सुजीत चौहान, महामंत्री शंकर पाल आदि ने बताया कि रोड शो में ज्यादा से ज्यादा लोग, लाड़ली बहना, भांजे भांजी, मजदूर, आदि शामिल होंगे।




गुजरात में पीएम मोदी ने कांग्रेस को ललकारा शाह ने भी किया हमला

# एसटी-एससी व ओबीसी के आरक्षण में कटौती कर मुस्लिमों को देना चाह रही कांग्रेस, आरक्षण न हटाया और न ही हटाया जाएगा

मोदी बुधवार से दो दिन के गुजरात दौरे पर हैं। पहले दिन वे शाम 4.30 बजे बनासकांठा के डीसा शहर पहुंचे, जहां विशाल जनसभा को संबोधित किया। उधर, कोरबा के कटघोरा में गृहमंत्री शाह ने कहा कांग्रेस के पास फेक न्यूज के सिवाय कुछ बचा ही नहीं है। जनजातीय समुदाय भी लोकसभा चुनाव में शामिल होगा।

एजेंसी ▶▶ बांसकांठा

पीएम नरेंद्र मोदी बुधवार से दो दिन के गुजरात दौरे के पहले दिन वे शाम 4.30 बजे बनासकांठा के डीसा शहर पहुंचे, जहां विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज कांग्रेस कहती है कि भाजपा 400 पार का नारा इसलिए लगा रही है, जिससे कि आरक्षण खत्म कर सके।

धर्म के आधार पर कांग्रेस ही एसटी-एससी, ओबीसी और पिछड़े वर्ग के आरक्षण में कटौती कर मुस्लिमों को आरक्षण देना चाहती है। ये कर्नाटक में प्रयोग कर चुके हैं। कर्नाटक में रातों-रात सभी मुस्लिमों को ओबीसी घोषित कर उन्हें 5 प्रतिशत आरक्षण दे दिया। ये ऐसा पूरे देश में करना चाहते हैं। जब तक भाजपा है, जब तक मोदी है, एसटी एससी, ओबीसी और सामान्य वर्ग के लोगों को जो आरक्षण मिला है, वह कोई नहीं छीन सकता।

**धर्म के आधार पर कांग्रेस चला रही अपनी राजनीति**

### अब हो गए पस्त तो फेक वीडियो पर उतरे

फेक वीडियो को लेकर उन्होंने कहा कि पहले चरण में इंडी गठबंधन पस्त हुआ और दूसरे चरण में ध्वस्त हो गया। ये लोग मुहब्बत की दुकान चलाने निकले थे। लेकिन दुकान में फेक वीडियो बनाने का काम शुरू कर दिया। इन लोगों ने इतने साल देश पर राज किया। इनके इतने सारे पीएम रहे। फिर भी आज इनकी लोगों को सामने जाने की हिम्मत नहीं है। अब ये फेक वीडियो बना रहे हैं।



**गुजरात दिवस : विकास की नई ऊंचाइयों को छूता रहे गुजरात**

पीएम मोदी ने गुजरात के राज्य स्थापना दिवस पर गुजरात के लोगों को शुभकामनाएं दीं। अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर लिखा कि गुजरात राज्य दिवस के इस शुभ अवसर पर हम गुजरात के लोगों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत उल्लेखनीय उपलब्धियों और जीवंतता को याद करते हैं। मैं प्रार्थना करता हूं कि राज्य आने वाले समय में विकास की नई ऊंचाइयों को छूता रहे।

छत्तीसगढ़ के कोरबा में गरजे गृह मंत्री शाह

## आरक्षण पर कांग्रेस भ्रम फैला रही

लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा धुआंधार प्रचार कर रही है। राज्य में तीसरे चरण के मतदान से पहले केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह बुधवार को कोरबा के कटघोरा में उन्होंने जनसभा को संबोधित किया। शाह ने कहा कि मैंने सरोज पांडेय से कहा था मैं कोरबा जरूर आऊंगा। मैं भगवान राम के ननिहाल आया हूं। कांग्रेस 70 साल से राम जन्मभूमि के मसले को लटकाती रही। हमने प्राणप्रतिष्ठा करके जय श्रीराम कर दिया। 500 साल के बाद यह मौका आया है।



### कांग्रेस के लिए वोटबैंक ही सबसे जरूरी

शाह ने कहा कांग्रेस के लिए वोटबैंक ही सबसे जरूरी है। भूपेश सरकार ने नक्सलवाद को बढ़ावा। 5 साल में कई राज्यों से भाजपा ने नक्सलवाद को समाप्त किया है। भाजपा नक्सलवाद को खत्म कर देगी। शाह ने कहा, मोदी के 10 साल का रिकॉर्ड और 25 साल का एजेंडा भी है। पीएम मोदी ने कहा था हमारी सरकार गरीबों की होगी।

### खरगे जी चार जून को भाई-बहन आपकी बलि ले लेंगे

शाह ने परिवारवाद के मुद्दे पर कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर झूठ बोलने का आरोप लगाया है। शाह ने कहा कि खरगे जी आप एक परिवार के भाई-बहन के लिए झूठ क्यों बोल रहे हैं? चार जून को आपकी पार्टी के हारने के बाद हार का ठीकरा आप पर ही फूटेगा आप की बलि चढ़ा दी जाएगी।

**भूपेश सरकार ने दिया नक्सलवाद को बढ़ावा**

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के भूपेश कक्का की सरकार नक्सलवाद को बढ़ावा देती रही, लेकिन हमारे विष्णुदेव जी की सरकार बनने के बाद 4 महीने में ही 95 नक्सलियों को ढेर कर दिया गया।

कांग्रेस के अधीररंजन ने कहा

### टीएमसी से बेहतर होगा, भाजपा को वोट दें



**बेरहामपुर।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी ने बुधवार को पश्चिम बंगाल के बेरहामपुर में एक राजनीतिक रैली में बीजेपी के लिए वोटिंग की अपील कर दी। वायरल वीडियो में अधीर रंजन चौधरी वीडियो में कहते दिख रहे हैं, टीएमसी को वोट देने के बजाए भाजपा को वोट देना चाहिए।

### सुनीता से मिले कन्हैया कुमार



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के बीच कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल से मुलाकात की है। दोनों की मुलाकात कांग्रेस और आप पार्टी के लिए अहम मानी जा रही है। सीएम अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल में बंद हैं।

### कॉमेडियन रंगीला वाराणसी से लड़ेंगे



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव में वाराणसी से पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ कॉमेडियन श्याम रंगीला भी मैदान में उतरेंगे। उन्होंने टेलीविजन शो में दिखने के अपने सपने को फिलहाल छोड़कर राजनीति से कॉमेडी की दुनिया में प्रवेश करने की योजना बनाई है। राजस्थान के 29 वर्षीय रंगीला ने ऐलान किया है कि वाराणसी से चुनाव लड़ेंगे।

वीसी से चुनाव प्रचार की याचिका खारिज

### फिर तो दाऊद इब्राहिम भी प्रचार करेगा



दिल्ली हाईकोर्ट में एक याचिका दायर कर मांग की गई कि जेल में बंद नेताओं को वर्चुअल मोड में लोकसभा चुनाव प्रचार करने की इजाजत दी जाए। कोर्ट ने याचिका को खारिज कर दी और याचिकाकर्ता को जुर्माने की चेतावनी भी दी। हाईकोर्ट के जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली बेंच ने याचिकाकर्ता को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि ऐसे में तो दाऊद इब्राहिम चुनाव लड़ेगा और वीसी से प्रचार करेगा।

दिल्ली में बोले राजनाथ

### भारत अब दुनिया का एक ताकतवर देश बन गया, विश्व भी मानने लगा



भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उत्तर पूर्वी दिल्ली से भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार मनोज तिवारी के समर्थन में रोड शो किया। रोड शो में लोगों का विशाल हुजूम था। इस अवसर पर भाजपा के प्रमुख स्टार प्रचारक सिंह ने कहा कि भारत अब दुनिया का एक ताकतवर देश बन गया है। सिंह ने कहा कि हमारा भारत पीएम मोदी के नेतृत्व में एक नई सोच के साथ आगे बढ़ रहा है। दुनिया देख रही है कि भारत अब पहले का भारत नहीं रहा है।

नड्डा का शिमोगा सम्मेलन

### देश में धार्मिक आधार पर आरक्षण के लिए कोई जगह नहीं



भाजपा अध्यक्ष जेपीनड्डा कर्नाटक के शिमोगा में एक बौद्धिक बैठक में शामिल हुए। नड्डा ने कहा कि राज्य में सीएम सिद्धारमैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने मुसलमानों को ओबीसी कोटा से 4 फीसदी आरक्षण दिया था। उन्होंने मुस्लिमों के लिए आरक्षण पर टिप्पणी करते हुए कहा कि बीआर आंबेडकर ने कहा था कि धार्मिक आधार पर आरक्षण के लिए कोई जगह नहीं है। हम मुस्लिम समुदाय के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन हमें यह समझना होगा कि संविधान स्पष्ट रूप से कहता है कि धर्म के आधार पर कोई आरक्षण नहीं होगा, लेकिन कांग्रेस धूर्त और विभाजनकारी मंसूबे रखती है।

खरगे ने कहा

### अमेठी में वहीं का होगा कैंडिडेट, घोषणा जल्द



उत्तर प्रदेश की रायबरेली और अमेठी लोकसभा सीट पर नामांकन की प्रक्रिया शुरू है और पर्चा भरने की अंतिम तारीख तीन मई है। अमेठी सीट से चुनाव लड़ने पर राहुल गांधी कई बार कह चुके हैं कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आदेश का पालन करेंगे। खरगे ने कहा, जो होंगे, वहीं के होंगे। इसकी घोषणा जल्द ही की जाएगी।

शिवपाल के बोल

### भाजपा को बड़े मार्जिन से जिताना है, अखिलेश 'सन्न'



**इटावा।** लोकसभा चुनाव के लिए एक दूसरे पर शब्द बाण चला रहे नेता कभी कभी कुछ ऐसा बोल जाते हैं। जैसा इटावा के जसवंतनगर विधानसभा क्षेत्र में सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने कर दिया है। डिंपल यादव के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए यादव ने सपा की जगह भाजपा को जिताने की अपील कर दी। अखिलेश यादव समेत वहां मौजूद हर कोई चौंक गया। शिवपाल को बाद में गलती का अहसास हुआ।

प्रियंका का दावा

### आज देश में करोड़ों लोग बेरोजगार,सरमा को कोसा



**गुवाहाटी।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा चुनाव प्रचार के लिए असम पहुंची हुई हैं। यहां धुबरी में एक जनसभा को संबोधित कर कांग्रेस नेता ने जमकर सीएम हिमंत बिस्व सरमा और भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह सरकार पूरी तरह से अपने हितों पर केंद्रित है। उन्हें जनता के संघर्षों की चिंता नहीं है। आज बेरोजगारी सबसे ज्यादा है। 70 करोड़ लोग बेरोजगार हैं।

**खबर संक्षेप**

### टीएमसी ने कुणाल को महासचिव पद से हटाया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सत्तारुढ़ तृणमूल कांग्रेस पार्टी ने कुणाल घोष को पार्टी के प्रदेश महासचिव पद से हटा दिया। सत्ताधारी पार्टी ने बुधवार को इसकी घोषणा की। तृणमूल ने लिखा कि घोष कई ऐसी बातें कह रहे हैं जो पार्टी के विचारों के अनुरूप नहीं हैं। इसलिए यह स्पष्ट करना बहुत जरूरी था कि वह जो कह रहे थे, वह पूरी तरह से उनकी निजी राय थी। पार्टी से कोई लेना-देना नहीं है।



### नामग्याल ने भरा पर्चा लद्दाख भाजपा में बगावत

**नई दिल्ली।** केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख की एकमात्र लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी ताशी ग्यालसन ने नामांकन दाखिल किया। इस दौरान लद्दाख भाजपा के अंदर जारी अंदरूनी कलह सामने आ गई। पार्टी ने लद्दाख के मौजूदा सांसद जामयांग सेरिंग नामग्याल का टिकट काटकर ताशी ग्यालसन को प्रत्याशी बनाया है। पार्टी के इस फैसले से नामग्याल विद्रोह पर उतर आए ,परचा भी भर दिया।



### विज का छलक उठा दर्द अपनों ने किनारे किया

**चंडीगढ़।** अंबाला छावनी में भाजपा की विजय संकल्प रैली का आयोजन किया गया, जिसमें अनिल विज ने भारी भीड़ जुटाकर अपनी ताकत दिखा दी। एक बार फिर विज का दर्द छलका। विज ने कहा कि कुछ ने मुझे मेरी ही पार्टी में बेगाना कर दिया। कई बार बेगाने अपनों से ज्यादा काम कर जाते हैं। सीएम नायब सैनी ने बंतो कटारिया को जिताने की अपील की।



हिंदू विवाह की आधुनिकता पर सुप्रीम कोर्ट नाराज

# भारतीय समाज में शादी एक पवित्र रिश्ता नाच-गाना और शराब से नहीं होती शादी

सर्वोच्च अदालत ने तलाक से जुड़े एक मामले को लेकर नाराजगी व्यक्त की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की सर्वोच्च अदालत ने तलाक से जुड़े एक मामले को लेकर नाराजगी व्यक्त की है। अदालत ने हिंदू विवाह प्रक्रिया पर जोर देकर कहा है कि इसे नाच-गाना और खाने-पीने तक जैसे आयोजन तक ही सीमित नहीं बनाना चाहिए। भारतीय समाज में शादी एक पवित्र रिश्ता होता है। इसे संभालें।

जज बीवी नागरत्न और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने तलाक के एक केस की सुनवाई के दौरान कहा कि शादी केवल नाच-गाना, खाने-पीने, शराब और दहेज का मौका नहीं होता है। लेकिन लोग विवाह को व्यवसायिक लेनदेन में लगे हुए हैं जबकि विवाह महिला और पुरुष के बीच के रिश्ते को जोड़ने के लिए होता है। यहीं आगे चलकर पति-पत्नी के रूप में जीवन निर्वहन करते हैं। कोर्ट ने तलाक के एक मामले पर सुनवाई की। याचिका में यह बात कही गई कि दोनों के बीच जो शादी हुई वो वैध नहीं थी।



**शादी से पहले ही समझें हिंदू विवाह संस्कार**

बेंच ने ये भी कहा कि भारत में शादी को बहुत ही पवित्र माना जाता है। हिंदू विवाह दो लोगों के बीच ही नहीं बल्कि एक ऐसा संस्कार है जिसे भारतीय समाज के मूल्यों के बारे में पता चलता है। हम युवा पुरुष और महिलाओं से अपील करते हैं कि इस रिश्ते में जाने से पहले गहराई से भारतीय समाज के इस संस्था की पवित्रता पर विचार करें।

### रजिस्ट्रार जारी नहीं करते हिंदू मैरिज सर्टिफिकेट

अदालत ने शादी को लेकर कहा कि केवल रजिस्ट्रेशन करा लेना ही विवाह को वैधता नहीं देता है। कई ऐसे उदाहरण हैं जो कागज के आधार पर रजिस्ट्रेशन करा लेते हैं। रजिस्ट्रार द्वारा ऐसा कोई सर्टिफिकेट जारी नहीं किया जाता ।

### एक्ट 8 से नहीं मिल जाती शादी की वैधता

कोर्ट ने कहा कि हिंदू मैरिज एक्ट की धारा 8 के तहत आज के समय में लोग शादी रजिस्टर कराना चाहते हैं। इस एक्ट के तहत सिर्फ रजिस्ट्रेशन करा लेना ही शादी को वैध नहीं बनाया है। जोड़ा माता-पिता विदेश में रहने के दौरान वीजा आवेदन के लिए शादी के रजिस्ट्रेशन को लेकर तैयार हो जाते हैं।

कोर्टरूम में ही जज सुनाने लगे पीड़ा

### संडे-मंडे तो छोड़िए, पर्वों पर भी छुट्टियां नहीं

जब अदालत ने मामले की सुनवाई शुरू की तो सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बेंच से माफी मांगते हुए इसे 2 बजे शुरू करने की मांग की और कहा कि एक अन्य संवैधानिक पीठ में उन्हें जाना है। जस्टिस गवई ने कहा, जो लोग आलोचना करते हैं, वे नहीं जानते कि हमारी शनिवार-रविवार को भी छुट्टियां नहीं होती हैं। यहां तक कि त्योहारों में भी छुट्टी नहीं होती।

शाह फेक वीडियो मामले पर बोले रेड्डी

## मैंने वीडियो शेयर नहीं किया, हम 'अकाउंट' संचालित नहीं करते

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमित शाह के फर्जी वीडियो मामले पर सीएम रेवंत रेड्डी के वकील ने दिल्ली पुलिस के नोटिस का जवाब देते हुए कहा है कि आईएनसी तेलंगाना ट्विटर अकाउंट को वह संचालित नहीं करते हैं।

रेड्डी के वकील ने जवाब दाखिल किया है और कहा है कि वह केवल दो ट्विटर अकाउंट (सीएमओ तेलंगाना और उनका निजी अकाउंट) का ही इस्तेमाल करते हैं। इस वजह से दिल्ली पुलिस द्वारा उठाया गया सवाल अप्रासंगिक है। उस वीडियो को अपलोड करने या साझा करने के लिए उनके अकाउंट का इस्तेमाल नहीं किया गया था।



### 16 अन्य लोगों को भी नोटिस भेजा था

इस मामले में दिल्ली पुलिस ने रेवंत रेड्डी के अलावा 16 अन्य लोगों को भी नोटिस भेजा था। बताया जा रहा है कि अगर किसी व्यक्ति को दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 160/91 के तहत नोटिस दिया जाता है, तो वह व्यक्ति या तो जांच अधिकारी के सामने उपस्थित हो सकता है या कानूनी प्रतिनिधि भेज सकता है।

### पुलिस 8 राज्यों में कार्रवाई कर रही

गौरतलब है कि अमित शाह के भाषण का एक फेक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा था, जिसमें वो कथित तौर पर कहते सुनाई देते हैं कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी तो गैर-संवैधानिक एससी, एसटी और ओबीसी के रिजर्वेशन को हम समाप्त कर देंगे। इस मामले में दिल्ली पुलिस 8 राज्यों में कार्रवाई कर रही है। 2 लोगों को गिरफ्तार भी किया जा चुका है।

सीएम शिंदे ने किया ऐलान

## कांग्रेस से निष्कासित निरुपम की शिवसेना में वापसी जल्द

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कांग्रेस से निष्कासित संजय निरुपम करीब दो दशक बाद फिर से अपनी पहली पार्टी शिवसेना में शामिल हो सकते हैं। शिवसेना की अध्यक्षता फिलहाल एकनाथ शिंदे कर रहे हैं।

महाराष्ट्र के सीएं शिंदे ने शिवसेना के पदाधिकारियों के साथ एक बैठक के बाद इसका ऐलान किया है। इस में निरुपम भी मौजूद थे। संजय 2005 में कांग्रेस में शामिल हुए और उन्हें महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी का महासचिव नियुक्त किया गया। उन्होंने 2009 के चुनावों में मुंबई उत्तर लोकसभा सीट जीती, उस समय उन्होंने भाजपा के दिग्गज नेता राम नाइक को हराया। उन्होंने 19 वर्षों में कांग्रेस पार्टी में विभिन्न पदों पर कार्य किया और अनबन के बाद पार्टी से बाहर होने से पहले कांग्रेस की मुंबई शहर इकाई का नेतृत्व भी किया। कांग्रेस ने पिछले महीने निरुपम को अनुशासनहीनता और पार्टी विरोधी बयानों' के लिए छह साल के लिए निष्कासित कर दिया था। उससे कुछ दिनों पहले उन्होंने मुंबई उत्तर-पश्चिम सीट पर पार्टी को फैसला लेने के लिए एक सप्ताह का अल्टीमेटम दिया था।



देश में गर्मी ने तोड़े रिकॉर्ड, कई राज्यों में हीटवेव का अलर्ट

मौसम विभाग के डेटा के अनुसार

# 123 साल में दूसरी बार 'सबसे गर्म' रहा अप्रैल

### आईएमडी के चीफ मृत्युंजय महापात्र ने दी जानकारी, स्काईमेट ने भी बताया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मौसम विभाग के अनुसार 3 मई को अधिकतम तापमान 37 से 38 डिग्री और न्यूनतम 20 से 22 डिग्री रह सकता है। कहीं-कहीं पर गरम हवा चलेंगी।

इस सीजन में लगातार गर्मी बढ़ती जा रही है। भारत मौसम विभाग के डेटा के अनुसार उत्तर-पूर्व भारत में औसत तापमान 123 वर्षों में इस महीने में सबसे अधिक था।

3 बड़े शहरों बेंगलुरु, कोलकाता और मुंबई में अन्य क्षेत्रों के तुलना में काफी कम देखा जा रहा है। अप्रैल में लगातार तापमान बढ़ता रहा। बुधवार को दिल्ली में अधिकतम तापमान 35 डिग्री और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री तक रह सकता है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 36.5 डिग्री रहा।

**खास बातें**

- मौसम विभाग ने डेटा जारी कर कहा
- 3 बड़े शहरों में दिखा बदलाव



### 4 मई को हल्की बारिश की संभावना

मौसम विभाग पूर्वानुमान के अनुसार 4 मई को हल्की बारिश की संभावना है। इसके बावजूद 4 से 6 मई के दौरान अधिकतम तापमान 40 और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री तक रह सकता है। 2 और 3 मई को अधिकतम तापमान 37 से 38 डिग्री और न्यूनतम तापमान 20 से 22 डिग्री रह सकता है। इस दौरान आंशिक रूप से बादल छाए रह सकते हैं। वहीं स्काईमेट के अनुसार, अप्रैल में एक दिन का तापमान 40 डिग्री से ऊपर रहा। 26 अप्रैल को अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री ऊपर दर्ज किया है।

### बेंगलुरु में अब तक का सबसे गर्म अप्रैल रहा

आईएमडी के चीफ मृत्युंजय महापात्र ने एक बयान में कहा कि पूरे दक्षिण में महीने के दौरान औसत अधिकतम तापमान लगभग 37.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ये स्थिति अप्रैल 2016 में 1901 के रिकॉर्ड में दर्ज 37.6 डिग्री सेल्सियस से अधिक है। बेंगलुरु में अब तक का सबसे गर्म अप्रैल रहा। कभी गार्डन सिटी के नाम से मशहूर मेट्रो में महीने के दौरान लगातार 6 दिन सहित 13 अत्यधिक गर्म दिन दर्ज किए गए।

### उत्तर-पूर्व भारत में औसत तापमान 51 वर्षों में सर्वाधिक रहा

स्काईमेट के अनुसार अप्रैल में एक दिन का तापमान 40 डिग्री से ऊपर रहा। 26 अप्रैल को अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री के ऊपर दर्ज किया है। एजेंसी के अनुसार अधिकतम तापमान के मामले में दक्षिण भारत में अप्रैल रिकॉर्ड दूसरा सबसे गर्म रहा। पूर्व और उत्तर-पूर्व भारत में औसत औसत तापमान 51 वर्षों में इस माह में सबसे अधिक था, आईएमडी डेटा से पता चलता है, जो इन क्षेत्रों में बेहद गर्म परिस्थितियों की पुष्टि करता है। पिछले कुछ हफ्ते से देखा जा रहा है।



# इंडियन नेवी की बड़ी कामयाबी: पनडुब्बी रोधी सुपरसोनिक मिसाइल का सफल परीक्षण, अब समंदर की निगरानी होगी स्मार्ट

एजेंसी ▶▶ बालासोर

*भारत को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के मामले में एक और बड़ी कामयाबी मिली है। भारतीय नौसेना ने पनडुब्बी रोधी मिसाइल सिस्टम का सफल परीक्षण किया है। भारतीय नौसेना ने बुधवार को ओडिशा में बालासोर के तट पर सुपरसोनिक मिसाइल असिस्टेड रिलीज ऑफ टॉरपीडो (स्मार्ट) मिसाइल सिस्टम का सफल परीक्षण किया। बुधवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से सुपरसोनिक मिसाइल सिस्टम ने उड़ान भरी। यह अगली पीढ़ी का मिसाइल सिस्टम है, जो लाइटवेट टॉरपीडो डिलीवरी सिस्टम पर आधारित है। इसे डीआरडीओ द्वारा ही डिजाइन और विकसित किया गया है।*

**1** भारतीय नौसेना ने बुधवार को ओडिशा में बालासोर के तट पर किया सफल परीक्षण

**2** लाइटवेट टॉरपीडो डिलीवरी सिस्टम को डीआरडीओ ने डिजाइन किया

## रक्षा मंत्री ने कहा-नौसेना की ताकत और बढ़ेगी

### उत्कृष्टता के पथ पर अग्रसर डीआरडीओ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्मार्ट के सफल उड़ान-परीक्षण पर डीआरडीओ और उद्योग भागीदारों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि प्रणाली के विकास से हमारी नौसेना की ताकत और बढ़ेगी। रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी कामत ने पूरी स्मार्ट टीम के सहक्रियात्मक प्रयासों की सराहना की और उत्कृष्टता के पथ पर आगे बढ़ने का आग्रह किया।

## सुपरसोनिक मिसाइल की खासियत

*पनडुब्बी रोधी युद्ध में यह मिसाइल सिस्टम बेहद अहम है। यह मिसाइल लंबी दूरी के लक्ष्यों को भेदने में सक्षम है। स्मार्ट मिसाइल को युद्धक जहाज के साथ ही तटीय इलाकों से भी लॉन्च किया जा सकता है। यह मिसाइल अपनी अधिकांश उड़ान कम ऊंचाई पर हवा में पूरी करती है और अपने लक्ष्य के नजदीक जाकर मिसाइल से टॉरपीडो रिलीज होकर पानी के भीतर लक्ष्य को भेदने में सक्षम है। कैनिस्टर आधारित इस मिसाइल सिस्टम में कई आधुनिक सब-सिस्टम हैं, जिनमें दो चरणीय सॉलिड प्रोपल्शन सिस्टम, इलेक्ट्रोमैकेनिकल एक्टुएटर सिस्टम , नेविगेशन सिस्टम आदि शामिल हैं। यह सिस्टम एक कम वजनी टॉरपीडो को बतौर पेलोड साथ लेकर उड़ान भरता है, जिसमें पैराशूट आधारित रिलीज सिस्टम होता है। आज के परीक्षण में टॉरपीडो के मिसाइल सिस्टम से अलग होने और अन्य तकनीकी पहलुओं की जांच की गई।*

## खबर संक्षेप

### बारिश में सऊदी के कई शहर हुए पानी-पानी



**दुबई।** बीते 24 घंटे की हुई मूसलाधार बारिश में सऊदी के कई शहर डूब गए हैं। आगे भी ऐसी स्थिति बने रहने की चेतावनी जारी की गई है। इस बारिश में सबसे ज्यादा प्रभावित इलाका अल-उला और अल-मदीना है। अल-मदीना में मुस्लिमों का सबसे पवित्र स्थल मस्जिद-ए-नबवी है, जहां की वीडियो काफी वायरल हो रही है। इस वीडियो में मस्जिद के अंदर तेज बारिश के साथ पानी भरा हुआ दिख रहा है।

### मणिपुर में हंगामा, भीड़ को हटाने हवाई फायरिंग



**बिष्णुपुर।** मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में सेना के एक गश्ती दल को पुलिस की वर्दी में 11 हथियारबंद लोग मिले। पुलिस ने कहा कि सैनिकों द्वारा पुरुषों को हिरासत में लेने और उनके हथियार जब्त करने के बाद महिला प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने उन्हें घेर लिया और हथियार वापसी की मांग करने लगे। इसी बीच हंगामा शुरु हुआ और सुरक्षाबलों ने समझाने की कोशिश की लेकिन वे उग्र होते चले गए।

### ओलावृष्टि से विस्तारा की विंडशील्ड में आई दरार



**भुवनेश्वर।** ओलावृष्टि और तूफान के कारण विंडशील्ड में दरार आने के बाद विस्तारा के विमान यूके-788 की भुवनेश्वर हवाईअड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग कराई गई। इसको उड़ान भरने के 10 मिनट बाद ही आपात्कालीन लैंडिंग करानी पड़ी। फ्लाइट में करीब 170 से 180 यात्री सवार थे, जो सभी सुरक्षित हैं। विंडशील्ड के अलावा, संरचना के कुछ हिस्सों को भी कुछ नुकसान हुआ है।

## पढ़ाई के लिए कनाडा गए गोल्डी ने अपराध की दुनिया में रखा था कदम

# मूसेवाला मर्डर केस के मास्टरमाइंड गोल्डी बरार की अमेरिका में हत्या?

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

*गायक सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड का मुख्य आरोपी गोल्डी मारा गया है। सूत्रों के अनुसार, अमेरिका में गोली मारी गई है। हत्या की जिम्मेदारी डल्ला-लखबीर गैंग ने ली है।*

कुख्यात गैंगस्टर गोल्डी बरार की मौत की खबर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। दावा किया जा रहा है कि लॉरेंस गैंग के सबसे खास गुर्गों में शामिल गोल्डी को अमेरिका में गोलियों से भून दिया गया है।



गोल्डी बरार



सिद्धू मूसेवाला

मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि उसकी हत्या की जिम्मेदारी उसके विरोधी गैंग के डल्ला-लखबीर ने ली है। हालांकि गोल्डी बरार की मौत की अधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हो सकी है। सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड का मुख्य संदिग्ध के तौर पर गोल्डी बरार की पंजाब पुलिस के साथ अन्य राज्यों की पुलिस को भी तलाश थी। गौरतलब है कि कुछ समय पहले ही केंद्र सरकार की ओर से गोल्डी को आतंकवादी घोषित किया था।

गोल्डी बरार का चचेरा भाई गुरलाल बराड़ लॉरेंस बिश्नोई का सबसे करीबी था। गुरलाल बराड़ की हत्या के बाद लॉरेंस गैंग ने सोशल मीडिया पर लिखा था कि अब नई जंग की शुरुआत है, सड़कों पर खून नहीं सूखेगा। इस बीच गोल्डी बराड़ स्टडी वीजा पर कनाडा पढ़ाई करने जा चुका था। मगर गुरलाल की हत्या के बाद वह जरायम की दुनिया में कूद पड़ा। कनाडा से ही गोल्डी ने हत्याओं की साजिश रचनी शुरू की और कई वारदातों को अपने गुर्गों से अंजाम दिलवाया। इन्हीं में एक वारदात थी गुरलाल सिंह की हत्या। 18 फरवरी 2021 को पंजाब के फरीदकोट में जिला यूथ कांग्रेस अध्यक्ष गुरलाल सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई। गोल्डी बराड़ ने अपने भाई की हत्या का बदला लेने की खातिर ही यूथ कांग्रेस नेता को मरवाया था।

### कनाडा में सबसे वांछित व्यक्तियों की सूची में था बरार

### मौत की खबर सोशल मीडिया पर वायरल

## बब्बर खालसा आतंकवादी संगठन से था संबंध

### मूसेवाला की हत्या की साजिश रची थी

*बहुचर्चित सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में मुख्य वांटेड रहे गोल्डी बरार की हत्या पर कई जानकारियों सामने आ रही है। गोल्डी बरार को पूर्व में मूसेवाला हत्या का मुख्य संदिग्ध माना गया था। बाद में गोल्डी ने व्यक्तिगत रूप से हत्या करने की बात स्वीकार की। इसके पीछे उसने बताया था कि उसने 2022 में पंजाब में एक छात्र नेता की हत्या के प्रतिशोध के रूप में मूसेवाला की हत्या की साजिश रची थी।*

### आतंकवादी घोषित किया गया था

मूसेवाला हत्याकांड के बाद गोल्डी को आतंकवादी घोषित किया गया था। गृह मंत्रालय की ओर से गोल्डी के बारे में कहा गया था कि सतविंदर सिंह, जिसे सतिंदरजीत सिंह या गोल्डी बरार के नाम से भी जाना जाता है, का संबंध बब्बर खालसा आतंकवादी संगठन से था और उसने कई हत्याओं, हथियारों की अवैध तस्करी और चरमपंथी गतिविधियों में भी शामिल रहा।

### विदेश से मचा रखा था आतंक

गोल्डी बरार मूल रूप से पंजाब के मुक्तसर का रहने वाला था। उसके पिता पहले पंजाब पुलिस में सेवा दे चुके हैं। 2017 में छात्र वीजा पर कनाडा में स्थानांतरित होने के बाद, गोल्डी बरार प्रतिद्वंद्वियों को निशाना बनाने और धनी व्यक्तियों से पैसे ऐंठने जैसी आपराधिक गतिविधियों में शामिल हो गया। मई 2023 में, गोल्डी बरार को कनाडा में सबसे वांछित व्यक्तियों की सूची में 15वें स्थान पर रखा गया था। उसे हत्या, साजिश, अवैध बन्दूक व्यापार और हत्या के प्रयास से संबंधित आरोपों के कारण सूची में जोड़ा गया था। विदेश में रहकर भी वह पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में उसका फिरौती, वसूली और कई हत्याओं से संबंध रहा।

## आईसीजे का रोक लगाने से इनकार

# इजराइल को जर्मनी देता रहेगा हथियार

इजराइल को अमेरिका 65.6 जर्मनी 29.7 इटली 4.7% सप्लाई करता है हथियार



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस (आईसीजे) ने इजराइल को जर्मनी द्वारा की जाने वाली हथियार सप्लाई पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है।

मध्य अमेरिकी देश निकारागुआ ने अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में यह मामला दायर किया था और आरोप लगाया था कि जर्मनी ने इजराइल को सैन्य उपकरण भेजकर संयुक्त राष्ट्र नरसंहार संधि का उल्लंघन किया है लेकिन आईसीजे ने इसके खिलाफ फैसला दिया है।

### अंतिम फैसला आने में लग सकते हैं कई साल

*आईसीजे से अंतिम फैसला आने में वर्षों लग सकते हैं लेकिन यह फैसला आपातकालीन उपायों को तेजी से लागू करने के लिए दिया गया है। प्रधान न्यायाधीश नवाफ सलाम ने नीदरलैंड के हेग स्थित अदालत में यह फैसला सुनाया। सुनवाई के दौरान जर्मन सरकार ने कहा था कि यह मुकदमा अनुचित है। दूसरी तरफ इजराइल भी मजबूती के साथ इससे इनकार करता रहा कि उसका सैन्य अभियान नरसंहार संधि का उल्लंघन है।*

### इजराइल ने आरोप किए खारिज

इस बीच, इजराइल ने हर बार की तरह नरसंहार के आरोपों को खारिज किया है और कहा है कि गाजा में उसकी सैन्य कार्रवाई सिर्फ और सिर्फ हमास को नष्ट करने पर केंद्रित है। बता दें कि निकारागुआ ने मार्च की शुरुआत में हेग में यह मामला लाया था और अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के न्यायाधीशों से अनुरोध किया था कि वे बर्लिन को इजराइल को हथियार और अन्य सहायता प्रदान करने से रोकने के लिए आपातकालीन आदेश जारी करें। याचिका में यह भी कहा गया था कि जर्मनी ने संयुक्त राष्ट्र की सहायता एजेंसी, यूएनआरडब्ल्यूए को फंडिंग बंद करके संयुक्त राष्ट्र नरसंहार संधि का उल्लंघन किया है।

## बड़े काम का है रेलवे का यह नियम

# रेलवे परिसर में कहीं भी घायल हुए तो व्यक्ति को मिलेगा मुफ्त इलाज




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अगर रेलवे स्टेशन या परिसर में कहीं पर भी किसी के साथ कोई घटना होती है और व्यक्ति घायल हो जाता है तो उसका इलाज भारतीय रेलवे कराएगा। भले ही पीड़ित व्यक्ति के पास रेलवे का कोई टिकट हो या न हो। रेलवे की पहली प्राथमिकता उस व्यक्ति का तुरंत इलाज कराना है।

### घायल के पास टिकट नहीं होगा तो भी मिलेगा इलाज

रेल मैन्युअल के अनुसार अगर कोई व्यक्ति ट्रेन से सफर करने के लिए प्लेटफार्म या स्टेशन पहुंचता है, यहां तक कि स्टेशन परिसर तक पहुंचा जाता है। उस दौरान किसी के साथ कोई घटना हो जाती है और वो घायल हो जाता है। उस व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाकर तुरंत उपचार कराने की जिम्मेदारी भारतीय रेलवे की है। भले ही उस व्यक्ति के पास किसी तरह का टिकट हो या न हो। रेल मैन्युल के अनुसार परिसर पर आने वाल प्रत्येक व्यक्ति रेलवे का संभावित यात्री हो सकता है। अगर कोई व्यक्ति बगैर टिकट है तो रेलवे उस पर कार्रवाई बाद में करेगा।

## फिलिस्तीनी-इजराइल समर्थक भिड़े, हंगामा

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के यूसीएलए परिसर में फिलिस्तीनी और इजराइल समर्थक प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हुई है। नियंत्रण के लिए मौके पर पुलिस पहुंची है। झड़प बुधवार तड़के एक शिविर के ठीक बाहर हुई, जहां फिलिस्तीनी समर्थक प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षा के लिए अवरोधक लगाए थे। इजराइल समर्थक प्रदर्शनकारियों के साथ झड़प के दौरान प्रदर्शनकारियों ने एक-दूसरे को लात मारी और लाठियों से हमला किया। इससे पहले न्यूयॉर्क स्थित कोलंबिया विश्वविद्यालय के हैमिल्टन हॉल में जमा हुए 30 से 40 फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने मंगलवार रात परिसर से हटा दिया था।




## मनीषा को ताज, राधिका और जेस्मिन रहीं सेकंड रनरअप



*कुल्लू। मनीषा ठाकुर के सिर स्प्रिंग क्वीन 2024 का ताज सजा है। लालचंद प्रार्थी कलाकेंद्र में हुए फाइनल राउंड में मनीषा ठाकुर ने अन्य प्रतिभागियों को पछाड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया। स्प्रिंग क्वीन की पहली रनरअप राधिका ठाकुर और सेकंड रनरअप जेस्मिन ठाकुर रहीं।*

## शोध से जगी उम्मीद: चांद पर बर्फ ही बर्फ! भारतीय वैज्ञानिकों ने किया कमाल

# चंद्रमा की सतह के नीचे बर्फ पर नए शोध ने सबको चौंकाया



एजेंसी ▶▶ बेंगलुरू

चांद पर पानी की खोज से जुड़े नए तथ्य सामने आए हैं। भारतीय और अंतराष्ट्रीय वैज्ञानिकों के एक हालिया अध्ययन से इस बात की उम्मीद जगी है कि चंद्रमा के ध्रुवीय गड्ढों में पहले के अनुमान से काफी अधिक सतह पर पानी बर्फ हो सकती है। इसरो ने बुधवार को कहा है कि आईएसपीआरएस जर्नल ऑफ फोटोग्रामेट्री एंड रिमोट सेंसिंग में प्रकाशित शोध से पता चलता है कि सतह के कुछ मीटर नीचे बर्फ की मात्रा सतह की तुलना में 5 से 8 गुना अधिक है।

### चंद्रमा पर वाष्पशील पदार्थों का पता लगाना होगा आसान

यह दबी हुई बर्फ चंद्रमा पर लंबे समय तक मानव उपस्थिति को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। इसरो स्पेस एप्लीकेशन सेंटर (एसएसी) के टी चक्रवर्ती ने कहा, 'इस बर्फ के वितरण और गहराई की सटीक जानकारी भविष्य में इन चंद्र वाष्पशील पदार्थों का पता लगाने और नमूना लेने के लिए लैंडिंग स्थलों का चयन करने में महत्वपूर्ण साबित होगा। नासा के चंद्र टोही ऑर्बिटर (एलआरओ) पर सवार सात उपकरणों से डेटा का विश्लेषण करते हुए टीम ने पाया कि उत्तरी ध्रुवीय क्षेत्र में दक्षिणी ध्रुवों की तुलना में लगभग दोगुनी बर्फ है। माना जाता है कि बर्फ की उत्पत्ति प्राचीन चंद्र ज्वालामुखी के दौरान निकलने वाली गैस से हुई थी।

### भारत के चंद्रयान-2 चंद्र ऑर्बिटर के रडार डेटा का किया उपयोग

### उत्तरी ध्रुवीय क्षेत्र में दक्षिणी ध्रुवों की तुलना में लगभग दोगुनी बर्फ

## चांद पर पानी मिलने की संभावना

*भारत के चंद्रयान-2 चंद्र ऑर्बिटर के रडार डेटा का उपयोग करते हुए निकाले गए निष्कर्ष संकेत देते हैं कि कुछ ध्रुवीय क्रेटर में बर्फ जमा हो सकती है। इसरो का कहना है कि नया अध्ययन चंद्रमा के वाष्पशील पदार्थों के इन-सीटू जांच के लिए उसकी भविष्य की योजनाओं का समर्थन करता है। पानी मानव जीवन के लिए एक बहुमूल्य संसाधन है। ऐसे में चंद्रमा की सतह के ठीक नीचे से बर्फ का होना एक नई संभावना पैदा करता है। चांद पर पानी की खोज को लेकर दुनियाभर के वैज्ञानिक सालों से खोज में जुटे हैं। इसको लेकर अलग-अलग तरह की जानकारी भी सामने आती रही है।*

## ओडेसा में मिसाइल हमला

# रूसी हमले में 5 की मौत, 30 घायल 'हैरी पॉटर कैसल' तबाह

एजेंसी ▶▶ कीव



रूस और यूक्रेन के बीच 26 महीने से अधिक समय से युद्ध जारी है। फिलहाल, यह जंग थमती नजर नहीं आ रही है। इस बीच, एक बार फिर रूस की तरफ से मिसाइल हमला किए जाने की खबर सामने आई है।


काला सागर के बंदरगाह शहर ओडेसा में मिसाइल हमले में कम से कम 5 लोगों की मौत हो गई। वहीं 30 से अधिक लोग घायल हुए हैं। हमले में कई आवासीय भवनों सहित बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है। इससे पहले रूसी सीमा से सिर्फ 30 किमी दूर स्थित यूक्रेनी शहर खार्किव पर ग्लाइड बमों से हमला किया गया था। दो नागरिक घायल हो गए थे। हमले में बहुमंजिला आवासीय इमारत भी क्षतिग्रस्त हुई थी। यूक्रेन दो वर्षों से रूसी आक्रमण को रोक रहा है। रूसी सेना आए दिन खार्किव और ओडेसा के प्रमुख शहरों पर मिसाइलें और ड्रोन दागती रहती है।



# कब-कैसे बढ़ता है कोलेस्ट्रॉल लेवल

आजकल हृदय रोग के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं और इसके प्रमुख कारणों में से एक है कोलेस्ट्रॉल का हाई लेवल। क्यों होता है ऐसा और इसे कैसे नियंत्रित किया जा सकता है, जानिए।

डॉक्टर्स एडवाइस
डॉ. रवींद्र गुप्ता
एचओडी-इंटरनल मेडिसिन
सी. के. बिड़ला हॉस्पिटल, गुरुग्राम



अपनी हेल्थ को लेकर कॉन्शस लोग यह तो जानते हैं कि शरीर में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ना हार्मफुल होता है। लेकिन यह समझना भी जरूरी है कि यह किस तरह नुकसान पहुंचाता है और इससे कैसे बचा जाए?

### क्या है कोलेस्ट्रॉल

कोलेस्ट्रॉल, फैट का ही एक रूप है, जो पिघले मोम की तरह चिपचिपा होता है। यह इतना ऑयली होता है कि पानी में नहीं घुल पाता। फिर लिपोप्रोटीन कणों के रूप में रक्तप्रवाह के माध्यम से शरीर के सभी अंगों तक पहुंचता है। इसे दो भागों में बांटा जाता है, एलडीएल यानी लो डेंसिटी लिपोप्रोटीन (बैड) और एचडीएल यानी हाई डेंसिटी लिपोप्रोटीन (गुड) कोलेस्ट्रॉल। गुड कोलेस्ट्रॉल, कई तरह के हॉर्मोंस के स्राव को नियंत्रित करता है। नई कोशिकाओं की दीवारों और विटामिन-डी के निर्माण में मददगार होता है। शरीर के नर्वस सिस्टम के न्यूरांस को बनाने में भी इसकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कुछ खास तरह के विटामिंस की पाचन क्रिया में भी यह यूजफुल होता है।

### कई तरह से नुकसानदायक

जब लोग कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का जिक्र करते हैं, तो उसका मतलब सिर्फ एलडील यानी बैड कोलेस्ट्रॉल से होता है, जो हेल्थ को कई तरह से नुकसान पहुंचा सकता है। जैसे- यह ब्लड वेसेल्स की भीतरी दीवारों में चिपक कर उन्हें संकरा बना देता है, जिससे रक्त प्रवाह में रुकावट पैदा होती है, इसी वजह से हार्ट अटैक और ब्रेन स्ट्रोक की आशंका बढ़ जाती है।

बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ने की वजह से आंखों तक सही ढंग से रक्त प्रवाह नहीं हो पाता है, नतीजतन नजर भी कमजोर पड़ सकती है। बैड कोलेस्ट्रॉल की अधिकता से बढ़ती उम्र में अल्जाइमर का खतरा बढ़ जाता है। यह किडनी के लिए बहुत नुकसानदेह होता है, इससे सीने में दर्द यानी एंजाइना पेन की समस्या हो सकती है, जो हृदय रोग के शुरुआती लक्षणों में से एक है। इसकी वजह से कंधे और गर्दन में दर्द हो सकता है। बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ने की स्थिति में हाथ, पैरों की नसों तक ऑक्सीजनयुक्त रक्त पहुंच नहीं पाता, जिससे शरीर के इन भागों में हमेशा दर्द और अकड़न महसूस होती है। बैड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ने से बॉडी वेट भी बढ़ सकता है।

### क्या है वजह

सैचुरेटेड और ट्रांस फैट वाले फूड्स जैसे रेड मीट, अंडे की जर्दी, तेल, मक्खन और घी का अधिक मात्रा में सेवन इस समस्या के लिए जिम्मेदार माना जाता है। शारीरिक श्रम की कमी भी इसकी बड़ी वजह है। कुछ लोगों में आनुवंशिकता के कारण भी बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ने की समस्या हो सकती है।



### जांच-बचाव उपचार

लिपिड प्रोफाइल नामक जांच से शरीर में कोलेस्ट्रॉल लेवल का पता लगाया जाता है। स्वस्थ व्यक्ति के शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल का स्तर 130 से कम होना चाहिए, अगर किसी की हार्ट की सर्जरी हुई हो तो उसके शरीर में इसका लेवल 100 से कम होना चाहिए। अगर कोई समस्या न हो तो भी साल में एक बार कोलेस्ट्रॉल लेवल की जांच जरूर करवा लेनी चाहिए। इस समस्या से बचाव के लिए घी, तेल, मक्खन, मैदा, अंडे की जर्दी और बाजार में बिकने वाले जंक फूड्स से दूर रहें। रेग्युलर एक्सरसाइज और वॉकिंग करें। इन प्रयासों के बावजूद अगर शरीर में एलडीएल का स्तर कम न हो, तो दवाओं की मदद से इसे नियंत्रित किया जा सकता है। *

प्रस्तुति:विनीता

हेल्थ सजेशन / शिखर चंद जैन

हंसना सिर्फ एक शारीरिक क्रिया या किसी बात-घटना की प्रतिक्रिया नहीं होता है। यह एक नेचुरल रेमिडी है, जो बिना कुछ खर्च किए आपको फिजिकली-मेंटली हेल्दी रहने में बहुत इंपॉर्टेंट रोल निभाता है। कई स्टडीज में ऐसे फैक्ट सामने आए हैं कि हेल्दी रहने में अधिक से अधिक हंसना बहुत इफेक्टिव होता है। **वर्ल्ड लाफ्टर-डे (5 मई)** के मौके पर हंसने के हेल्दी बेनिफिट्स के बारे में आप भी जानना चाहेंगे।



# जी भरकर हंसिए-खिलखिलाइए रहेंगे फिजिकली-मेंटली हेल्दी

शादी विवाह हो या होली जैसे त्यौहार, अप्रैल फूल का दिन हो या दोस्तों की महफिल हो, विभिन्न अवसरों पर खूब हंसी-ठहाके और मस्ती मसखरी चलती है। हंसकर हम खुद को तरोताजा महसूस करते हैं। वैज्ञानिक भी कहते हैं कि हंसने-मुस्कुराने और चुहलबाज़ी के हजार फायदे होते हैं। इसके लिए एक कहावत है कि साबुन जो काम हमारे शरीर की सफाई के लिए करता है, वही हंसी हमारे मन के लिए करती है। हंसने-मुस्कुराने के कई फायदे समय-समय पर बताए जाते रहे हैं। कुछ ताजा अध्ययनों के अनुसार हंसने से फर्टिलिटी की संभावना, बौद्धिक क्षमता और उम्र भी बढ़ती है।

### बढ़ती है आयु



सेहत विज्ञानियों का मानना है कि हंसते-मुस्कुराते रहने से इंसान दीर्घायु होता है। हर 5 मिनट की हंसी हमारे जीवन में 5 दिनों की आयु बढ़ा सकती है। दरअसल, हंसने से तन और मन के स्वास्थ्य को कई तरह के फायदे होते हैं। ठहाके लगाने और खुलकर हंसने से रेस्पिरेटरी मसल्स फैलती हैं, जिनसे इनकी एक्सरसाइज हो जाती है। इससे चेस्ट कैविटी भी फैलती है। फेफड़ों में ज्यादा ऑक्सीजन भरती है और ज्यादा कार्बन डाइऑक्साइड निकलती है। इससे हमारे लंग्स हेल्दी बनते हैं, उनकी कार्यक्षमता भी बढ़ती है। इससे हम लंबे समय तक हेल्दी रह सकते हैं।

### हार्ट को रखे हेल्दी

अमेरिका स्थित कैलिफोर्निया की लोमा लिंडा यूनिवर्सिटी के शोधकर्ता ली बुर्के और डॉ. स्टेनले टैन ने अपने एक अध्ययन में पाया कि हंसने की प्रक्रिया से हमारे शरीर में कई तरह के रिएक्शन होते हैं। इससे एड्रेनलीन हार्मोन का स्रावण होता है, जिसे अराउजल हार्मोन कहा गया है। यह कई प्रकार के सेंसेज को जगा देता है। इससे हार्ट बीट बढ़ती है। हार्ट पर पॉजिटिव दबाव बढ़ने से यह रक्त की पंपिंग ज्यादा करता है। इससे हार्ट स्ट्रॉन्ग बनता है। इससे स्किन को भी फायदा होता है और चेहरा दमकने लगता है।

### अच्छी कार्डियो एक्सरसाइज

खुल कर हंसने से फिजिकल फटीग और मेंटल टेंशन से रिलीफ मिलती है और मसल्स रिलैक्स करती हैं। लाफ्टर ब्लड वेसल्स फंक्शन को इंप्रूव करके ब्लड फ्लो बढ़ाती है। इससे हार्ट अटैक और दूसरी कार्डियोवैस्कुलर समस्याओं से सुरक्षा मिलती है। हेल्थ एक्सपर्ट कहते हैं कि लाफ्टर एक अच्छी कार्डियो एक्सरसाइज है। इससे हार्ट मसल्स की अच्छी एक्सरसाइज होती है। इससे कैलोरी भी बर्न होती है।

### बढ़ती है मेंटल स्ट्रेंथ

अच्छे सेंस ऑफ ह्यूमर वाले, हंसोड़ और जिंदादिल इंसान मुसीबतों और दुख की घड़ी में भी खुद को संयत, संतुलित सक्रिय रखने में सक्षम होते हैं। ऐसे लोग मुसीबतों को सिर पर नहीं लादते। ये आमतौर पर खुश और सुकून से जीते हैं। इसकी वजह है कि हंसने से इनकी मेंटल स्ट्रेंथ बढ़ती है, ये अपने इमोशंस पर बेहतर ढंग से कंट्रोल करना जानते हैं। यही वजह है कि स्ट्रेस और टेंशन की कंडीशन में भी ये रिलैक्स रह लेते हैं।

### बढ़ता है सोशल सर्किल

अपनी पुस्तक 'साइकोलॉजी ऑफ हैप्पीनेस' में लेखक और मनोविज्ञानी माइकल फोर्डिस लिखते हैं, 'हंसने वाले लोग एक संतुलित और सफल जीवन जीने में सक्षम होते हैं। इनका सोशल और बिजनेस सर्किल भी बड़ा होता है क्योंकि ये अपने हंसने-मुस्कुराने वाले स्वभाव के कारण बड़ी आसानी से लोगों को इंप्रेस कर लेते हैं और उनसे हमेशा के लिए जुड़ जाते हैं।' यानी हंसने वाले लोगों के सोशल रिलेशन अधिक आसानी से और ज्यादा बनते हैं। इसका फायदा यह होता है कि व्यक्ति कभी भी अकेलेपन, स्ट्रेस या डिप्रेशन का शिकार नहीं होता है। वह अपने मन की बातें दूसरों से शेयर करता और दूसरों की बातें सुनता भी है।

'बीएमसी कंपलीमेंटरी एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन' जर्नल में प्रकाशित एक शोध में बताया गया है कि हंसना एक प्रकार का गुडविल मैसेज है। हंसने का फायदा सिर्फ सेहत तक ही सीमित नहीं



बल्कि इससे आपकी पर्सनल और प्रोफेशनल इमेज पर भी पॉजिटिव असर पड़ता है। हंसने मुस्कुराने वाले लोगों का सामाजिक दायरा बड़ा होता है क्योंकि ये आसानी से सबको अपना मित्र बना लेते हैं। साथ ही इस आदत का फायदा इन्हें प्रोफेशनल फ्रंट पर भी मिलता है। ये अपने जिंदादिल स्वभाव से बॉस, कुलीग्स और क्लाइंट्स सबको खुश रखते हैं, जिससे इनके काम आसानी से बन जाते हैं और तरक्की के रास्ते भी सदा खुले रहते हैं।

कहने का मतलब यही है कि हंसमुख व्यक्ति हर मायने में दूसरों से अधिक हेल्दी और हैप्पी लाइफ जीता है। *

### आसान होती है प्रेगनेंसी



**दक्षिण कोरिया** के शोधकर्ता एच. जे. चुंग ने स्ट्रेस और एंजायटी के दौर से गुजर रही इनफर्टिलिटी की मरीजों पर लाफ्टर थेरेपी का असर जानने के लिए एक अध्ययन किया ।उन्होंने आईवीएफ ट्रीटमेंट ले रही 40 महिलाओं में से 20 को लाफ्टर थेरेपी दी तो पाया कि बाकी 20 महिलाओं की तुलना में उनमें स्ट्रेस एंजायटी और डिप्रेशन काफी कम था और उनमें प्रेगनेंसी ज्यादा आसानी से हुई। एक अन्य अध्ययन में ऑक्सफोर्ड कंसेप्शन स्टडी से पता चला कि जिन महिलाओं के रक्त में अल्फा एमीलेज नामक स्ट्रेस इंडिकेटर का लेवल अधिक था, उनमें प्रेगनेंसी की दर काफी कम थी। जबकि हंसने-मुस्कुराने और हंसी-मजाक का आनंद लेने वाली महिलाओं में फर्टिलिटी के इलाज से प्रेगनेंसी के चांस बढ़ गए।

केयर
संध्या रानी

अब गर्मी धीरे-धीरे बढ़ रही है। कुछ जगहों पर तो दिन के समय काफी गर्म हवाएं चलने लगी हैं। ऐसे में लापरवाही बरतने से आप हीट स्ट्रोक के शिकार हो सकते हैं। इससे बचाव और उपचार के बारे में जानिए।

# हीट स्ट्रोक से ऐसे बचें



हीट स्ट्रोक या लू लगना एक गंभीर शारीरिक स्थिति है, जिसमें शरीर तापमान को नियंत्रित करने की क्षमता खो देता है। इसके कारण शरीर का तापमान बढ़कर 104 डिग्री से भी अधिक पहुंच जाता है। शरीर के तापमान की यह स्थिति मस्तिष्क समेत शरीर के अन्य अंगों के लिए खतरनाक हो सकती है। कभी-कभी यह जानलेवा भी साबित हो जाती है।

**प्रमुख लक्षण:** इस स्थिति में शरीर में पानी की कमी हो जाती है। शरीर से अत्यधिक पसीना निकल जाने से सोडियम की कमी हो जाती है। यदि समय रहते यह कमी पूरी न की जाए तो हाथ-पैर और पेट में दर्द, तेज पसीना, कमजोरी, प्यास, सिर दर्द, मितली, चक्कर आदि जैसे लक्षण उत्पन्न हो सकते हैं। इसके अलावा सांस लेने में कठिनाई, घबराहट, चिड़चिड़ापन, त्वचा में खुश्की और लालिमा भी दिख सकती है।

**नेचुरल थेरेपी:** लू लगने पर रोगी को ऐसे स्थान पर लिटाना चाहिए जहां का वातावरण ठंडा हो। लेकिन वहां हवा के झोंके न आ रहे हों, इसका भी ध्यान रखना चाहिए। रोगी को ठंडे जल से तर कर पंखा चला देना चाहिए और थोड़ी-थोड़ी देर के बाद उसे ठंडे जल में भीगे तौलिए से भिगोते रहना चाहिए। बर्फ के जल में कपड़ा भिगोकर उसकी पट्टी रोगी के सिर, पेट और शरीर पर बदल-बदल कर लगाते रहना चाहिए। अधिक लू लगने पर कटि स्नान या पेड़ू पर गीली मिट्टी की पट्टी बार-बार लगाना भी उपयोगी सिद्ध होता है।

**पेड़ू पर मिट्टी पट्टी:** इसके लिए साफ बलुई मिट्टी जिसमें आधी मिट्टी और आधा बालू हो, का उपयोग करना चाहिए। अगर यह उपलब्ध न हो तो किसी साफ जगह पर जमीन से एक फिट नीचे की मिट्टी लेकर साफ करने के बाद उसमें पानी मिलाकर लुगदी जैसा बना लें।

अब इस मिट्टी को पेड़ू के आकार से थोड़ा बड़ा महीन कपड़े पर फैलाकर लगभग आधा इंच मोटाई की पट्टी बना लें। इस पट्टी का मिट्टी की तरफ वाला भाग पेड़ू पर रखकर किसी ऊनी कपड़े से ढंक दें। हर आधे घंटे पर इस पट्टी को बदलते रहना चाहिए। एक बार उपयोग की गई मिट्टी का प्रयोग दोबारा नहीं करना चाहिए।

**कटि स्नान:** कटि स्नान के लिए किसी ऐसे टब की जरूरत होती है, जिसमें आराम कुर्सी की तरह आधा लेटा जा सके। टब में लगभग 12 से 14 इंच गहराई तक ठंडा पानी भरें, जिससे कि टब में बैठने पर पानी नाभि तक और नीचे आधी जंघाओं तक आ जाए। टब में अधलेटी अवस्था में बैठ जाएं और अपने दोनों पैर को टब के बाहर चौकी पर रख लें। यह ध्यान रहे कि पानी से पैर भीगने न पाएं।

**तरल पदार्थ लें:** लू लगने पर भोजन की जगह मट्ठा, दही की लस्सी, कच्चे आम का पना, सत्तू का शरबत और नीबू पानी थोड़ा-थोड़ा करके पीना चाहिए। एक गिलास पानी में दो चम्मच धनिया को आधे घंटे के लिए भिगो दें। फिर इसे मसलकर छान लें और इस पानी में थोड़ी चीनी मिलाकर पीते रहें। इसके अलावा बेल के शरबत का सेवन जरूर करना चाहिए। यह गर्मी को दूर करता है और यह हमारे पाचन को भी स्वस्थ रखता है।

**बचाव के उपाय:** गर्मी के मौसम में ऐसा आहार लेना चाहिए, जो शरीर में पानी की आपूर्ति करता रहे। इस मौसम में तले-भुने गरिष्ठ भोजन से परहेज करना चाहिए। मौसम के अनुसार ही फल, सब्जी खाने चाहिए। फलों में खीरा, ककड़ी, तरबूज, खरबूज को अपने भोजन में शामिल करना चाहिए। जब मौसम अधिक गर्म हो तो बाहर न निकलें। अगर बाहर जाएं तो अपने साथ पानी की बोतल रखना ना भूलें और हमेशा पानी पीकर ही बाहर जाएं। इसके अलावा हमेशा अपने सिर को ढंक कर ही बाहर निकलें। धूप में शारीरिक श्रम वाला कोई काम नहीं करना चाहिए। बुजुर्गों और बच्चों को अधिक सावधानी बरतनी चाहिए। *

**(नेचुरोपैथ डॉ. कैलाश द्विवेदी से बातचीत पर आधारित)**

घरेलू औषधि/ संध्या सिंह

# गर्मियों की महौषधि पुदीना



गर्मी का मौसम हमारे लिए कई तरह की समस्याएं लेकर आता है। ज्यादा गर्मी में कुछ लोगों को हीट क्रैंप पड़ने लगते हैं, जबरदस्त थकावट महसूस होती है, लू लग सकती है, शरीर में पानी की कमी हो जाती है, अकसर फूड पॉयजनिंग हो जाती है, घमौरियां निकल आती हैं, चिकनपॉक्स, डायरिया, पेचिश और हैजा जैसी समस्याएं भी इस मौसम में खूब सताती हैं। पुदीना एक ऐसी हर्ब है, जो गर्मियों में होने वाली हेल्थ संबंधी ज्यादातर परेशानियों से राहत दिलाती है।

**इन समस्याओं को करे दूर:** लू लग जाने पर, फूड पॉयजनिंग होने की स्थिति में, त्वचा रूखी होने पर, गर्मियों में शरीर में पानी की कमी होने की स्थिति में, जी मिचलाने जैसी तमाम समस्याओं में पुदीना हमें तात्कालिक राहत देता है। इसीलिए पुदीना को 'गर्मियों की महौषधि' कहते हैं।

**ऐसे कर सकते हैं सेवन:** अगर आप गर्मियों में हर दिन सुबह या शाम एक गिलास पुदीने का पानी या पुदीने का शरबत पी लें (अगर डायबिटीज नहीं है) तो ज्यादातर मौसमी परेशानियां खत्म हो जाती हैं। अगर गर्मियों में पुदीने की पत्तियों को पीसकर 20 से 25 मिनट तक चेहरे पर इसका लेप लगा लें तो पूरे दिन ही नहीं बल्कि कई दिनों तक चेहरा तरोताजा बना रहता है। गर्मियों में थकान महसूस होने पर पुदीने का पानी पीते ही तुरंत थकान दूर होती है। *

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से। हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित






# टी20 विश्व कप : अर्शदीप और सिराज पर भारत की उम्मीदों पर सफल होने की चुनौती


एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत की टी20 विश्व कप टीम में चार स्पिनरों से पता चलता है कि भारतीय चयनकर्ताओं को अमेरिका और वेस्टइंडीज में स्पिन की अनुकूल धीमी पिचों की उम्मीद है लेकिन क्या उन्होंने 15 सदस्यीय टीम में केवल तीन तेज गेंदबाजों को चुनकर कोई गलती की है। तेज गेंदबाजी में पसंद पर भी सवाल उठे हैं।

आईपीएल शुरू होने से पहले तेज गेंदबाजी विभाग में सिर्फ जसप्रीत बुमराह का चयन तय था जबकि अन्य तेज गेंदबाजों को लीग में खुद को साबित करना था। मंगलवार को चुनी गई टीम को देखते हुए चयनकर्ताओं ने सुरक्षित रुख अपनाया और एक जून से शुरू होने वाले आईसीसी टूर्नामेंट में बुमराह का साथ देने के लिए मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह को चुना। संदीप शर्मा, आवेश खान और टी नटराजन जैसे तेज गेंदबाजों को नजरअंदाज कर दिया गया जिन्होंने मौजूदा आईपीएल में डेथ ओवरों में अपने गेंदबाजी कौशल से प्रभावित किया।

### संदीप, आवेश और नटराजन जैसे तेज गेंदबाज नजरअंदाज





### आईपीएल में दोनों फेल

भारत के लिए सिराज ने 10 और अर्शदीप ने 44 टी20 अंतरराष्ट्रीय खेले हैं। इन दोनों का मौजूदा आईपीएल में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा लेकिन भारत के लिए उनके अतीत के प्रदर्शन के आधार पर उन्हें टीम जगह मिली है। यह जोड़ी नई गेंद को स्विंग कराने की क्षमता रखती है लेकिन क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि कोई गेंदबाज डेथ ओवरों में बल्लेबाजों को कैसे रोकता है। यह खेल का वह पहलू है जिसमें अर्शदीप और सिराज दोनों ही आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।

### पुराने रिकॉर्ड पर भरोसा

सिराज ने 9.50 रन प्रति ओवर की दर से रन दिए हैं जबकि अर्शदीप काफी महंगे साबित हुए हैं और उन्होंने प्रति ओवर 9.63 रन की दर से रन लुटाए हैं। अर्शदीप ने हालांकि नौ मैच में 12 विकेट चटकाए हैं। उन्होंने 2022 टी20 विश्व कप में भी 10 विकेट हासिल किए थे। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप का डेथ ओवरों में प्रदर्शन चिंताजनक है लेकिन चयनकर्ताओं ने राष्ट्रीय स्तर पर उनके अच्छे रिकॉर्ड पर भी विचार किया है। उन्होंने 20.87 के औसत और 8.63 की इकोनॉमी रेट से 62 विकेट लिए हैं। सिराज ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में 8.78 की इकोनॉमी रेट से रन दिए हैं।

### एक के चुने जाने की संभावना : प्रसाद



पूर्व मुख्य चयनकर्ता एमएसके प्रसाद की राय में विश्व कप में तीन तेज गेंदबाजों को ले जाना काफी होगा और उन्हें चुने गए खिलाड़ियों से भी कोई दिक्कत नहीं है। लखनऊ सुपर जाइंट्स के रणनीतिक सलाहकार प्रसाद ने कहा, 'वहां की पिचों से धीमे गेंदबाजों को मदद मिलने की उम्मीद है और इसीलिए वे चार स्पिन विकल्पों के साथ जा रहे हैं। अंतिम एकादश में मैं हार्दिक पंड्या के साथ केवल दो विशेषज्ञ तेज गेंदबाजों को खेलता हुआ देखता हूं। मैं बुमराह और सिराज के साथ शुरुआत करना चाहूंगा।

### चार स्पिनरों की जरूरत नहीं : बिशप



वेस्टइंडीज के पूर्व तेज गेंदबाज इयान बिशप ने कहा कि 15 सदस्यीय टीम में चार स्पिनरों की जरूरत नहीं थी। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि टूर्नामेंट में स्पिन की भूमिका होगी। मेरी एकमात्र चिंता यह है कि विश्व कप के लिए पिचें द्विपक्षीय श्रृंखला या घरेलू टूर्नामेंटों में देखी गई पिचों से थोड़ी अलग हो सकती हैं। इसलिए मुझे लगता है कि चार स्पिनरों की जरूरत नहीं थी।'

### मैं चार स्पिनरों से भी हैरान : फिंच

ऑस्ट्रेलिया की टी20 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान रहे आरोन फिंच को लगता है कि सिराज और अर्शदीप के लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं करने के कारण बुमराह को तेज गेंदबाजी विभाग में अधिक सहयोग की जरूरत है। फिंच ने कहा, 'मैं चार स्पिनरों से भी हैरान था। मैंने रिंकू (सिंह) और केवल दो स्पिनरों को चुना था। मेरी शुरुआती टीम में मेरे पास अतिरिक्त तेज गेंदबाज थे क्योंकि मुझे लगता है कि गेंद के साथ जसप्रीत बुमराह के अलावा अन्य के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी को देखते हुए, विशेषकर पावर-प्ले में, मैं तेज गेंदबाजों के लिए अतिरिक्त सहयोग चाहता था।'



---

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 9 | 8 | 1 | 16 |
| कोलकाता | 9 | 6 | 3 | 12 |
| लखनऊ | 10 | 6 | 4 | 12 |
| चेन्नई | 9 | 5 | 4 | 10 |
| हैदराबाद | 9 | 5 | 4 | 10 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 |
| गुजरात | 10 | 4 | 6 | 8 |
| पंजाब | 9 | 3 | 6 | 6 |
| मुंबई | 10 | 3 | 7 | 6 |
| बेंगलोर | 10 | 3 | 7 | 6 |

**ऑरेंज कैप**



विराट कोहली
500 रन
बेंगलोर

**पर्पल कैप**



जसप्रीत बुमराह
14 विकेट
मुंबई

**बाउंड्री मीटर**

1491 चौके

871 छक्के

### खबर संक्षेप



#### पंड्या पर 24 लाख रुपए लगा जुर्माना

**लखनऊ।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में दूसरी बार टीम की ओवरगति धीमी रहने के कारण 24 लाख रुपए जुर्माना लगाया गया है। इंपैक्ट खिलाड़ी समेत बाकी खिलाड़ियों पर छह छह लाख रुपए या मैच फीस के 25 प्रतिशत में से जो कम हो, जुर्माना लगाया गया। मुंबई को लखनऊ ने चार विकेट से हराया। आईपीएल ने एक बयान में कहा, 'मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर टाटा इंडियन प्रीमियर लीग के 48वें मैच के दौरान धीमी ओवरगति के लिए जुर्माना लगाया गया है।'

#### बीसीबी ने स्कूली मैच 20 ओवरों के किए

**ढाका।** बांग्लादेश में प्रचंड गर्मी और लू के कारण क्रिकेट बोर्ड ने स्कूली क्रिकेट मैच 50 ओवरों की बजाय 20 ओवर प्रति टीम कर दिए हैं। बीसीबी के एक बयान के हवाले से ईएसपीएन क्रिकइन्फो की रिपोर्ट में कहा गया, 'देश में चल रही प्रचंड गर्मी के कारण बीसीबी की आयुवर्ग टूर्नामेंट समिति ने तय किया है कि 29 अप्रैल से प्राइम बैंक राष्ट्रीय स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के बचे हुए सभी मैच टी20 प्रारूप में खेले जाएंगे।'

#### बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी मैड्रिड मास्टर्स से बाहर

**मैड्रिड।** शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत के रोहन बोपन्ना और आस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन की जोड़ी पहले दौर में सेबेस्टियन कोरडा और जोर्डन थाम्पसन से हार के बाद एटीपी मुटुआ मैड्रिड ओपन से बाहर हो गई। आस्ट्रेलियाई ओपन पुरुष युगल चैंपियन बोपन्ना और एबडेन को 1.17 घंटे चले मैच में अमेरिका और आस्ट्रेलिया की जोड़ी से 7-6, 7-5 से पराजय झेलनी पड़ी। पिछले साल बोपन्ना और एबडेन ने इंडियन वेल्स मास्टर्स जीता था और 43 वर्ष के बोपन्ना एटीपी मास्टर्स 1000 चैंपियन बनने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी भी बने।

---

### बेयरस्टो-रूसो की अहम पारियां, पीबीकेएस के चाहर-बरार को 2-2 विकेट

# पंजाब की चेन्नई पर लगातार 5वीं जीत, टीम प्लेऑफ रेस में बरकरार

एजेंसी ⏭ चेन्नई

पंजाब किंग्स ने आईपीएल-2024 के 49वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स को 7 विकेट से हराया। यह पंजाब की चेन्नई पर लगातार 5वीं जीत है। टीम ने मौजूदा सीजन में लगातार दूसरा मैच जीता है। इस जीत से पंजाब की प्लेऑफ की उम्मीदें कायम हैं। टीम के पास 4 जीत के साथ 8 अंक हो गए हैं। वहीं हार के बावजूद चेन्नई की टीम 10 अंक लेकर तालिका में चौथे स्थान पर बनी हुई है, जबकि पंजाब को दो मैच जीतने से फायदा हुआ है और टीम आठ अंकों के साथ सातवें स्थान पर आ गई है। इसी के साथ पंजाब ने प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी संभावनाओं को जिंदा रखा है।

चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में बुधवार को पंजाब ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। चेन्नई ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 162 रन बनाए। जवाब में पंजाब ने 17.5 ओवर में 3 विकेट पर टारगेट हासिल कर लिया। कप्तान सैम करन 26 और शशांक सिंह 25 रन पर नाबाद लौटे। पीबीकेएस के ओपनर जॉनी बेयरस्टो ने 46 और राइली रूसों ने 43 रन की अहम पारियां खेलीं। शार्दूल ठाकुर, रिचर्ड ग्लीसन और शिवम दुबे को एक-एक विकेट मिला।

सीएसके के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने 48 बॉल पर 62 रन बनाए। उन्होंने सीजन में चौथा अर्धशतक जमाया। यह गायकवाड़ का लगातार तीसरा 50+ स्कोर है। गायकवाड़ के अलावा, अजिंक्य रहाणे ने 29 और समीर रिजवी ने 21 रन का योगदान दिया। हरप्रीत बरार और राहुल चाहर ने 2-2 विकेट लिए। कगिसो रबाडा और अर्शदीप सिंह को एक विकेट मिला।



#### चेन्नई ने पंजाब को दिया शुरुआती झटका

लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब की शुरुआत अच्छी नहीं रही और इंपैक्ट प्लेयर के तौर पर मैदान में उतरे प्रभसिमरन सिंह को रिचर्ड ग्लीसन ने आउट किया। ग्लीसन का आईपीएल का यह पहला विकेट है। प्रभसिमरन 13 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद जॉनी बेयरस्टो और रिली रोसोयू ने दूसरे विकेट के लिए 64 रनों की साझेदारी कर पंजाब को संभाला। बेयरस्टो अर्धशतक की ओर बढ़ रहे थे तभी शिवम दुबे ने उन्हें आउट कर पंजाब को दूसरा झटका दिया।

#### रोसोयू भी अर्धशतक से चूके

बेयरस्टो के आउट होने के बाद भी रोसोयू ने अपनी शानदार पारी जारी रखी और वह भी धीरे-धीरे अर्धशतक की ओर बढ़ने लगे। हालांकि शार्दुल ठाकुर ने रोसोयू को बोल्ड कर पंजाब को तीसरा झटका दिया। रोसोयू 43 रन बनाकर आउट हुए और अर्धशतक बनाने से चूक गए। इसके बाद कप्तान सैम करन ने शशांक सिंह के साथ मिलकर पारी को संभाला और 13 गेंद शेष रहते टीम को जीत दिलाई।

#### चेपॉक पर सर्वाधिक मैच जीतने वाली दूसरी टीम

पंजाब किंग्स आईपीएल में चेन्नई को उसके घर पर सर्वाधिक बार हराने वाली दूसरी टीम बन गई है। पंजाब की चेपॉक पर यह चौथी जीत है और उसने इस मामले में केकेआर को पीछे छोड़ दिया है। चेपॉक पर चेन्नई के खिलाफ सबसे ज्यादा जीत का रिकॉर्ड मुंबई इंडियंस के नाम है जिसने सीएसके को उसके घरेलू मैदान पर पांच बार मात दी है।

#### पंजाब ने तालिका में लगाई छलांग

हार के बावजूद चेन्नई की टीम 10 अंक लेकर तालिका में चौथे स्थान पर बनी हुई है, जबकि पंजाब को दो मैच जीतने से फायदा हुआ है और टीम आठ अंकों के साथ सातवें स्थान पर आ गई है। इसी के साथ पंजाब ने प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी संभावनाओं को जिंदा रखा है। चेन्नई और पंजाब दोनों ने ही 10-10 मैच खेल लिए हैं और प्लेऑफ में जाने के लिए दोनों को अगले चार मैच में बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

#### ऋतुराज और रहाणे ने दिलाई ठोस शुरुआत

इससे पहले, पंजाब किंग्स के कप्तान सैम करन से टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का फैसला लिया। 10 मैचों में यह नौवीं बार था जब ऋतुराज टॉस नहीं जीत सके। पहले बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई को ऋतुराज और अजिंक्य रहाणे की सलामी जोड़ी ने दमदार शुरुआत दिलाई और दोनों ने पहले विकेट के लिए 64 रनों की साझेदारी की। गायकवाड़ और रहाणे ने पांचवें और छठे ओवर में सबसे ज्यादा रन निकाले। पावरप्ले की समाप्ति तक सीएसके का स्कोर 50 रन के पार पहुंच गया था। यह इस आईपीएल में पहली बार था जब सीएसके ने पावरप्ले के दौरान एक भी विकेट नहीं गंवाया था। हालांकि, नौवां ओवर डालने आए हरप्रीत बराड़ ने इस साझेदारी को रहाणे को आउट कर तोड़ा जो 29 रन बनाकर पवेलियन लौटे।

## स्मिथ और मैकगुर्क बाहर, मार्श को कमान आस्ट्रेलिया की टी20 विश्व कप टीम घोषित

एजेंसी ⏭ मेलबर्न

हरफनमौला मिचेल मार्श को टी20 विश्व कप के लिए आस्ट्रेलिया की 15 सदस्यीय प्रारंभिक टीम का कप्तान चुना गया जबकि अनुभवी स्टीव स्मिथ और युवा जैक फ्रेसर मैकगुर्क को टीम में जगह नहीं मिली है। यह एक दशक में पहली बार है कि पूर्व कप्तान और आस्ट्रेलिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक स्मिथ को विश्व कप टीम से बाहर रखा गया है। चयनकर्ताओं ने ट्रेविस हेड, डेविड वॉर्नर और मार्श पर भरोसा जताया है।

आईपीएल में किसी टीम के साथ करार नहीं होने से भी स्मिथ को नुकसान हुआ। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ टी20 बल्लेबाजों में शुमार स्मिथ ने 67 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 125.45 की स्ट्राइक रेट से 1094 रन बनाए हैं। वहीं आईपीएल में



दिल्ली कैपिटल्स के लिए पांच मैचों में 237.50 की स्ट्राइक रेट से 247 रन बना चुके मैकगुर्क का दावा भी पुख्ता था लेकिन चयनकर्ताओं ने कैमरन ग्रीन और जोश इंगलिस को चुना। टीमों के पास 25 मई तक बदलाव का मौका होगा जिसके बाद आईसीसी इवेंट तकनीकी समिति की मंजूरी लेनी होगी।

### चार भारतीय मुक्केबाज सेमीफाइनल में पहुंचे

**अस्ताना।** भारतीय मुक्केबाजों आर्यन, यशवर्धन सिंह, प्रियांशु और साहिल ने बुधवार को यहां अपने-अपने मुकाबले जीतकर एएसबीसी एशियाई अंडर-22 एवं युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनाई। आर्यन ने 51 किग्रा वर्ग में उज्बेकिस्तान के जुराएव शाकरबाय को सर्वसम्मत फैसले में 5-0 से हराकर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई। इसके बाद यशवर्धन (63.5 किग्रा) ने पहले दौर में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ईरान के मिराहमादी बाबाहेदारी को 4-1 से हराया। दूसरी तरफ प्रियांशु (71 किग्रा) और साहिल (80 किग्रा) को अधिक पसीना नहीं बहाना पड़ा और उन्होंने क्रमशः चीनी ताइपे के वू यू एन और तुर्कमेनिस्तान के यकलीमोव अब्दिरहमा के खिलाफ रैफरी के मुकाबला रोकने के फैसले के साथ अगले दौर में प्रवेश किया।



---

## कमिश्नर एकादश ने मीडिया इलेवन को 5 विकेट से हराया

### स्व. अरविंद चतुर्वेदी स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के ओल्ड कैंपियन ग्राउंड में चल रही स्वर्गीय अरविंद चतुर्वेदी स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता के चौथे दिन बुधवार को मीडिया एवं कमिश्नर 11 के मध्य मैच खेला गया, जिसमें कमिश्नर एकादश ने मीडिया एकादश को पांच विकेट से पराजित किया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मीडिया की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 134 रन बनाए, जिसमें कृष्णकांत गंगवार ने 32, प्रभात शुक्ला 22, नीरज ने 22 रनों की पारी खेली। गेंदबाजी करते हुए कमिश्नर एकादश की टीम से रणवीर वेद ने तीन मुदस्सर आलम ने दो, पंकज, निवेश और बिट्टू चौहान ने एक-एक विकेट प्राप्त किया।

#### पांच विकेट खोकर ही हासिल किया लक्ष्य

जवाबी पारी में कमिश्नर एकादश की टीम ने 14 ओवर में पांच विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। इनमें रवि नरवारे 54, रणवीर वेद 44, करण गिल 12 और हेमंत ने 12 रन बनाए। मीडिया की ओर से मुकेश विश्वकर्मा ने तीन, अजय मौर्य एवं नीरज ने एक-एक विकेट लिया। रणवीर वैद्य को मैन ऑफ़ द मैच चुना गया।



#### सेंट पॉल को हराकर सेंट माइकल फाइनल में

**भोपाल।** सेंट पॉल स्कूल में खेल जा रही बीडीसीए अंडर 15 टूर्नामेंट में बुधवार को सेंट माइकल क्रिकेट अकादमी ने सेंट पॉल क्रिकेट अकादमी को 69 रनों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। सेंट माइकल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ओम तालरेजा 40, नैतिक 40, अंजेश और आरव के 27,27 रनों की बदौलत 229 रन का लक्ष्य रखा। जवाबी पारी खेलते हुए सेंट पॉल की टीम निर्धारित 40 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 160 रन ही बना पाई। ओम तलरेजा ने तीन, नैतिक ने दो अंजेश ने दो विकेट प्राप्त किए। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार ओम तलरेजा को दिया गया।

## भगत सिंह हाउस ने अटल बिहारी वाजपेयी हाउस को 8 रन से हराया

### इंटर हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता को लेकर बच्चों में जबर्दस्त उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के गौतम नगर स्थित विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी में बुधवार को इंटर हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू हुई। अकादमी में बच्चों को चार हाउस में बांटा गया है। इनमें सुभाष चंद्र बोस हाउस, अटल बिहारी वाजपेई हाउस, सरदार वल्लभ भाई पटेल हाउस, भगत सिंह हाउस हाउस शामिल हैं।

बुधवार को भगत सिंह हाउस और अटल बिहारी वाजपेई हाउस के बीच मैच खेला गया। भगत सिंह ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और निर्धारित 40 ओवर में सभी विकेट खोकर 188 रन बनाए। भगत सिंह के कप्तान और क्षितिज ने पारी की शुरुआत की। वहीं, कप्तान शौर्य ने 39 रन का योगदान दिया।



अटल बिहारी हाउस की ओर से गेंदबाजी करते हुए अभिनय, सक्षम, जैद और अंश ने एक-एक विकेट लिए। वाजपेई हाउस की ओर से बैटिंग करते हुए नितेश साहू ने 53, बंश बॉथम ने 37 रन बनाए। संघर्षपूर्ण मुकाबले में भगत सिंह हाउस ने अटल बिहारी वाजपेई हाउस को 8 रन से हरा दिया। भगत सिंह हाउस की ओर से शानवी धाकड़ ने तीन, कप्तान शौर्य ने तीन और प्रथम सक्सेना व सहर्ष ने एक-एक विकेट लिया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष संदीप चौक से सुरेश माहेश्वरी उपस्थित थे। शानदार प्रदर्शन के लिए क्षितिज को मैन ऑफ़ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

---

### महाराणा प्रताप उमावि में चल रही जिला इंटर स्कूल ताइक्वांडो का समापन

## आईईएस स्कूल का चैंपियनशिप पर कब्जा, बाल भारती फर्स्ट रन अप

**भोपाल।** जहांगीराबाद के शब्बन चौराहे पर स्थित शासकीय महाराणा प्रताप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पिछले तीन दिन से चल रही भोपाल जिला इंटर स्कूल ताइक्वांडो टूर्नामेंट का बुधवार को समापन हो गया। यह टूर्नामेंट मप्र ताइक्वांडो संघ एवं भोपाल जिला ताइक्वांडो डेवलपमेंट संघ के तत्वाधान में आयोजित किया गया। इन तीन दिनों में जिला प्रतियोगिता में भोपाल जिले शासकीय, अशासकीय, सीबीएसई विद्यालय के लगभग 200 छात्र छात्राओं खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनके चेहरे पर अलग ही आत्मविश्वास झलक रहा था। इस टूर्नामेंट में आईईएस स्कूल ने चैंपियनशिप प्राप्त की। फर्स्ट रनर अप बाल भारती पब्लिक स्कूल तथा सेकंड रनर अप ट्रॉफी कल्याणी पब्लिक स्कूल ने प्राप्त की। बालिका वर्ग में बेस्ट प्लेयर मनीषा गौर कमला देवी पब्लिक स्कूल चुनी गई तथा बालक वर्ग में बेस्ट प्लेयर लक्ष्य पटेल कल्याणी पब्लिक स्कूल को चुना गया। समापन के पूर्व सभी वर्ग के परिणाम भी घोषित कर बच्चों को मैडल भी प्रदान कर दिए गए।

#### उप संचालक लोक शिक्षण समेत ये रहे मौजूद



इस अवसर पर उप संचालक लोक शिक्षण कनक प्रसाद, संयोजक प्राचार्य रजनी खरया, आमिर अहमद दुर्रानी, सहायक संचालक खेल शर्मिला बारीक, जिला क्रीड़ा अधिकारी डीएस धुर्वे, विद्यालय के कीड़ा अधिकारी अजीत पाल गिल, दीवान चांद मौली, विक्रम अवॉर्डी बबिता तोमर एवं अमर सिंह राजपूत आदि उपस्थित थे। सभी ने सफ़लता पूर्वक टूर्नामेंट अयोजित होने की सराहना की।

#### ये रहे बेस्ट

**बालिका वर्ग में बेस्ट प्लेयर मनीषा गौर, बालक वर्ग में लक्ष्य पटेल चुने गए**

#### प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे

इनमें बालक वर्ग में 41 से 44 किलोग्राम वजन समूह में शिवांश आईएस स्कूल ने स्वर्ण, जैद खान रेड रोज स्कूल ने सिल्वर तथा ताबिश फादर एग्नेल स्कूल ने कांस्य पदक प्राप्त किया। इसके अलावा 52 से 58 किलोग्राम वजन समूह में सूर्य शर्मा आईईस स्कूल ने स्वर्ण, अभय सिंह विक्रम स्कूल ने सिल्वर, राकेश एमपी नोडल तथा योगेश कल्याणी देवी पब्लिक स्कूल ने कांस्य पदक प्राप्त किया। वहीं 44 से 48 किलोग्राम वजन समूह में अभी शर्मा सेंट मैरी स्कूल ने स्वर्ण, श्लोक शुक्ला बाल भारती स्कूल ने सिल्वर, सानिध्य फादर एग्नेल स्कूल तथा ऋषिकांत कल्याणी पब्लिक स्कूल ने कांस्य पदक प्राप्त किया। वहीं 35 से 38 किलोग्राम वजन समूह वैष्णवी केवीएस ने स्वर्ण,अवनी ने सिल्वर, मनीषा कमला देवी स्कूल तथा उर्वशी ठाकुर कमला देवी ने कांस्य पदक प्राप्त किया। 38 से 41 किलोग्राम वजन समूह आयुषी जाटव कमला देवी ने स्वर्ण, दुर्गा महाराणा प्रताप ने सिल्वर ,खुशबू कल्याणी पब्लिक स्कूल तथा प्रिया रानी फादर आग्नीस स्कूल ने कांस्य पदक प्राप्त किया। 44 से 49 किलोग्राम वजन समूह निशिका सेंट पॉल ने स्वर्ण,आध्या संस्कृति स्कूल ने सिल्वर, भूमिका रोजमेरी तथा नंदिनी बल भारती ने कांस्य पदक प्राप्त किया। 49 से 54 किलोग्राम वजन समूह रितिका आईईएस स्कूल ने स्वर्ण ,अध्याय आईएस सीहोर ने रजत, निशा सूर्यवंशी कल्याणी पब्लिक स्कूल ने कांस्य पदक प्राप्त किया। 54 से 59 किलोग्राम वजन समूह रितिका विनोद सेंट जेवियर स्कूल ने स्वर्ण, जयश्री रोड पब्लिक स्कूल ने सिल्वर, आरना जाटव फादर एग्नेल तथा श्रेष्ठा। बल भारती ने कांस्य पदक प्राप्त किया।




**राष्ट्रीय स्तर पर सिल्वर मेडल प्राप्त कर चुका है नटराजन ग्रुप**

# नटराजन ग्रुप की दस साल की नन्ही खुशी ले रही 40 बच्चों की डांस क्लास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खुदी को कर बुलंद इतना कि हर तकदीर से पहले, खुदा बंदे से खुद पूछे बता तेरी रजा क्या है.... कुछ ऐसे ही बुलंद हौसले की मिसाल है भोपाल की दस वर्षीय नन्ही खुशी गंधर्व, खुशी की आई साइड में प्राब्लम होने के बावजूद वो न केवल नटराजन ग्रुप से जुड़ी है बल्कि श्रीलंका में ग्रुप द्वारा दी जाने वाली प्रस्तुति में मुख्य नृत्यांगना के रूप में परफार्म भी करेंगी।

### यह खिताब जीतने वाला प्रदेश का इकलौता ग्रुप

खुशी ने बताया कि हमारे नटराजन ग्रुप में 10 से 15 वर्षीय दस मेंबर है, जो डांस स्पोर्ट्स एसोसिएशन, भारत द्वारा आयोजित नृत्य प्रतियोगिता के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर सिल्वर मेडल प्राप्त करने वाला प्रदेश का इकलौता ग्रुप है। उन्होंने कहा कि यह खिताब आज तक भोपाल में कभी नहीं जीता था। उन्होंने बताया कि हमने इस प्रतियोगिता को पहले जिला, फिर प्रादेशिक स्तर पर जीतने के बाद राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचे थे।

◆ जुलाई में होने वाली इंटरनेशनल डांस चैंपियनशिप में जगह बनाने वाला प्रदेश का अकेला ग्रुप

◆ श्रीलंका में आयोजित अंतरराष्ट्रीय डांस स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व, खुशी होंगी मुख्य डांसर



### 10 साल की खुशी हैं मुख्य नृत्यांगना

नटराजन संस्था के संचालक जाय वाधवानी ने बताया कि दिसंबर 2023 में नई दिल्ली में हुई नृत्य प्रतियोगिता के राष्ट्रीय राउंड में लीड परफार्मर 10 वर्षीय खुशी गंधर्व रही। वह श्रीलंका में भी मुख्य नृत्यांगना के रूप में परफार्म करेंगी। छह वर्ष की उम्र से नटराजन संस्था में नृत्य सीख रहीं खुशी बड़ी होकर एक सफल कोरियोग्राफर बनना चाहती है। इसी सपने के साथ वह पढ़ाई के साथ-साथ नृत्य को भी अपना पूरा समय देती हैं।

### कथकली में प्रस्तुति देकर जीता सिल्वर मेडल

खुशी ने बताया कि दिसंबर 2023 दिल्ली में आयोजित इस प्रतियोगिता में नटराजन ग्रुप ने भारतीय लोक नृत्य कथकली को प्रस्तुत दी, जिसमें उन्होंने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। अब यह समूह श्रीलंका में जुलाई में आयोजित हो रही अंतरराष्ट्रीय डांस स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा, प्रतियोगिता का विजेता बनने पर हम सभी प्रतिभागियों को स्कालरशिप प्रदान की जाएगी।



### लगभग 40 बच्चों के बैच को खुद संभालती हैं

खुशी ने कहा कि वर्तमान में मैं लगभग 40 बच्चों के बैच को खुद संभालती हूं, जिसमें मैं उन्हें रोजाना डांस प्रैक्टिस कराती हूं। भारत की बेस्ट कोरियोग्राफर बनने की तमन्ना रखने वाली खुशी ने कहा कि मैंने भोपाल सहित देश की विभिन्न प्रतियोगिताओं में विभिन्न पुरस्कार जीते। इसके अलावा मैं मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल से भी सम्मानित हुई हूं। इसके साथ ही नटराजन संस्था की सबसे कम उम्र की कोरियोग्राफर बनना मेरे लिए गौरव की बात है।



### लोगों ने किया कई बार कटाक्ष

जाय ने बताया कि खुशी एक ऐसे समाज से है, जहां नृत्य को महत्व नहीं दिया जाता। लोगों ने उसके नृत्य पर कई बार कटाक्ष किया और उसे हताश किया कि नृत्य में कुछ भी नहीं रखा है, किंतु उसके बाद भी खुशी ने हार नहीं मानी। लोगों की बातों को अनदेखा कर वह निरंतर मेहनत कर रही है और अब उसके परिवार वाले भी उसका पूरा साथ दे रहे हैं। खुशी के अतिरिक्त रश्मि विश्वकर्मा, इच्छा विश्वकर्मा, खुशी सूर्यवंशी, प्रशांत, ओम, पारुल मिश्रा, अनन्या सेन, रूपाली और विकास श्रीलंका जाने वाले दल में शामिल हैं।

# लोगों के प्रति अपने कर्तव्यों और सेवाओं का पालन करना ही सनातन धर्म का सार

## धर्म के सार को समझने बीएसएस में अंतर-धार्मिक संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज की अंतर धार्मिक संवाद समिति ने धर्म के सार को समझने और सांप्रदायिक सद्भाव फैलाने के उद्देश्य से एक अंतर धार्मिक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। सुमीत पोंडा ने इस तथ्य को व्यक्त किया कि हमारे जीवन में विभिन्न लोगों के प्रति अपने कर्तव्यों और सेवाओं का पालन करना ही सनातन धर्म का सच्चा सार है, जबकि हुसैनी ने कहा कि इस्लाम शांति को बढ़ावा देता है और मांग करता है कि हर महिला का सम्मान किया जाना चाहिए। फादर जोंस प्रकाश ने कहा कि ईश्वर एक है और वह प्रेम का प्रतीक है, जबकि जसविंदर सिंह ने अपने भाषण के माध्यम से लोगों के बीच भेदभाव को दूर करने को बढ़ावा दिया। सभी धर्म मानवता के प्रतीक हैं, न कि लोगों के प्रति अन्याय या भेदभाव के। कृतज्ञता व्यक्त करते हुए अतिथियों को सिस्टर सोनिया, वाइस प्रिंसिपल और प्रोफेसर स्मिता पिल्लई, एचओडी-प्रबंधन ने शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट किए।

## चिल्ड्रन थिएटर अकादमी की ग्रीष्मकालीन थिएटर कार्यशाला 5 से

**भोपाल।** चिल्ड्रन थिएटर अकादमी द्वारा ग्रीष्मकालीन थिएटर कार्यशाला का आयोजन 5 मई से 5 जून तक दो सत्रों में किया जा रहा है, जिसमें 5 वर्ष से लेकर 16 वर्ष तक की आयु के प्रतिभागी बाल कलाकार भाग ले सकते हैं। इस कार्यशाला में उन्हें मुखौटा, गीत, अभिरंजन, अभिनय, गायन, वादन, नाटक व गीत प्रस्तुति के बारे में समझाइश देकर तथा घरों में बेकार पड़ी वस्तुओं को लेकर सजावटी सामान बनाने के लिए बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह कार्यशाला सुबह 11 से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। वहीं, व्यस्क प्रतिभागियों के लिए कार्यशाला शाम 6 बजे से रात्रि 8 बजे तक आयोजित होगी, जिसमें उन्हें स्वर अभ्यास, देहगति, कंटम्पेररी नृत्य, गायन, अभिनय का अभ्यास कराया जाएगा।

## 49वीं शलाका जनजातीय चित्र प्रदर्शनी 3 मई से

**भोपाल।** मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय द्वारा प्रदेश के जनजातीय चित्रकारों को चित्र प्रदर्शनी और चित्रों की बिक्री के लिये सार्थक मंच उपलब्ध कराने की दृष्टि से प्रतिमाह लिखन्दरा प्रदर्शनी दीर्घा में किसी एक जनजातीय चित्रकार की प्रदर्शनी सह विक्रय का संयोजन शलाका नाम से किया जाता है। इसी क्रम में 3 मई से भील समुदाय की चित्रकार अनिता अमलियार के चित्रों की प्रदर्शनी सह-विक्रय का संयोजन किया जा रहा है। 49वीं शलाका चित्र प्रदर्शनी 3 मई निरंतर रहेगी। युवा भीली चित्रकार अनिता अमलियार का जन्म मध्यप्रदेश के जनजातीय बहुल झाबुआ जिले के ग्राम-बैडावली में वर्ष 1989 में हुआ।




# ऑफबीट डेस्टिनेशन मढ़ई में खुद को करें तरोताजा

## मढ़ई में योगा एवं वेलनेस रिट्रीट आज से, पचमढ़ी में 16 मई से होगा सेशन

**भोपाल।** समृद्ध विरासत, संस्कृति, विविध वन्यजीवन एवं एतिहासिक धरोहरों के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध मध्यप्रदेश तेजी से वेलनेस एवं स्वास्थ्य पर्यटन के केंद्र के रूप में स्थापित हो रहा है। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा भोपाल से 150 किलोमीटर दूर स्थित ऑफबीट डेस्टिनेशन मढ़ई में योगा एवं वेलनेस रिट्रीट कार्यशाला का आयोजन 2 मई से किया जा रहा है। सतपुड़ा बायोस्फीयर परियोजना का एक अभिन्न अंग मढ़ई देश के सबसे समृद्ध एवं मनमोहक जंगलों में से एक सतपुड़ा के प्रवेश द्वार पर स्थित है। यहां की समृद्ध वन्य जीवन, घास के विशाल मैदान, सुरम्य प्राकृतिक नजारों के बीच बैकवाटर के दृश्य पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। यहां के विविध परिदृश्य, हरे-भरे जंगल, नदियां और मनोरम वादियां मन, शरीर और आत्मा को जीवंत कर देते हैं।

**भक्ति साधना मेडिटेशन, प्राचीन सूर्य क्रिया, बर्ड वॉचिंग गतिविधियां होंगी**



मप्र टूरिज्म बोर्ड की अपर प्रबंध संचालक बिदिशा मुखर्जी ने बताया कि बोर्ड द्वारा साक्षी-द डिवाइन विटनेस संस्था के साथ मढ़ई के सुरम्य प्राकृतिक सौंदर्य के मध्य योग एवं मेडिटेशन रिट्रीट का आयोजन 2 से 5 मई तक किया जा रहा है। इस दौरान भक्ति साधना मेडिटेशन, प्राचीन सूर्य क्रिया, बर्ड वॉचिंग, वाइल्ड लाइफ सफारी, बोटिंग, पोटरी आर्ट, एवं स्टारगेजिंग जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसके साथ ही 16 मई से 19 मई तक पचमढ़ी में भी योगा एवं मेडिटेशन रिट्रीट होगा, जहां झरने के निकट मेडिटेशन, जटाशंकर मंदिर में भक्ति साधना, सनसेट पॉइंट पर चितशक्ति मेडिटेशन एवं जंगल ट्रेकिंग का आनंद ले सकेंगे।

**राजधानी**

# बाइक सवार को कंटेनर ने टक्कर मारी 3 माह के नवजात सहित महिला की मौत

## बाइक से बेटी और नाती को ससुराल छोड़ने बुधनी से नर्मदापुरम जा रहा था ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बुधनी-नर्मदापुरम के बीच नर्मदा पुल पर बुधवार को दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें एक कंटेनर ने मां-बेटे को कुचल दिया। दुर्घटना में 3 माह के नवजात की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और महिला के दोनों पैर में फ्रैक्चर हो गए, जिसे पहले नर्मदापुरम के नर्मदा अस्पताल में ले गए, जहां पर इलाज के बाद उसे भोपाल रेफर किया गया, लेकिन भोपाल में महिला की देर शाम को मौत हो गई। हादसा देख लोगों की रूह कांप गई। नवजात शिशु के शव को बुधनी पुलिस ने पंचनामा बनाकर बुधनी ले गई। जानकारी के अनुसार मृतक महिला का नाम ज्योति मौर्य पत्नी कुनॉल मौर्य (28) निवासी बंगाली कॉलोनी नर्मदापुरम है। महिला के पिता नर्मदा प्रसाद बुधनी में नगर परिषद में फायर ब्रिगेड ड्राइवर हैं।

### नर्मदा ब्रिज पर हादसा, बच्चे की मौके पर मौत, महिला ने अस्पताल में तोड़ा दम

नर्मदा प्रसाद ने बताया कि बुधवार दोपहर के समय अपनी बेटी एवं तीन माह के नाती को बुधनी से उसके ससुराल बंगाली कॉलोनी नर्मदापुरम छोड़ने जा रहे थे। इस बीच नर्मदा ब्रिज पर जैसे ही पहुंचे, ट्रक ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। इसके बाद वह और बाइक एक तरफ गिर गए। बेटी और नाती दोनों सड़क के दूसरी ओर गिरे। इसके चलते ट्रक का पहिया महिला के दोनों पैर पर से निकल गया और नवजात के सिर पर भी चोट लगी। नवजात की उम्र 3 माह की है, जिसकी मौके पर मौत हो गई। ज्योति और कुनाल का 3 साल पहले ही विवाह हुआ था और उनका यह पहला बच्चा तनुष था।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930